झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, मंगलवार, 14 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -28 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com


## सीएम ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की

# शीघ्र झारखंड विश्वविद्यालय सेवा आयोग को कार्यरत करें : हेमंत सोरेन

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को झारखंड मंत्रालय में अधिकारियों की उपस्थिति में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अद्यतन कार्य प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने राज्य में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा को और ज्यादा आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने को लेकर प्रतिबद्धता जतायी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, बजटीय प्रावधानों तथा घोषणाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम के तहत उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु अबतक 2888 पात्र स्टूडेंट्स को ऋण उपलब्ध कराए जाने पर विभाग की सहमति मिली है, जिसमें 243 छात्र-छात्राओं के बीच 64 करोड़ रुपए राशि का ऋण विभिन्न बैंकों द्वारा उपलब्ध कराया गया है। स्टूडेंट्स को उपलब्ध कराए जा रहे एजुकेश लोन के बदले बैंक को पूरी गारंटी राज्य सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित कर गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड स्कीम के तहत अधिक से अधिक पात्र स्टूडेंट्स को ऋण उपलब्ध कराएं ताकि पैसे और संसाधन के अभाव से कोई भी छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल एविएशन विभाग से समन्वय स्थापित कर दुमका फ्लाइंग इंस्टीट्यूट में दाखिला लेने वाले अभ्यर्थियों को भी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर विशेष कार्य योजना बनाएं। बैठक में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार भी मौजूद रहे।



### स्कॉलरशिप योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं तक तेजी से पहुंचाने पर जोर

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा द्वारा संचालित विद्यार्थी कल्याण से जुड़ी 'गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना', मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना, मानकी मुंडा छात्रवृत्ति योजना सहित स्कॉलरशिप स्कीम से जुड़ी सभी योजनाओं का लाभ छात्र-छात्राओं तक तेजी से पहुंचाने पर जोर दिया।

**शीघ्र झारखंड विश्वविद्यालय सेवा आयोग को कार्यरत करें**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले 15 दिनों के अंदर झारखंड विश्वविद्यालय सेवा आयोग को कार्यरत करें। मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक वर्ष 2026-27 से लाइव ऑनलाईन क्लास के माध्यम से राज्य के विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

### तकनीकी शिक्षा क्लस्टर होगी तैयार

बैठक में हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के भीतर चिन्हित जिलों में तकनीकी शिक्षा क्लस्टर तैयार किए जाएं, विभागीय अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई की राज्य के 9 जिले पलामू, गिरिडीह, रामगढ़, गुमला, रांची, जमशेदपुर, बोकारो, गोड्डा एवं साहिबगंज में तकनीकी कलेक्टर बनाए जाने की कार्ययोजना प्रस्तावित है, जल्द इस योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि सभी राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय को झारखंड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी तथा राजकीय प्रौद्योगिकी महाविद्यालयों को बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के रूप में विकसित कर वहां एनआईआईटी एवं आईआईटी के तर्ज पर इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, टेक्सटाइल डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स एंड शिपिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल एवं सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग की पढ़ाई प्रारंभ करें ताकि आने वाले समय में इन कोर्स माध्यम से युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकें।

### आयोग को कार्यरत करें

मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि इस संबंध में विभाग द्वारा तैयारी की गई है और पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रथम चरण में झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय एवं बीबीएमके धनबाद से यह पहल शुरू की जा रही है, इसकी पूर्ण तैयारी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने हायर एजुकेशन एवं रोजगारपरक कोचिंग के लिए 15 दिन के अंदर कोचिंग रेगुलेटरी अथॉरिटी को पूर्ण रूप से कार्यरत करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार, अपर सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंजलि यादव, अपर सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राजकुमार गुप्ता, निदेशक उच्च शिक्षा सुधीर बाड़ा, निदेशक तकनीकी शिक्षा जार्ज कुमार, उप निदेशक उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग डॉ० विभा पांडेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# 17 जुलाई को जींद में होने वाली पीएम मोदी की रैली में भी धमाके की धमकी, निकला बांग्लादेश कनेक्शन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली से सटे गुरुग्राम साइबर सिटी में एक बार फिर सिलसिलेवार तरीके से बम विस्फोट करने की धमकी मिलने से पुलिस महकमे और प्रशासनिक अमले में खलबली मच गई है। सोमवार को एक अज्ञात ई-मेल के जरिए गुरुग्राम के अत्यंत प्रतिष्ठित एमिटी स्कूल, सालवन पब्लिक स्कूल, एयरफोर्स स्कूल और जिला प्रशासनिक केंद्र यानी मिनी सचिवालय को बम से उड़ाने की सीधी धमकी दी गई। इस सूचना के प्राप्त होते ही गुरुग्राम पुलिस प्रशासन तुरंत हरकत में आया और बिना कोई समय गंवाए आपातकालीन सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू कर दिया। संवेदनशील स्थानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत स्थानीय पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की कई टीमों को मौके पर रवाना किया गया।

धमकी भरे ई-मेल की गंभीरता और बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए गुरुग्राम पुलिस ने स्कूलों के प्रबंधनों से संपर्क किया। एहतियात के तौर पर तुरंत सभी संबंधित स्कूल परिसरों और मिनी सचिवालय से बच्चों, शिक्षकों और सरकारी कर्मचारियों को पूरी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। अचानक पैदा हुई इस स्थिति को देखते हुए



स्कूलों में तत्काल छुट्टी की घोषणा कर दी गई और सभी बच्चों को सुरक्षित तरीके से उनके अभिभावकों के सुपुर्द कर घर भेज दिया गया। इसके बाद बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वायड के विशेषज्ञों ने पूरे स्कूल परिसरों और सचिवालय की इमारतों के चप्पे-चप्पे की मेटल डिटेक्टर्स के जरिए गहन चेकिंग और व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया। गुरुग्राम पुलिस की प्रारंभिक तकनीकी और डिजिटल जांच में इस धमकी के पीछे अंतरराष्ट्रीय कड़ियां जुड़ती दिख रही हैं। शुरूआती जांच में सामने आया है कि यह खतरनाक ई-मेल बांग्लादेश के एक आईपी एड्रेस का उपयोग करके भेजा गया है। पुलिस इस बात की भी गहनता से तफ्तीश कर रही है कि क्या इस मेल को भेजने के लिए किसी वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क या प्रॉक्सी सर्वर का इस्तेमाल कर लोकेशन बदली गई है।

# लातेहार से 20 लाख का इनामी नक्सली रविंद्र गंझू गिरफ्तार, पलामू और रांची प्रमंडल में खत्म हुआ नक्सली नेटवर्क

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने राज्य के कुख्यात माओवादी रविंद्र गंझू उर्फ सुरेंद्र गंझू को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. सोमवार को लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड अंतर्गत लाधुप पंचायत के बांडीटोला से हुई इस गिरफ्तारी को पलामू और रांची प्रमंडल में सक्रिय माओवादी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है. रविंद्र गंझू प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन का रीजनल कमांडर था. झारखंड सरकार ने उस पर 15 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था, जबकि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने भी उस पर 5 लाख रुपये का इनाम रखा था.



### अमित शाह की सभा वाले दिन हुआ था बड़ा हमला

रविंद्र गंझू का नाम 22 नवंबर 2019 को लातेहार के चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुइया मोड़ के पास पुलिस दल पर हुए नक्सली हमले में सामने आया था. उसी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चंदवा में जनसभा आयोजित थी. सुरक्षा व्यवस्था के तहत तैनात पुलिसकर्मियों पर माओवादियों ने घात लगाकर हमला कर दिया था. इस हमले में चार पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे. जांच में रविंद्र गंझू को इस हमले का मुख्य आरोपी बनाया गया था.

### हमले की साजिश में निभाई थी अहम भूमिका

पुलिस जांच के अनुसार, इस वारदात में रविंद्र गंझू के साथ सुनील गंझू, फगुना गंझू और बैजनाथ गंझू समेत कई अन्य माओवादी भी शामिल थे. फगुना गंझू झाड़ियों में छिपकर पुलिस की गतिविधियों पर नजर रख रहा था, जबकि सुनील गंझू बाइक से हमलावर दस्ते के दो शूटरों को बीरजांगा जंगल से घटनास्थल तक लेकर आया था. सफल हमले और पुलिस के हथियार लूटने के बाद रविंद्र गंझू ने अपने सहयोगियों को बोदा तालाब के पास पांच-पांच हजार रुपये का इनाम भी बांटा था.

### 55 से अधिक मामलों में दर्ज है नाम

रविंद्र गंझू लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र स्थित हेसला मौजा के बांडीटोला का निवासी है. उसके खिलाफ लातेहार, लोहरदगा, गुमला और आसपास के जिलों में हत्या, नक्सली हिंसा, हथियार लूट, रंगदारी और विस्फोट जैसे 55 से अधिक मामले दर्ज हैं. लंबे समय से वह सुरक्षा एजेंसियों की वांछित सूची में शामिल था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा था.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**रोबिन कुमार**
**अधिवक्ता, झारखंड उच्च न्यायालय।**

**अधिवक्ताओं का मुख्य कार्य जनता को समय रहते उनकी परेशानियों से कोर्ट के माध्यम से न्याय दिलाना है। जिस पर सभी अभी बताओ तो साजन रहते हुए कार्य करने की आवश्यकता है ताकि जनता को समय पर न्याय मिल सके।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **77,616.40**
निफ्टी :- **24,211.00**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **30** °
न्यूनतम तापमान : **23** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:11**
संध्या :- **18:38**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1867 को अल्फ्रेड नोबेल ने पहली बार डायनामाइट का सार्वजनिक प्रदर्शन किया।**

## संक्षिप्त समाचार

### जेल आईजी सुदर्शन मंडल को हार्ट अटैक, रांची के सैमफोर्ड अस्पताल में भर्ती

रांची। झारखंड कैडर के 2006 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में जेल आईजी सुदर्शन मंडल की सोमवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई. सीने में तेज दर्द और बेचैनी की शिकायत के बाद उन्हें तत्काल रांची के कोकर स्थित सैमफोर्ड अस्पताल में भर्ती कराया गया. डॉक्टरों की प्रारंभिक जांच में उन्हें दिल का दौरा (हार्ट अटैक) पड़ने की पुष्टि हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत आईसीयू में शिफ्ट कर इलाज शुरू किया गया. अस्पताल सूत्रों के अनुसार सुदर्शन मंडल की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है. विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है और आवश्यक कार्डिएक उपचार दिया जा रहा है. उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर लगातार मेडिकल मॉनिटरिंग की जा रही है.

### डोरंडा से 159 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ 4 तस्कर गिरफ्तार

रांची। राजधानी रांची में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए डोरंडा थाना क्षेत्र से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है. छापेमारी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से 159.03 ग्राम ब्राउन शुगर (1,444 पुड़िया), 58,100 रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं. पुलिस इस कार्रवाई को शहर में नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता मान रही है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डोरंडा थाना क्षेत्र के धोबी मोहल्ला खटाल इलाके में बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री की जा रही है. सूचना को गंभीरता से लेते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक की निगरानी में वरीय पुलिस उपाधीक्षक (हटिया) नीरज कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम गठित की गई. गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुसई जतरा मैदान और साकेत नगर, हिनू इलाके में एक साथ छापेमारी की. इस दौरान पुलिस ने चार आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया.










# उपायुक्त ने की आईटीडीए योजनाओं की समीक्षा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लंबित कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश**



**लोहरदगाः** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने सोमवार को समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आईटीडीए) अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित विभागों एवं कार्यान्वयन एजेंसियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त ने संविधान की धारा 275(1) के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए पेशरार प्रखंड के पुंदाग-हुसरू पथ में पुंदाग नदी पर निमार्णाधीन उच्च स्तरीय पुल की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने ग्रामीण कार्य विभाग, लोहरदगा के अभियंता को संबंधित संवेदक के विरुद्ध की गई कार्रवाई की जानकारी 15 दिनों के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। पेशरार प्रखंड के कुराग, कुडू प्रखंड के कुडू तथा सेन्हा प्रखंड के अलौदी पंचायत में निमार्णाधीन बहुद्देश्यीय केंद्र (एमपीसी) की धीमी प्रगति को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने पीडी, आईटीडीए को भौतिक जांच हेतु टीम गठित करने का निर्देश दिया। कार्यकारी एजेंसी जिला अभियंता, जिला परिषद द्वारा सदर प्रखंड स्थित मदरसा दिनिया रसिदिया छात्रावास के नवीकरण एवं मरम्मति कार्य को जुलाई माह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला कल्याण पदाधिकारी को इसकी भौतिक जांच करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने विद्यालय जीर्णोद्धार से संबंधित पूर्ण हो चुकी योजनाओं को संबंधित विभागों को हस्तांतरित करने का भी निर्देश दिया। बैठक में एनआरईपी द्वारा क्रियान्वित अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय, पेशरार में मरम्मति एवं नए छात्रावास निर्माण तथा अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्यविद्यालय, तुईमूपाट में नए विद्यालय भवन, शौचालय निर्माण एवं भवन मरम्मति कार्य को आगामी 15 दिनों के भीतर पूर्ण कर लिए जाने की जानकारी कार्यपालक अभियंता द्वारा दी गई।

**ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठित करने एवं बैंक खाता खोलने का निर्देश**

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (PMJVK) अंतर्गत किस्को प्रखंड के अरेया ग्राम में संचालित मल्टी विलेज स्कीम के प्रभावी संचालन के लिए लाभुकों की ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठित करने तथा समिति का बैंक खाता खुलवाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी, लोहरदगा को दिया गया।उपायुक्त ने लाभुकों से नियमित रूप से उपयोग शुल्क संग्रहित करने तथा संग्रहित राशि को समिति के बैंक खाते में ही जमा करने का निर्देश दिया। साथ ही योजना की जांच कर फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (FHTC) का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कराने का भी निर्देश दिया गया।

**पीएमजेवीके योजनाओं में कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश**

उपायुक्त ने विद्यालय प्रबंधन समितियों द्वारा प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (ढटखश्ड) अंतर्गत स्वीकृत सभी योजनाओं में शीघ्र कार्य प्रारंभ कर समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

**अल्पसंख्यक कब्रिस्तान, सरना-मसना स्थल एवं धुमकुड़िया हाउस योजनाओं की समीक्षा**

बैठक में अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी निर्माण योजना, सरना-मसना स्थल घेराबंदी निर्माण योजना एवं धुमकुड़िया हाउस निर्माण योजना की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी योजना अंतर्गत भंडरा प्रखंड के मसमानो, सोरांदा, भीठा, निंगनी, लापुर एवं सुकरहुटु में चल रहे निर्माण कार्यों को जुलाई माह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया।

बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार सहित विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने किया जिला जनसंपर्क कार्यालय का निरीक्षण



रामगढ़। रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज ने आज जिला जनसंपर्क कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण, विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रचार-प्रसार की व्यवस्था, सोशल मीडिया संचालन, प्रेस विज्ञप्तियों के निर्गमन, डिजिटल संचार व्यवस्था तथा जनसंपर्क गतिविधियों का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर अधिकारियों एवं कर्मियों से उनके दायित्वों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कार्यालय में उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी समयबद्ध, तथ्यपरक एवं प्रभावी तरीके से आम जनता तक पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों, मीडिया समन्वय, प्रेस विज्ञप्तियों की गुणवत्ता, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रभावी संचालन, फोटो एवं वीडियो डॉक्यूमेंटेशन, जन-जागरूकता अभियानों तथा विभिन्न विभागों से प्राप्त सूचनाओं के समन्वय की विस्तार से समीक्षा की।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल, सड़क सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, निर्वाचन, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभुक योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने जिला प्रशासन के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को और अधिक सक्रिय एवं जनोन्मुख बनाने, गुणवत्तापूर्ण फोटो एवं वीडियो सामग्री तैयार करने, महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का नियमित दस्तावेजीकरण करने तथा नवाचारों एवं सफलता की कहानियों को प्राथमिकता के साथ प्रचारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालय में समयबद्ध कार्य निष्पादन, अनुशासन, पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने पर विशेष बल देते हुए कहा कि प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मी टीम भावना के साथ कार्य करें तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा विभागीय कार्यों की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। बैठक के अंत में उपायुक्त ने जिला जनसंपर्क कार्यालय की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी, आधुनिक एवं परिणामोन्मुख बनाने पर बल देते हुए कहा कि सूचना का त्वरित एवं विश्वसनीय प्रसार सुशासन की आधारशिला है और इस दिशा में जिला जनसंपर्क कार्यालय की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## लोहरदगा में छात्रों की गूंज अभियान जारी



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

विभिन्न कॉलेजों में छात्रों से जुटाया गया डिजिटल समर्थन

लोहरदगाः छात्रों की आवाज को मजबूत करने के उद्देश्य से लोहरदगा में ह्यछात्रों की गूंजह्न अभियान लगातार चलाया जा रहा है। अभियान के तहत विभिन्न महाविद्यालयों और कॉलेजों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संपर्क किया गया और उनसे डिजिटल समर्थन प्राप्त किया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्रों के मोबाइल फोन से क्यूआर कोड स्कैन कराकर उनका डिजिटल समर्थन दर्ज कराया गया। अभियान में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने कहा कि छात्रों के अधिकारों की रक्षा और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।इस दौरान अभियान से जुड़े कार्यकताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी दोहराई और कहा कि उनकी मांग पूरी होने तक वे छात्रों की आवाज उठाते रहेंगे।

# माई भारत पोर्टल से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने पर जोर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न**



**लोहरदगाः** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित माई भारत लोहरदगा की ओर से सोमवार को जिला युवा अधिकारी अजय कुमार सैनी की अध्यक्षता में जिला **समन्वय समिति** की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा विभाग, जिला खेल विभाग, जिला स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर सहित विभिन्न विभागों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को माई भारत

पोर्टल से जोड़कर उन्हें राष्ट्र निर्माण और युवा सशक्तिकरण से जुड़े अवसरों का लाभ दिलाना था। बैठक में 1 जुलाई से 15 अगस्त 2026 तक चल रहे माई भारत नामांकन अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों ने पूर्ण सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के विद्यालयी छात्र-छात्राओं, विद्यालय उत्तीर्ण युवाओं, महाविद्यालय के विद्यार्थियों और स्नातक युवाओं का व्यापक स्तर पर पंजीकरण कराने का संकल्प लिया गया।

**बैठक में बताया गया कि**

माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने वाले युवाओं को इंटर्नशिप कार्यक्रम, Viksit Bhqarat Young Leaders Dialogue (VBYLD), MY Bharat Viksit Vibrant Village Programme (VVVP), नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत अभियान, जिला एवं प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न स्वयंसेवी और युवा विकास कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। जिला युवा अधिकारी अजय कुमार सैनी ने कहा कि ट Bharat युवाओं को अपनी प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व प्रदर्शित करने का सशक्त मंच उपलब्ध कराता है। उन्होंने सभी विभागों से अपने-अपने संस्थानों में पात्र युवाओं का अधिकाधिक पंजीकरण सुनिश्चित कराने की अपील की।माई भारत, लोहरदगा ने जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के सभी युवाओं सेhttps://mybharat.gov.in/yuva_register पर जाकर निःशुल्क पंजीकरण कराने और भारत सरकार की विभिन्न युवा योजनाओं एवं स्वयंसेवी अवसरों का लाभ उठाने की अपील की है।

## किस्को में चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता की तैयारियां तेज 5 अगस्त को होगा भव्य आयोजन



**लोहरदगाः** जिले के किस्को प्रखंड स्थित मदरसा मिस्बाह उल ओलूम में रविवार को सेंट्रल मोहर्रम कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक कमेटी के अध्यक्ष रौनक इकबाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 5 अगस्त को होंदगाझकिस्को मुख्य पथ स्थित परसा टांड़ मेला मैदान में आयोजित होने वाले चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कमेटी को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। इसी क्रम में मुमताज अली हैदर उर्फ फैजी, एकरामुल अंसारी, युनूस अंसारी, जफर इमाम, हातिम अंसारी, मोहिबुल्लाह अंसारी, अतहर अंसारी, नेजाम अंसारी, उल्फत अंसारी एवं खुर्शीद अंसारी को संरक्षक मंडली में शामिल किया गया। बैठक में बताया गया कि चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता में कुज्जी, हेसल, सेमरडीह, किस्को, नवाडीह, होंदगा, आनंदपुर, जोरी, हिरदे टोली, नारी, बाला टोली, कुरसे, गरियाटोली, कुजरा, छत्तर टोली, कोचा, खरकी, हुटाप, कसियाडीह, अम्बा टोली, तिसिया और नवाटोली सहित 20 से अधिक गांवों के अखाड़े भाग लेंगे। सभी अखाड़ों को विधिवत दावतनामा भेजने पर भी चर्चा हुई। साथ ही मेला में आने वाले प्रतिभागियों एवं दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। वहीं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए होंदगा की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग होंदगा नदी टोली मस्जिद के समीप स्थित मैदान तथा किस्को की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग मिडिल स्कूल मैदान में करने का निर्णय लिया गया। इस बीच बैठक में सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के उद्देश्य से मेला के दिन बड़े डीजे के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। यहां पर कमेटी ने आगामी 19 जुलाई को मदरसा मिस्बाह उल ओलूम में अगली बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया, जिसमें सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील की गई। मौके पर सेंट्रल मोहर्रम कमेटी किस्को के अध्यक्ष रौनक इकबाल व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि आगामी 5 अगस्त को आयोजित होने वाले चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। मेला के दिन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बड़ी संख्या में वोलेंटियर्स की तैनाती भी रहेगी। बैठक में सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# पतरातू में पहली बार शुरू होने जा रही है अत्याधुनिक एआई और IoT की मास्टर क्लास, युवाओं को नहीं जाना होगा रांची : पार्थ सारथी गुहा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पतरातूः** स्थानीय युवाओं को रोजगारपरक और आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिए ' पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, पी टी पी एस' ने एक बड़ी पहल की है। संस्थान ने रांची टेक्नो पार्क समर्थित अग्रणी तकनीकी संस्था 'Compalgo Labs' के साथ एक विशेष समझौता (MoU) किया है। इसके तहत पतरातू परिसर में ही क्षेत्र के छात्रों और कामकाजी पेशेवर लोगों के लिए 'AI & IoT (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स)' पर एक विशेष मास्टर क्लास शुरू की जा रही है।इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पूरी तरह से पर्यावरण-अनुकूल और आत्मनिर्भर होगी। यह तकनीकी हब संस्थान के 1.5 किलोवाट के सेंट्रलाइज्ड सोलर प्लांट से संचालित होगा, जिससे बिजली कटौती के दौरान भी छात्रों की पढ़ाई बाधित नहीं होगी। 6 महीने के इस व्यावहारिक कोर्स में छात्रों को मुख्य रूप से पायथन प्रोग्रामिंग, चैटजीपीटी, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग और स्मार्ट होम व इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन जैसे आधुनिक विषयों पर लाइव प्रोजेक्ट्स के माध्यम से ट्रेनिंग दी जाएगी।

संस्थान प्रबंधन के अनुसार, इस कोर्स को 'BYOD' (ब्रिंग योर ओन डिवाइस) यानी 'अपना लैपटॉप लाएं' मॉडल पर तैयार किया गया है, जिससे इसकी फीस बेहद किफायती रखी गई है। कोर्स पूरा होने पर छात्रों को रांची टेक्नो पार्क और कॉम्पएल्गो लैब्स द्वारा मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट के साथ-साथ जॉब प्लेसमेंट सपोर्ट भी दिया जाएगा। क्षेत्र के युवाओं को अब इन कॉर्पोरेट स्किल्स को सीखने के लिए रांची या अन्य बड़े शहरों में जाकर हजारों रुपए खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी। नया बैच जल्द ही शुरू होने जा रहा है, जिसमें सीटें सीमित हैं। इसकी जानकारी पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के सेक्रेटरी पार्थ सारथी गुहा ने दी। कार्यक्रम में पतरातू स्कूल इकोनॉमिक्स की प्राचार्या बैसाखी गुहा एवं सेक्रेटरी पी एस गुहा, रांची टेक्नो पार्क से साबिर अंसारी , एस रहमान, अनूप कुमार ,कटिया पंचायत के मुखिया किशोर महतो गणेश ठाकुर,समाजसेवी बापी मुखर्जी एवं स्कूल के समस्त शिक्षक गण सहित बच्चे उपस्थित रहे।

## इनर व्हील क्लब के द्वारा उमीद विद्यालय में वनस्पति उद्यान का निर्माण किया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़** ।प्रकृति संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज विद्यालय परिसर में बॉटनिकल गार्डन के निर्माण का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के औषधीय, फलदार, छायादार एवं सजावटी पौधों की जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाना है। इस अवसर पर क्लब सदस्यों,विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अन्य गणमान्य लोगों ने पौधारोपण कर बॉटनिकल गार्डन के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाई। गार्डन में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए, जैसे कि गिलोय,तुलसी, लेमन ग्रास,नीम, अजवाइन, एलो वेरा,जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण तथा पौधों के महत्व की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त होगी।क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन ने कहा कि बॉटनिकल गार्डन विद्यार्थियों के लिए एक जीवंत शिक्षण प्रयोगशाला के रूप में कार्य करेगा, जहाँ वे पौधों की पहचान, उनके औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में सीख सकेंगे।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बॉटनिकल गार्डन की नियमित देखभाल करने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।मौके पर क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन,सचिव नवलजीत कौर,प्रियंका जैन,ममता अग्रवाल, जसमीत सोनी,रंजू अरोड़ा आदि सदस्या मौजूद थी ।

# कृष्ण-सुदामा प्रसंग के साथ संपन्न हुआ श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ

**श्री सत्यनारायण पूजा, महापूणार्हुति एवं भंडारे का हुआ आयोजन**

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रामगढ़/गोला।** चित्तरंजन सेवा सदन परिसर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का सोमवार को कृष्ण-सुदामा प्रसंग के साथ भावपूर्ण समापन हो गया। कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण और उनके परम मित्र सुदामा के मिलन प्रसंग का ऐसा मार्मिक वर्णन हुआ कि श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा स्थल पर प्रस्तुत सजीव झांकियों, संगीतमय भजनों और ओजस्वी प्रवचनों ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। पूरा मंदिर परिसर राधे-राधे और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गुंजायमान रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। यजमान के रूप में कुंवर कुमार बक्सी एवं उनकी धर्मपत्नी मधु बक्सी ने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। चित्तरंजन सेवा सदन की संचालिका वंदना अम्बष्ट भी पूजा-अर्चना में शामिल हुईं। पुरोहित कृष्ण वल्लभ पाठक, उपेंद्र इंद्र गुरु, भास्कर उपाध्याय एवं अमरेंद्र गुरु ने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार सभी धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए।संध्या सत्र में वृंदावन धाम से पधारे प्रसिद्ध कथावाचक आचार्य अजय कृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची मित्रता में धन-दौलत का नहीं, बल्कि प्रेम, समर्पण और निष्काम भाव का महत्व होता है। उन्होंने कहा कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम के वशीभूत होते हैं और निष्कपट भक्ति करने वालों पर सदैव अपनी कृपा बरसाते हैं। वृंदावन से आई भजन मंडली के धनंजय दास, मोहित कुमार एवं आकाश जी ने कृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत मधुर भजनों की मनोहारी प्रस्तुति दी। भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरा कथा पंडाल कृष्णमय हो गया। इस अवसर पर आकाश सिंह, रेखा चौधरी, गोपी प्रसाद, सनत सिन्हा, बिपिन बिहारी प्रसाद, प्रदीप चंद्र लाला, संजय बक्सी, मनोज मिश्र, जनार्दन पाठक, सुशील बुधिया, अनंत दास, सुजीत सिन्हा, विकास मणि पाठक, विशाल पाठक, सतीश पाठक, मनोज पोद्दार, रमेश प्रसाद, रेखा सिन्हा, अंजला मिश्रा, बेबी अग्रवाल, रेनू देवी, रेनू ओझा, अक्षय अग्रवाल, अभिमन्यु अग्रवाल, सरयू महतो, मनीष कुमार, सदानंद प्रमाणिक, टोपन महतो, रजनीश आनंद, सुचाँद, राजनाथ महतो, नवीन कुमार, महेंद्र अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

**आज महापूणार्हुति और भंडारा**

चित्तरंजन सेवा सदन की संचालिका वंदना अम्बष्ट ने बताया कि स्वर्गीय डॉ. अजित कुमार की प्रेरणा एवं संकल्प के अनुरूप सात दिवसीय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि मंगलवार, 14 जुलाई को श्री सत्यनारायण भगवान की पूजा, महाहवन, महापूणार्हुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर की स्थापना के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित यह वार्षिकोत्सव सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने का प्रेरणादायी आयोजन रहा। कार्यक्रम की सफलता में कुंवर कुमार बक्सी, मधु बक्सी, अरुण कुमार बक्सी, सुजाता बक्सी सहित चित्तरंजन सेवा सदन के सभी सदस्यों ने पूरे समर्पण और सेवा भाव के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## प्रांत स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में पांच विद्यार्थी सम्मानित



**लोहरदगाः**विद्या विकास समिति, झारखंड प्रांत द्वारा दिनांक 12 जुलाई 2026 को आदित्य प्रकाश जालान बी.एड. कॉलेज, कुदलूम , रांची में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्या विकास समिति के अंतर्गत संचालित विद्यालयों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी भैया-बहनों को सम्मानित किया गया।इस समारोह में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा के पाँच मेधावी विद्यार्थियों को भी उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।झारखंड प्रांत स्तर पर कक्षा 12वीं कला संकाय में अमित उराँव, नुसरत जहाँ एवं अनुराधा कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं विज्ञान संकाय में कुमारी अंतरा ने प्रांत में द्वितीय तथा हेमा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।समारोह में सभी मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावक को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्राचार्य, आचार्य एवं दीदीजी ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ की है।

# रांची में सामान्य से 11% कम बारिश का असर, डैम का जलस्तर बढ़ा, फिर भी पिछले साल से 10 फीट कम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी रांची में मॉनसून की धीमी रफ्तार के बीच पिछले दिनों हुई बारिश से शहर की प्यास बुझाने वाले तीनों प्रमुख डैमों (रूक्का, हटिया और गोंदा) का जलस्तर बढ़ा है. रूक्का और गोंदा डैम का जलस्तर दो-दो फीट, जबकि हटिया डैम का जलस्तर एक फीट बढ़ा है. हालांकि, यह बढ़ोतरी शहर की जलापूर्ति के लिहाज से राहतभरी जरूर है, लेकिन स्थिति अब भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं है. एक जून से 12 जुलाई तक रांची में सामान्य से 11 प्रतिशत कम बारिश होने का असर डैमों में साफ दिखायी दे रहा है. तीनों जलाशयों का जलस्तर पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में इस बार पांच से 10 फीट तक कम है.

### रूक्का डैम में जलापूर्ति योग्य सात फीट आठ इंच पानी

शहर की 80 फीसदी आबादी की प्यास बुझाने वाले रूक्का (गेतलसूद) डैम में फिलहाल 21 फीट आठ इंच पानी है. पिछले साल 12 जुलाई को यहां 32 फीट चार इंच पानी था. यानी इस बार पिछले साल की तुलना में डैम में लगभग 10 फीट कम पानी है. 36 फीट भंडारण क्षमता वाले इस डैम में क्षमता से लगभग 14 फीट कम पानी है. वर्तमान में जलापूर्ति योग्य सिर्फ सात फीट आठ इंच पानी ही शेष बचा है.

### गोंदा डैम में क्षमता से आठ फीट कम है पानी

गोंदा (कांके) डैम का वर्तमान जलस्तर 20 फीट एक इंच है. 12 जुलाई 2025 को इस डैम में 26 फीट छह इंच पानी था. यानी इस बार जलस्तर करीब आठ फीट कम है. 28 फीट भंडारण क्षमता वाले इस डैम में भी क्षमता से लगभग आठ फीट कम पानी है. लगातार बारिश से जलस्तर में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन लेकिन स्थिति अभी सामान्य नहीं हुई है. राजधानी रांची में इस वर्ष एक जून से अब तक सिर्फ 251.07 मिमी बारिश हुई है. जबकि, पिछले साल इस अवधि में 550 मिमी बारिश हुई थी. राजधानी में अब तक औसत से 11 प्रतिशत कम बारिश हुई है. राजधानी में इस अवधि में औसतन 284 मिमी बारिश होनी चाहिए थी.

### गाद से रूक्का और कांके डैम की भंडारण क्षमता घटी

रूक्का व कांके डैम की भंडारण क्षमता गाद की वजह से घट गयी है. गोंदा डैम की भंडारण क्षमता 36 फीट है. इसमें 14 फीट गाद भर गया है. ऐसे में इससे कम जल स्तर होने पर पानी की सप्लाई नहीं हो सकती है. कांके डैम की भंडारण क्षमता 28 फीट है, पर इसमें भी सात फीट गाद भरा है. सात फीट से कम पानी होने पर जलापूर्ति नहीं हो सकती है.

### हटिया डैम का जलस्तर पिछले साल से साढ़े पांच फीट कम

हटिया डैम में वर्तमान में 27 फीट सात इच पानी है. पिछले साल 12 जुलाई को यहां 32 फीट 11.5 इंच पानी दर्ज किया गया था. इस बार डैम में करीब साढ़े पांच फीट कम पानी है. 39 फीट भंडारपण क्षमता वाले इस जलाशय में फिलहाल क्षमता से 11 फीट पांच इंच कम पानी मौजूद है.

### जलापूर्ति से हर रोज एक इंच कम होता है पानी

शहर में जलापूर्ति होने से प्रतिदिन राजधानी के तीनों डैम का जलस्तर औसतन एक इंच कम होता है. रूक्का, हटिया व कांके डैम से शहर की लगभग पांच लाख आबादी को जलापूर्ति की जाती है. राजधानी में पिछले दिनों हुई बारिश से डैमों का जलस्तर बढ़ा है. शहर में जलापूर्ति से हर रोज डैग का जलस्तर एक इंच कम होता है. फिलहाल रूक्का डैम में सात फीट आठ इंच सप्लाई योग्य पानी है. अगर मॉनसून में अच्छी बारिश हुई, तो फिलहाल पेयजल संकट की समस्या उत्पन्न नहीं होगी.

# बीआईटी मेसरा का 72वां स्थापना दिवस 15 जुलाई को, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान (बीआईटी) मेसरा 15 जुलाई को अपना 72 वां स्थापना दिवस मनाएगा. इस अवसर पर संस्थान में शोध, नवाचार, वैश्विक पूर्व छात्र नेटवर्क और नई अधोसंरचना परियोजनाओं को केंद्र में रखते हुए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि होंगे. वहीं टेगा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं बीआईटी मेसरा के 1964 बैच के पूर्व छात्र मदन मोहन मोहंका तथा आईआईटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रो. श्रीपद करमलकर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. स्थापना दिवस पर 1986, 1996 और 2001 बैच के पूर्व छात्र विशेष बैच रीयूनियन में भाग लेंगे. देश-विदेश से आने वाले पूर्व छात्रों के बीच चयनित 11 प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को 'डिस्टिंग्विश्ड एलुमनी अवार्ड' तथा 3 पूर्व शिक्षकों को 'डिस्टिंग्विश्ड टीचर अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान रिसर्च कॉलोक्वियम का ग्रैंड फिनाले आयोजित होगा. इसमें बायोटेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, रिमोट सेंसिंग, रॉकेट्री और मैटेरियल साइंस सहित विभिन्न क्षेत्रों के करीब 300 शोधार्थी अपने शोध और पोस्टर प्रस्तुत करेंगे. उत्कृष्ट प्रस्तुतियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा.

प्रेस वार्ता में बताया गया कि वर्ष 2025-26 बीआईटी मेसरा के लिए वैश्विक एलुमनी सहभागिता का महत्वपूर्ण वर्ष रहा. इस दौरान परिसर में तीन बडेए एलुमनी रीयूनियन आयोजित किए गए, जिनमें लगभग 250 पूर्व छात्र शामिल हुए. संस्थान के कुलपति और डीन (एआईआर) ने अमेरिका में आयोजित ग्लोबल एलुमनी मीट में भाग लिया तथा एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी, कानेर्गी मेलॉन यूनिवर्सिटी और जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के साथ शैक्षणिक सहयोग को आगे बढ़ाया. इसी क्रम में एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू भी हस्ताक्षरित किया गया. इसके अलावा आईआईटी खड़गपुर के साथ संयुक्त शोध, पीएचडी मार्गदर्शन, संयुक्त एमटेक कार्यक्रम और फैकल्टी एक्सचेंज को लेकर भी महत्वपूर्ण समझौता किया गया है. साथ ही कुलपति एवं डीन (एआईआर) को BITMAA-NA के बोर्ड में एक्स-ऑफिशियो सदस्य के रूप में शामिल किया गया है.

# हाथ में आरती की थाली और थम गई सांसें... रांची में पुजारी का दिल का दौरा पड़ने से निधन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रांची से इन दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में देखा जा सकता है कि एक पुजारी पूजा-आरती करते समय हार्ट अटैक की वजह से अचानक जमीन पर गिर पड़े. जानकारी के मुताबिक यह घटना राजधानी के रातू रोड स्थित इंद्रपुरी (रोड नंबर 9) की है. यहां रविवार को संध्या आरती के दौरान मंदिर के मुख्य पुजारी को अचानक दिल का दौरा पड़ गया. भक्तों और श्रद्धालुओं के सामने पूजा-अर्चना करते समय वे अचानक जमीन पर गिर पड़े और अस्पताल ले जाने से पहले ही उनका निधन हो गया.

### आरती करते-करते अचानक बिगड़ी तबीयत

मृतक की पहचान आचार्य रजनी कांत मिश्रा के रूप में हुई है. रोज की तरह मंदिर में पूरी श्रद्धा के साथ संध्या आरती कर रहे थे. प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, आचार्य उस वक्त संध्या आरती संपन्न करा रहा थे. पूरा मंदिर परिसर भक्तों के जयकारों से गूंज रहा था. इसी बीच अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी और वे अचेत होकर सीधे पूजा स्थल पर ही गिर पड़े. अचानक हुई इस घटना से मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच अफरा-तफरी मच गई.

### अस्पताल पहुंचने से पहले थम गई सांसें

घटना के बाद वहां मौजूद वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश सिंह और स्थानीय नागरिकों ने बिना वक्त गंवाए तुरंत आचार्य रजनी कांत मिश्रा को तुरंत अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया. लोग उन्हें लेकर आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया. डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी सांसें थम चुकी थीं. इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे इंद्रपुरी और रातू रोड इलाके के श्रद्धालुओं में शोक की लहर दौड़ गई है. आचार्य रजनी कांत मिश्रा स्थानीय लोगों के बीच बेहद आदरणीय थे. घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और श्रद्धालु मंदिर परिसर और उनके आवास पर जुटने लगे. हर कोई इस बात से हैरान है कि जो पुजारी कुछ मिनट पहले तक भगवान की आराधना में लीन थे, वे अचानक सबको छोड़कर चले गए.

# 17 जुलाई तक व्यवस्था नहीं सुधरी तो 18 को बुंडू नगर पंचायत का घेराव करेगा आजसू : राजकिशोर कुशवाहा



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बुंडू.** नगर पंचायत क्षेत्र की बदहाल बुनियादी सुविधाओं को लेकर आजसू पार्टी ने आंदोलन की चेतावनी दी है. सोमवार को जिला वरीय उपाध्यक्ष राजकिशोर कुशवाहा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी तथा नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में वार्ड संख्या 2, 8, 9, 11 एवं 12 में पिछले 15 दिनों से बंद जलापूर्ति, नियमित कचरा उठाव नहीं होने तथा खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की समस्या का शीघ्र समाधान करने की मांग की गयी. चेतावनी दी गयी कि यदि 17 जुलाई तक समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हुआ, तो 18 जुलाई को सुबह 11 बजे से नगर पंचायत कार्यालय का शांतिपूर्ण घेराव किया जायेगा. राजकिशोर कुशवाहा ने कहा कि पानी की आपूर्ति ठप रहने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. नगर पंचायत के पास टैंकर उपलब्ध होने के बावजूद प्रभावित मोहल्लों में वैकल्पिक जलापूर्ति नहीं की जा रही है. नियमित कचरा उठाव नहीं होने से गंदगी फैल रही है और बीमारी फैलने की आशंका बढ़ गयी है. वहीं खराब स्ट्रीट लाइटों के कारण रात में अंधेरा रहने से लोगों की सुरक्षा भी प्रभावित हो रही है. प्रतिनिधिमंडल में भयभंजन महतो, कालीपद महतो, ननदे महतो, मो. सेराज, सुनील कुम्हार, नीतीश कुशवाहा, संजय महतो, सोमोल महतो, कुश महतो एवं रमन सिंह शामिल थे.

# नगड़ी में दिनदहाड़े ज्वेलर्स से लाखों के आभूषण की चोरी, अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा घटनास्थल

## थाना प्रभारी से मिलकर अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** राजधानी रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित नारो बाजार टांड़ में रविवार सुबह दिनदहाड़े एक ज्वेलर्स को निशाना बनाते हुए अज्ञात अपराधी लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र के स्वर्ण व्यवसायियों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार, राधे कृष्णा ज्वेलर्स के संचालक अमित कुमार सोनी प्रतिदिन की तरह सुबह लगभग 10 बजे अपनी दुकान खोलने पहुंचे थे। वे अपनी बाइक की डिक्की में दुकान के लिए सोने-चांदी के आभूषण लेकर आए थे। जैसे ही उन्होंने दुकान के बाहर बाइक खड़ी कर ताला खोलना शुरू किया, उसी दौरान पल्सर बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधी पहुंचे और कुछ ही सेकंड में बाइक की डिक्की तोड़कर आभूषणों से भरा बैग लेकर पिस्का रेलवे फाटक की ओर फरार हो गए। पूरी वारदात इतनी तेजी से हुई कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले अपराधी मौके से निकल चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही नगड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए अपराधियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलते ही अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन (रजि.) झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सोनी के नेतृत्व में संगठन का प्रतिनिधिमंडल घटनास्थल पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित व्यवसायी से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली तथा इसके बाद नगड़ी थाना पहुंचकर थाना प्रभारी से मुलाकात की। इस दौरान अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी, चोरी गए आभूषणों की बरामदगी तथा स्वर्ण व्यवसायियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सोनी ने कहा कि राज्य में स्वर्ण व्यवसायियों के विरुद्ध लगातार हो रही चोरी, लूट एवं डकैती की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।

# बुंडू प्रखंड की मुखिया अंजना देवी बनीं 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान की मास्टर ट्रेनर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**बुंडू।** पंचायती राज निदेशालय द्वारा आयोजित सबकी योजना सबका विकास अभियान के अंतर्गत जिला-सह-प्रखंड संसाधन दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार से केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान सीटीआई हेहल, रांची में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जुलाई से 15 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में राज्य के विभिन्न जिलों एवं प्रखंडों से चयनित प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। बुंडू प्रखंड की मुखिया सह मास्टर ट्रेनर अंजना देवी भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुईं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, जन-जागरूकता, लाभुकों तक योजनाओं की पहुंच तथा अभियान के सफल संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा आम लोगों तक सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाना है।

# रांची में नाइट मार्केट की राह अब भी अधूरी, तैयारी पूरी लेकिन शुरूआत का इंतजार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** देश के बड़े शहरों की तरह रांची को भी आधुनिक शहरी पहचान देने की सोच के साथ प्रस्तावित नाइट मार्केट फिलहाल फाइलों में ही अटका हुआ है. नगर निगम ने वर्ष 2025 में इस योजना को अंतिम रूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए थे. लेकिन अब तक इसका संचालन शुरू नहीं हो सका है. ऐसे में सवाल यह है कि क्या राजधानी में देर रात तक संचालित होने वाला संगठित नाइट मार्केट कभी हकीकत बन पाएगा या यह सिर्फ एक महत्वाकांक्षी योजना बनकर रह जाएगा. नगर निगम की योजना के अनुसार जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम के बाहरी क्षेत्र को नाइट मार्केट के लिए विकसित किया जाना था. इसके लिए निर्धारित स्थान पर विशेष प्लेटफॉर्म तैयार किए गए, ताकि दुकानें एक सीमित दायरे में लगे, जिससे यातायात और अव्यवस्था की समस्या पैदा न हो. उद्देश्य यह था कि लोग शाम से लेकर देर रात तक सुरक्षित माहौल में खरीदारी कर सकें और परिवार के साथ समय बिता सकें.

### मार्केट में बनी थी 1 करोड़ खर्च करने की योजना

इस परियोजना पर करीब एक करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई गई थी. इसके तहत बेहतर लाइटिंग, बिजली और पेयजल की व्यवस्था, बैठने की सुविधा, बैरिकेडिंग, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी ढांचे को विकसित किया गया. बाजार को व्यवस्थित रूप देने के लिए पूरे क्षेत्र की घेराबंदी भी प्रस्तावित की गई, ताकि संचालन नियंत्रित तरीके से हो सके.

### नाइट मार्केट से मिलेगा स्वरोजगार

नाइट मार्केट का सबसे बड़ा आकर्षण फूड जोन होना था. जहां स्ट्रीट फूड, फास्ट फूड के साथ झारखंड के पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल लगाने की योजना बनाई गई थी. इसके अलावा स्थानीय हस्तशिल्प, घरेलू उत्पाद और छोटे उद्यमियों के लिए भी अलग स्थान निर्धारित करने का प्रस्ताव था. इससे स्थानीय वेंडर्स और स्वरोजगार से जुड़े लोगों को नए अवसर मिलने की उम्मीद जताई गई थी. सुरक्षा और स्वच्छता को भी इस योजना का अहम हिस्सा बनाया गया था. पूरे परिसर में पर्याप्त रोशनी, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती का प्रस्ताव तैयार किया गया. वहीं खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों के लिए स्वच्छता और गुणवत्ता संबंधी नियमों का पालन अनिवार्य करने की योजना थी. नगर निगम नियमित निगरानी और सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की तैयारी में था.

### विभागीय निर्देश का इंतजार: नगर आयुक्त

नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने कहा नाइट मार्केट का उद्देश्य रांचीवासियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और पारिवारिक माहौल उपलब्ध कराना है. जहां लोग शाम के समय मनोरंजन और खरीदारी का आनंद ले सकें. उनका मानना है कि इससे स्थानीय कारोबार को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे. उन्होंने कहा कि प्रस्ताव तैयार है, विभाग की ओर से दिशा निर्देश मिलते ही यह धरातल पर दिखने लगेगा.

# मोमेंटम झारखंड की सच्चाई छिपाने के लिए भाजपा हर निवेश में राजनीति कर रही- कांग्रेस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड में निवेश को लेकर भाजपा के आरोपों पर कांग्रेस ने पलटवार किया है. प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा को वर्तमान सरकार पर सवाल उठाने से पहले अपने शासनकाल के मोमेंटम झारखंड के दौरान किए गए निवेश के दावों का हिसाब देना चाहिए. राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल में लाखों करोड़ रुपये के निवेश का दावा किया था, लेकिन उसका बड़ा हिस्सा जमीन पर नहीं उतर सका. उन्होंने आरोप लगाया कि अब वही भाजपा निवेश और उद्योग के मुद्दे पर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य में निवेश और उद्योग का माहौल बना है. इसी वजह से भाजपा हर निवेश और विकास परियोजना पर सवाल खड़े कर रही है. राकेश सिन्हा ने कहा कि किसी भी निवेश परियोजना की अपनी प्रक्रिया होती है. पहले एमओयू होता है, फिर परियोजना की मंजूरी, जमीन आवंटन, जरूरी अनुमति और उसके बाद उत्पादन शुरू होता है. ऐसे में निवेश की प्रगति की जानकारी देना सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है, इसे री-पैकेजिंग कहना गलत है. उन्होंने भाजपा के न्यूक्लियर पावर परियोजना पर उठाए गए सवालों का भी जवाब दिया. उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है और यदि इस परियोजना के लिए केंद्र की मंजूरी जरूरी है, तो भाजपा को यह स्पष्ट करना चाहिए कि वह झारखंड के विकास में सहयोग करेगी या राजनीति करेगी. राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा को झारखंड में विकास नहीं, बल्कि अपना राजनीतिक भविष्य दिखाई दे रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के शासनकाल में न उद्योग बढ़े, न रोजगार के अवसर मिले और बड़ी संख्या में युवाओं को दूसरे राज्यों में काम की तलाश में जाना पड़ा.

# तीन महीने में 1272 करोड़ की शराब गटक गए झारखंड के लोग, टारगेट से 103 करोड़ की अधिक कमाई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में गटागट शराब गटकने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. इसी का नतीजा है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल से जून) में उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग ने 1272 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल किया है. विभाग ने इस अवधि के लिए 1169 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया था, लेकिन वास्तविक वसूली लक्ष्य से 103 करोड़ रुपये अधिक रही. पहली तिमाही के आंकड़े यह संकेत दे रहे हैं कि यदि यही रफ्तार बनी रही तो विभाग इस वर्ष 4600 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य को भी पार कर सकता है.

### पहली तिमाही में शानदार प्रदर्शन

उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग के अनुसार, अप्रैल, मई और जून तीनों महीनों में राजस्व संग्रह लगभग समान स्तर पर रहा. अप्रैल में 424.38 करोड़ रुपये, मई में लगभग 425 करोड़ रुपये और जून में करीब 423 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ. लगातार तीन महीनों तक 400 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली विभाग की स्थिर आय का संकेत मानी जा रही है. सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कुल 4600 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा है. यह लक्ष्य पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में लगभग 600 करोड़ रुपये अधिक है. विभागीय अधिकारियों का मानना है कि पहली तिमाही का प्रदर्शन आगे भी जारी रहा तो वार्षिक लक्ष्य हासिल करना मुश्किल नहीं होगा.

### पिछले वर्ष भी बना था रिकॉर्ड

वित्तीय वर्ष 2025-26 में झारखंड सरकार को शराब से करीब 4010 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था. उस समय विभाग ने 3885 करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा था, जिसे आसानी से पार कर लिया गया था. इससे पहले वर्ष 2024-25 में शराब से लगभग 2710 करोड़ रुपये का राजस्व मिला था. महज एक वर्ष में 2700 करोड़ रुपये से बढ़कर 4000 करोड़ रुपये के पार पहुंचना राज्य के उत्पाद विभाग के लिए अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धियों में शामिल माना जा रहा है. इसी प्रदर्शन को देखते हुए सरकार ने इस वर्ष और बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है.

### दो दशक में कई गुना बढ़ी आय

राज्य गठन के बाद वर्ष 2001-02 में शराब से सरकार को केवल 101.98 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था. शुरूआती पांच वर्षों में यह आंकड़ा बढ़कर करीब 157 करोड़ रुपये तक पहुंचा. इसके बाद अगले आठ वर्षों में पहली बार 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार हुआ. राजस्व वृद्धि का सिलसिला लगातार जारी रहा और वर्ष 2018-19 में पहली बार शराब से मिलने वाला राजस्व 1000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया. इसके अगले ही वर्ष 2019-20 में यह आंकड़ा 2000 करोड़ रुपये से अधिक हो गया. वर्ष 2025-26 में पहली बार शराब से प्राप्त राजस्व 4000 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचा, जो राज्य के उत्पाद राजस्व इतिहास का नया रिकॉर्ड है.

### मंत्री ने जताया लक्ष्य पार करने का भरोसा

उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि पिछले वित्तीय वर्ष में शराब से मिलने वाला राजस्व लगभग 2700 करोड़ रुपये से बढ़कर 4000 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचा था, जो एक ही वित्तीय वर्ष में सबसे बड़ी बढ़ोतरी का रिकॉर्ड है.

# डीसी ने रातू सीओ को किया शोकॉज, अनगड़ा सीओ पर कार्रवाई के निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** समाहरणालय में सोमवार को जनता दरबार में डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने लोगों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों में कार्रवाई के निर्देश दिए. राजस्व मामलों में लापरवाही पर उन्होंने रातू अंचल अधिकारी रवि कुमार को चार मामलों में शोकॉज नोटिस जारी किए गए. एक मामले में प्रपत्र-'क' गठित करने का निर्देश दिए. वहीं अनगड़ा अंचल अधिकारी के खिलाफ भी म्यूटेशन आवेदन बिना उचित कारण खारिज करने के मामले में शोकॉज और प्रपत्र-'क' गठित करने का आदेश दिए. जनता दरबार में दोनों पैरों से दिव्यांग दीपक कुमार महतो को इलेक्ट्रिक ट्राई-साइकिल उपलब्ध कराई गई. ट्राई-साइकिल मिलने के बाद वे स्वयं उसे चलाकर समाहरणालय से रवाना हुए. बूटी मोड़ निवासी एक व्यक्ति ने गर्भवती पत्नी के हृदय रोग के इलाज और सुरक्षित प्रसव के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई.

इस पर उपायुक्त ने सिविल सर्जन से बात कर महिला के इलाज और सुरक्षित प्रसव की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिए. अनगड़ा के महेशपुर मौजा में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सीएनटी एक्ट का उल्लंघन कर जमीन निबंधन कराने की शिकायत पर उपायुक्त ने डीसीएलआर और अंचल अधिकारी को जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिए. मोरहाबादी क्षेत्र की सरकारी गैरमजरुआ भूमि पर अतिक्रमण, निजी पार्किंग और व्यावसायिक उपयोग की शिकायत पर सदर एसडीओ और नगर निगम को संयुक्त जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया. सिल्ली प्रखंड में आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता की शिकायत पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए गए.

# साहिबगंज की 1.71 लाख महिलाओं को बड़ी सौगात, मंईयां सम्मान योजना की 7,500 की राशि खातों में भेजनी शुरू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**128.39 करोड़ से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित, दो कार्य दिवस में पेंशन योजनाओं की तीन माह की राशि भी मिलेगी**




**साहिबगंज।** झारखंड सरकार के महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत साहिबगंज जिले की पात्र महिलाओं के बैंक खातों में सहायता राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सभी प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों से प्राप्त सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर पात्र लाभुकों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से राशि हस्तांतरित की जा रही है।
जिले में जून 2026 तक कुल 1,71,168 पात्र लाभुकों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। प्रत्येक महिला को ?2,500 प्रतिमाह की दर से अप्रैल, मई और जून 2026 की कुल ?7,500 सम्मान राशि प्रदान की जा रही है। इसके लिए जिले के लाभुकों के बैंक खातों में ?128,39,55,500 (128.39 करोड़ रुपये से अधिक) की राशि भेजी जा रही है। जिला प्रशासन ने बताया कि राशि हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अधिकांश लाभुकों के खातों में राशि कल तक क्रेडिट हो जाएगी। योजना का उद्देश्य राज्य की पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर, स्वावलंबी एवं सशक्त बनाना है। प्रशासन ने कहा कि योजना का पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि सभी पात्र महिलाओं को बिना किसी परेशानी के लाभ मिल सके।
इसके अलावा, सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के लाभुकों का सत्यापन कार्य भी पूरा कर लिया गया है। इनमें मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य एचआईवी/एड्स पेंशन योजना तथा स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना शामिल हैं। प्रशासन के अनुसार आगामी दो कार्य दिवसों के भीतर इन सभी योजनाओं के पात्र लाभुकों के बैंक खातों में अप्रैल से जून 2026 तक की तीन माह की पेंशन एकमुश्त हस्तांतरित कर दी जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी लाभुकों से अपने बैंक खाते की नियमित जांच करने की अपील की है। यदि निर्धारित अवधि के बाद भी राशि प्राप्त नहीं होती है या बैंक अथवा तकनीकी समस्या आती है, तो संबंधित प्रखंड कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक सहायता लेने को कहा गया है।

## जाति प्रमाण पत्र सत्यापन में अनियमितता, सुतियारपाड़ा पंचायत की मुखिया से मांगा स्पष्टीकरण

**उधवा/साहिबगंज।** उधवा अंचल कार्यालय ने जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन में गड़बड़ी पाए जाने पर सुतियारपाड़ा पंचायत की मुखिया आरती टुडू से स्पष्टीकरण मांगा है।अंचल कार्यालय ने सोमवार को अंचल पत्रांक संख्या 359 निर्गत किया है।पत्रांक के अनुसार सुतियारपाड़ा पंचायत अंतर्गत मस्तापुर मोमिन टोला गांव के एक आवेदक की जाति प्रमाण पत्र आवेदन में संलग्न वंशावली का सत्यापन मुखिया द्वारा समुचित जांच के बिना किया गया है।प्रथम दृष्टियां जांच में पाया गया कि एक ही आवेदन के अलग-अलग पृष्ठों पर अलग-अलग तरीके से वंशावली सत्यापित की गई है।पत्र में आशंका जताई गई है कि इससे गलत जाति,आवासीय या आय प्रमाण पत्र बनने और अपात्र व्यक्ति को लाभ पहुंचाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।अंचल अधिकारी ने 3 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण समर्पित करने और यह बताने को कहा है कि क्यों न उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।साथ ही इस पत्र की प्रति सूचना प्रखंड के सभी मुखियाओं को सूचित किया गया है। संबंध में सुतियारपाड़ा पंचायत की मुखिया आरती टुडू से संपर्क साधा गया परंतु संपर्क नहीं हो पाया।

## 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा ऑनलाइन कर सकते हैं आवेदन, सरकारी योजनाओं, कौशल विकास, रोजगार एवं स्वयंसेवी गतिविधियों से जुड़ने का मिलेगा अवसर



**साहिबगंज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा युवाओं को सरकारी योजनाओं, स्वयंसेवी गतिविधियों, कौशल विकास, खेल एवं नेतृत्व विकास कार्यक्रमों से जोड़ने के उद्देश्य से 'मेरा युवा भारत' पोर्टल पर विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत साहिबगंज जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के सभी युवा 15 अगस्त 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं।मेरा युवा भारत, साहिबगंज के जिला कार्यक्रम एवं लेखा सहायक पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जिले के अधिक से अधिक युवाओं को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, रोजगार के अवसरों, नेतृत्व विकास कार्यक्रमों, खेल गतिविधियों तथा अन्य महत्वपूर्ण पहलों से सीधे जोड़ना है।उन्होंने बताया कि पोर्टल पर पंजीकरण के बाद युवाओं को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर समय-समय पर विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों और अवसरों से संबंधित जानकारी एवं अपडेट प्राप्त होंगे। साथ ही इस मंच के माध्यम से स्वयंसेवा, कौशल विकास, सामुदायिक सेवा, खेल गतिविधियों तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रमों में भागीदारी का अवसर भी मिलेगा। जिला कार्यक्रम एवं लेखा सहायक पदाधिकारी ने जिले के सभी पात्र युवाओं से अपील की है कि वे 15 अगस्त 2026 तक mybharat.gov.in पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के दौरान "Youth Type" में "MY Bharat" का चयन करना सुनिश्चित करें, ताकि मंत्रालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त किया जा सके।

## पतना प्रखंड से बिरसा कृषि रथ रवाना, किसानों को वैज्ञानिक खेती एवं सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** पतना प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर बिरसा कृषि रथ को रवाना किया गया। कृषि रथ का संचालन धर्मपुर, बड़ा दिघी, कटहलबाड़ी एवं आमडंडा पंचायतों में किया गया।कार्यक्रम के दौरान किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, गुणवत्तायुक्त बीजों के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य, कीट एवं रोग प्रबंधन, जैविक खेती, किसान समृद्धि योजना (सोलर पम्प सेट) तथा राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को समय पर बुवाई करने, वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने एवं विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।अल नीनो के संभावित प्रभाव को देखते हुए किसानों को मोटे अनाज (श्री अन्न) की खेती के लिए विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया। उन्हें बताया गया कि मोटे अनाज की खेती करने पर प्रोत्साहन राशि के रूप में न्यूनतम 3,000 तथा अधिकतम 15,000 तक भुगतान का प्रावधान है।कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भरता इन पल्सेस योजना के अंतर्गत 100 प्रतिशत अनुदान पर 11 किसानों के बीच मूंग बीज का वितरण भी किया गया।इस अवसर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक , सहायक तकनीकी प्रबंधक , कृषि मित्र एवं बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ते हुए कृषि उत्पादन एवं किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना था।

## जिला कांग्रेस की बैठक में बूथ स्तर तक सक्रिय रहने और एसआईआर हेल्प कैंपों को प्रभावी बनाने के दिए निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज।** जिला कांग्रेस कमिटी, साहिबगंज की ओर से सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष मो. कलीमुद्दीन ने की। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह साहिबगंज जिला प्रभारी डॉ. मुन्नम संजय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।बैठक में डॉ. मुन्नम संजय ने जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों तथा BLA-2 साथियों से जिले में चल रहे SIR अभियान की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि SIR के नाम पर किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं कटना चाहिए। इसे सुनिश्चित करना कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय रहने, आम जनता की हरसंभव सहायता करने, मतदाता सूची से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सहयोग करने तथा कांग्रेस द्वारा संचालित SIR हेल्प कैंपों को और अधिक प्रभावी एवं तेजी से संचालित करने का निर्देश दिया।डॉ. मुन्नम संजय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित रहे, इसके लिए संगठन पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेगा।बैठक में प्रदेश कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य अनुकूल मिश्रा, बासुकी नाथ यादव, सरफराज आलम, सतीश पासवान, उमेश पांडे, अनिल पांडे, राम श्रृंगार ओझा, मो. रिजवान, निजामुद्दीन, नूरजहां थापा, हरिचरण पासवान, राजीव रंजन यादव, तरन्नुम निशा, गणेश मंडल, मो. गफ्फार अली, मो. सलाहुद्दीन, मो. आफताब आलम, मेराज उद्दीन, अजीत कुमार झा, मंगल पासवान, नौशाद आलम, मनीष प्रताप, जनार्दन रविदास, यमुना दास, मृत्युंजय यादव, शब्दूल अंसारी, सादिक अंसारी, शशिधर यादव, दिलीप गुप्ता, उमेश तिवारी, पूजा देवी, दुर्गा प्रसाद साह, सुनील गुप्ता, शंकर मंडल, मो. इकबाल सहित बड़ी संख्या में BLA-2 कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री परशुराम अखाड़ा द्वारा शिक्षा विभाग के सहायक कार्यक्रम अधिकारी को दी गई विदाई



**साहिबगंज।** शहर के एनआरपी सेंटर स्कूल में श्री परशुराम अखाड़ा की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक परशुराम अखाड़ा प्रमुख राजीव ओझा की अध्यक्षता में की गई जिसमें लोगों ने समाज और धर्म के उत्थान के बारे में चर्चा की, कार्यक्रम का संचालन भगवती रंजन पांडे व धन्यवाद ज्ञापन मनोज झा ने किया। बैठक की शुरूआत हाल ही के दिन हुए भोजपुर जिला बिहार निवासी भरत तिवारी की हत्या के प्रति नाराजगी जताते हुए दो मिनट का मौन रख लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। आगे कार्यक्रम में शिक्षा परियोजना में कार्यक्रम सहायक अधिकारी के रूप में तैनात संजय तिवारी जी का तबादला उनके गृह जिला होने पर उन्हें आज अखाड़ा के सदस्यों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई, उपस्थित लोगों ने उन्हें अंग वस्त्र से सम्मानित कर उन्हें श्रीमद्भागवत गीता प्रदान की। मौजूद वक्ताओं ने उनके बारे में अपने मुख्य बिंदु से उनके लिए अपने प्यार समर्पित शब्द को रखें उन्हें कुछ भेंट समर्पित की किसी ने अपने गीत के माध्यम से अपना प्रेम दिखाया, पूरा वातावरण उनकी विदाई को लेकर भाव विभिन्न हो चुका था, शब्दों से ज्यादा आंखें नम होकर बोल रही थी। अंत में संजय तिवारी ने कहा कि साहिबगंज में जो प्यार और स्नेह उन्हें मिला है वह इसे लेकर अपने गृह जिला जाएंगे और इस प्यार और अपनेपन को वह हमेशा अपने दिल में बसाए रहेंगे। मौके पर जंग बहादुर ओझा, अंकित पाण्डेय, सुबोध झा, बच्चन पाठक, मुकेश मिश्रा, रविकांत शर्मा, मनोहर शर्मा, राकेश सिंह, शंभू यादव, अभय कुमार, परिकर जी, अमन एवं दर्जनों लोगों उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन की प्रगति का सचिव अबू इमरान ने किया निरीक्षण, मार्च 2028 तक कार्य पूरा करने का निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल - पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के सचिव अबू इमरान ने जल जीवन मिशन के तहत संचालित योजना के क्रियान्वयन गति का निरीक्षण करने सोमवार को राजमहल प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी नारायणपुर पहुंचे. उन्होंने कार्यकारी एजेंसी एलएनटी के पदाधिकारी से योजना से संबंधित जानकारी ली. साथ ही समय पर इसे पूर्ण करने का भी निर्देश दिए. सचिव ने कहा कि संथाल परगना के लिए यह महत्वपूर्ण योजना है जिसके माध्यम से पेयजल की समस्या को दूर किया जा सकेगा. पाइपलाइन के माध्यम से संथाल परगना के अधिकांश हिस्सों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराई जाएगी. केंद्र एवं राज्य सरकार की 50-50 प्रतिशत की योजना में भागीदारी है. एजेंसी मार्च 2028 तक कार्य को पूर्ण कर विभाग को सौंपेगी उपरांत शुद्ध पेयजल आपूर्ति किया जाएगा. इधर निर्माण कार्य स्थल पर जमीन से संबंधित कुछ समस्या उत्पन्न हो रही थी जिसे एजेंसी के माध्यम से सचिव को अवगत कराया गया था. हालांकि मौके पर मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ने कहा कि जमीन संबंधित समस्या का निष्पादन कर लिया गया है.

**रूट के सभी पंचायत को मिले लाभ – मो मारूफ**

राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा के प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू मौके पर पहुंचकर सचिव से आग्रह किए कि जनहित में क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल से लाभान्वित करने के लिए जो यह योजना संचालित है यह पाइपलाइन जिन प्रखंड और पंचायत से होकर गुजरेगी वहां के ग्रामीणों को भी शुद्ध पेयजल से लाभान्वित करने की दिशा में पहल की जाए. हालांकि इस पर सचिव के माध्यम से सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ है.

**ये भी थे मौजूद**

निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, सीओ मो युसुफ, जल जीवन मिशन के डायरेक्टर शशि रंजन, चीफ इंजीनियर रियाज आलम, अनिल प्रसाद, शशि सोरेन, अधीक्षण अभियंता सुशील टुडू, कार्यपालय अभियंता शशिकुमार सिंह, सहायक अभियंता गौरव कुमार सहित अन्य मौजूद थे.


## पाकुड़ में भी शेरशाहवादी जाति प्रमाण पत्र जांच समिति गठित करने की मांग, पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने डीसी को लिखा पत्र

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** शेरशाहवादी समुदाय के लोगों को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक आलमगीर आलम ने पाकुड़ उपायुक्त को पत्र लिखकर जिले में भी जांच समिति गठित करने की मांग की है। पूर्व मंत्री ने कहा कि साहिबगंज जिले में उपायुक्त के निर्देश पर गठित समिति बरहरवा, राजमहल और उधवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जाकर शेरशाहवादी समुदाय से संबंधित तथ्यों की जांच कर रही है। इसी तर्ज पर पाकुड़ जिले में भी समिति बनाकर गांव - गांव सर्वे कराया जाना चाहिए, क्योंकि यहां भी बड़ी संख्या में शेरशाहवादी समुदाय के लोग निवास करते हैं और लंबे समय से जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग कर रहे हैं। आलमगीर आलम ने बताया कि बरहरवा में हुए अनिश्चितकालीन धरना के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जांच समिति गठित करने का आश्वासन दिया गया था, जिसके बाद साहिबगंज में जांच प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब पाकुड़ में भी ऐसी ही समिति गठित कर रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि दोनों जिलों की रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजी जा सके। उन्होंने कहा कि यदि साहिबगंज और पाकुड़ दोनों जिलों से सकारात्मक रिपोर्ट राज्य सरकार को प्राप्त होती है, तो शेरशाहवादी समुदाय को जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की दिशा में आवश्यक सरकारी प्रक्रिया आगे बढ़ सकेगी। इससे पाकुड़ जिले के हजारों लोगों को भी इसका लाभ मिलने की उम्मीद है।

## साहिबगंज में सहकारिता विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित, योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा



**साहिबगंज।** सोमवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में निबंधक, सहयोग समितियाँ के रजिस्ट्रार शशि रंजन की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू ने की।बैठक में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) सतीश चंद्रा, जिला सहकारिता पदाधिकारी, सहायक निबंधक, एसएस,डीआईओएस, बीसीईओ, सीईओ, एसएओ, एसआई, एमपीसीएस के प्रतिनिधि तथा सहकारिता विभाग के अन्य पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।बैठक के दौरान साहिबगंज जिले में संचालित विभिन्न सहकारी समितियों एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। निबंधक, सहयोग समितियाँ के रजिस्ट्रार शशि रंजन ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, समितियों के बेहतर संचालन तथा लंबित मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों एवं लाभुकों तक सहकारिता विभाग की योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समय पर पहुँचना चाहिए।बैठक में विभिन्न समितियों के कार्यों, उपलब्धियों एवं चुनौतियों पर चर्चा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया।

# राजमहल की ऐतिहासिक लाल कोठी से हटेगा अतिक्रमण, रेलवे ने सात कब्जाधारियों को जारी किया 7 दिन का नोटिस

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाने पर रेलवे अधिनियम और PPE E¢M के तहत होगी बेदखली की कार्रवाई**



**राजमहल/साहिबगंज।** पूर्व रेलवे के बड़हरवा मंडल अंतर्गत वरीय अनुभाग अभियंता कार्यालय की ओर से सोमवार को राजमहल स्थित ऐतिहासिक लाल कोठी एवं आसपास की रेलवे भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। रेलवे प्रशासन की संयुक्त टीम ने क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले सात लोगों की पहचान की और उन्हें मौके पर ही सार्वजनिक नोटिस तामील कराया।
जारी नोटिस में सभी अतिक्रमणकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे नोटिस जारी होने की तिथि से सात दिनों के भीतर अपने अवैध निर्माण, कब्जे और सामान को हटाकर रेलवे भूमि खाली कर दें। निर्धारित समय सीमा के बाद रेलवे प्रशासन बिना किसी पूर्व सूचना के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। इस कार्रवाई के दौरान रेलवे और सुरक्षा बल के अधिकारी मौजूद रहे। संयुक्त टीम में आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार, नवीन कुमार यादव, अजय कुमार, सतीश कुमार, अनिल कुमार साह, आईडब्ल्यू प्रमोद कुमार पासवान तथा स्टेशन मास्टर दिलीप कुमार साह शामिल थे। अधिकारियों की मौजूदगी में संजय कर्मकार, मम्पी, काणू, तारक, कल्याण सरकार, संध्या भौमिक तथा हाबूदा के परिसरों पर नोटिस चस्पा किया गया और संबंधित लोगों को कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि सात दिनों के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 147 तथा पब्लिक प्रिमाइसेस (इविक्शन ऑफ अनऑथराइज्ड ऑक्यूपेंट्स) एक्ट, 1971 के तहत बेदखली और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान होने वाले किसी भी नुकसान के लिए संबंधित अतिक्रमणकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।
विभागीय सूत्रों के अनुसार, ऐतिहासिक लाल कोठी परिसर में अवैध कब्जे की शिकायत मिलने के बाद रेलवे प्रशासन ने अभियान तेज कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर सबसे पहले लाल कोठी परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा, इसके बाद आसपास की अन्य रेलवे भूमि पर भी अभियान चलाया जाएगा। रेलवे की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अवैध कब्जाधारियों और भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

# 19 जुलाई को तीन पालियों में आयोजित होगी झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन सुनिश्चित करें : डीसी**



लोहरदगाः झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, रांची द्वारा आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024 के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर आज उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी एवं कर्मी आपसी समन्वय एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सफल संचालन में केंद्राधीक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। यदि परीक्षा संचालन के दौरान किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो संबंधित नोडल पदाधिकारी से तत्काल संपर्क स्थापित कर उसका समाधान सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने सभी स्टेटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेटों को परीक्षा पूर्व अपने-अपने आवंटित केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा का सफलतापूर्वक एवं शांतिपूर्ण संचालन सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है तथा इसे हर हाल में कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराया जाना चाहिए।

उन्होंने परीक्षा से संबंधित Do's एवं Don'ts का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान परीक्षा संचालन की संपूर्ण प्रक्रिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देशों की जानकारी पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से दी गई।

**तीन पालियों में आयोजित होगी परीक्षा**

झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024 का आयोजन 19 जुलाई 2026 को तीन पालियों में किया जाएगा। प्रथम पाली पूर्वाह्न 8:30 बजे से 10:30 बजे तक, द्वितीय पाली पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक तथा तृतीय पाली अपराह्न 3:30 बजे से 5:30 बजे तक आयोजित होगी।

**जिले में बनाए गए हैं 18 परीक्षा केंद्र**

परीक्षा के लिए जिले में कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 5544 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।निर्धारित परीक्षा केंद्रों में राजकीयकृत प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू, कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय, उसुर्लाइन कॉन्वेंट बालिका मध्य विद्यालय, राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय, मंजूरमति उच्च विद्यालय, संत अन्ना बालिका उच्च विद्यालय, लूथरन उच्च विद्यालय, मधुसूदन अग्रवाल इंटर महिला कॉलेज, संत स्तानिसलास उच्च विद्यालय कैमो, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, बलदेव साहू महाविद्यालय, लिवेंस एकेडमी, ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल, एमबीडीएवी पब्लिक स्कूल, राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कुजरा तथा केजीबीवी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लोहरदगा शामिल हैं।बैठक में परीक्षा की नोडल पदाधिकारी के रूप में परियोजना निदेशक, आईटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, स्टेटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, केंद्राधीक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## देवरी मुक्ति धाम के विकास की शुरूआत, विधायक व जिप उपाध्यक्ष ने संयुक्त रूप से किया शिलान्यास, 14 लाख से बनेगा शवदाह गृह व चबूतरा



हुसैनाबाद, पलामूः देवरी कला स्थित सोन नदी किनारे मुक्ति धाम के विकास की दिशा में सोमवार को महत्वपूर्ण पहल करते हुए हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर शवदाह गृह एवं चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। यह निर्माण कार्य लगभग 14 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा।इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मुक्ति धाम जैसी सार्वजनिक सुविधाओं का विकास जनहित से जुड़ा कार्य है। शवदाह गृह और चबूतरा बनने से अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी तथा मुक्ति धाम का स्वरूप भी अधिक व्यवस्थित और सुविधाजनक होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक योजनाओं को प्राथमिकता के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम में पूर्व मुखिया रमाशंकर चौधरी, खुर्शीद आलम, वरुण सिंह, पुष्पक सिंह, जसविंद्र सिंह, पप्पू कुमार, काजू सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने मुक्ति धाम में शवदाह गृह एवं चबूतरा निर्माण की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इस कार्य के पूरा होने से अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी और वर्षों से चली आ रही समस्या का समाधान होगा।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी, बीडीओ-सीओ ने बूथों का किया निरीक्षण; लोगों से सहयोग की अपील

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हैदरनगर, पलामूः** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर सोमवार को हैदरनगर प्रखंड में प्रशासनिक गतिविधियां तेज रहीं। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों और बूथों का निरीक्षण कर अधिकारियों ने अभियान की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में भाई बिगहा स्थित मतदान केंद्र संख्या 97 एवं 98 पर चल रहे एसआईआर कार्य का प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा, अंचल अधिकारी संतोष कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेंद्र सिंह एवं जनसेवक अमरेश कुमार ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रहण, मतदाता सूची के अद्यतन कार्य और बूथ स्तर पर चल रही प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने तथा त्रुटियों के शीघ्र सुधार पर विशेष जोर दिया।निरीक्षण के दौरान बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसका उद्देश्य पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करना, त्रुटियों का सुधार करना तथा मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने आम मतदाताओं से अपील की कि वे बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज एवं सही जानकारी उपलब्ध कराकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से नए मतदाता के रूप में पंजीकरण कराने तथा जिन मतदाताओं के नाम, पता अथवा अन्य विवरण में त्रुटि है, उनसे विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान उसका सुधार कराने का आग्रह किया।बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों, सभी राजनीतिक दलों के कार्यकताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से भी अभियान के प्रति लोगों को जागरूक करने और समय पर प्रपत्र भरवाने में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाया जा सकता है, जिससे निष्पक्ष, पारदर्शी और मजबूत लोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित होगी।

## विमरला माइंस में सड़क सुरक्षा को लेकर ट्रक ऑनर एसोसिएशन का जागरूकता अभियान



**लोहरदगाः** लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को विमरला बॉक्साइट माइंस पहुंचा। यहां एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हिंडाल्को प्रबंधन के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।बैठक में एसोसिएशन ने आरोप लगाया कि पूर्व में हुए समझौते के अनुरूप ट्रिप उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। इस पर प्रबंधन से अविलंब सुधार करने की मांग की गई। साथ ही माइंस क्षेत्र की जर्जर सड़क की स्थिति पर भी चिंता जताई गई। प्रबंधन ने बताया कि सड़क मरम्मत का कार्य शुरू हो चुका है और अगले दो से तीन दिनों में सड़क की स्थिति बेहतर हो जाएगी।बैठक के बाद हिंडाल्को प्रबंधन और ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से ट्रक चालकों के बीच सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करने की अपील की गई। उन्हें वाहन संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने की सलाह दी गई।एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के सभी माइंस क्षेत्रों में इस तरह का जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि आम लोगों, ट्रक चालकों और वाहन मालिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव रहमान अंसारी, मीडिया प्रभारीराजेश शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य विदुल महतो, संतोष कुमार साहू, मोती सिंह एवं प्रेम उरांव उपस्थित थे। हिंडाल्को प्रबंधन की ओर से सहायक प्रबंधक अभिशेष कुमार, जियोलॉजिस्ट प्रत्यूष रावत, परवल साहू, अनुज सिंह, सुजीत झा, नागेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में चालक और सह-चालक मौजूद रहे।

## 12 घंटे के भीतर पुलिस ने सुलझाई शराब दुकान में चोरी की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार



**पाकुड़ः** हिरणपुर थाना क्षेत्र के मंझलाडीह (सीतपहाड़ी) स्थित एक शराब की कम्पोजिट दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने महज 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई 10 हजार रुपये की नकदी बरामद की है।जानकारी के अनुसार, सिलमपुर निवासी जितेश कुमार सिंह उर्फ मोनू ने सोमवार को हिरणपुर थाना में आवेदन देकर अपनी शराब दुकान में चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर हिरणपुर थाना कांड संख्या 48/26, दिनांक 13 जुलाई 2026 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) पाकुड़ के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। गठित टीम ने तकनीकी और मानवीय साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में संलिप्त देवपुर निवासी श्रवण कुमार साव उर्फ श्रवण कुमार साहा (21 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई 10 हजार रुपये की राशि भी बरामद कर ली है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

छापेमारी दल में एसडीपीओ कुमार गौरव, हिरणपुर थाना प्रभारी विनय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक भोला राम, आरक्षी विश्वकर्मा केरकेट्टा तथा अमरनाथ यादव शामिल थे।

# चार अनाथ बच्चों के लिए उम्मीद बनी जिला प्रशासन की संवेदनशीलता, उपायुक्त की पहल पर सतीश शर्मा ने जताया आभार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हुसैनाबाद, पलामूः** कभी-कभी प्रशासन का एक संवेदनशील कदम उन मासूम आंखों में फिर से उम्मीद जगा देता है, जिनसे जीवन की सारी खुशियां छिन चुकी हों। पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत लोटनियां पंचायत के बरडीहा गांव के चार अनाथ बच्चों की पीड़ा को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया है।बरडीहा गांव निवासी चांदनी कुमारी (17), नन्दनी कुमारी (15), शिवानी कुमारी (7) और शिवम कुमार (5) ने कम उम्र में ही माता-पिता दोनों का साया खो दिया। कोविड-19 के दौरान पिता श्रीवास्तव राम का निधन हो गया था। इसके बाद उनकी मां कौशल्या देवी किसी तरह चारों बच्चों का पालन-पोषण कर रही थीं, लेकिन लगभग तीन सप्ताह पूर्व उनकी भी मृत्यु हो गई। माता-पिता के निधन के बाद चारों बच्चे पूरी तरह असहाय हो गए और उनके सामने दो वक्त की रोटी तक का संकट खड़ा हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही सामाजिक कार्यकर्ता सतीश शर्मा बच्चों से मिलने बरडीहा पहुंचे। उनकी स्थिति देखकर वे भावुक हो उठे और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, कल्पना सोरेन एवं पलामू उपायुक्त दिलीप सिंह शेखावत को टैग करते हुए बच्चों की सहायता की अपील की।अपील पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए पलामू उपायुक्त दिलीप सिंह शेखावत ने मामले को संज्ञान में लिया और भरोसा दिलाया कि "बच्चों, आप अकेले नहीं हैं। जिला प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ आपके साथ खड़ा है। शीघ्र ही पदाधिकारी आपसे मिलेंगे और सरकार की सभी पात्र योजनाओं एवं आवश्यक सहायता का लाभ सुनिश्चित कराया जाएगा। आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग किया जाएगा। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश शर्मा ने उपायुक्त की संवेदनशीलता और त्वरित पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे मानवीय निर्णय समाज में भरोसा जगाते हैं। उन्होंने पलामू जिला प्रशासन, विशेषकर उपायुक्त दिलीप सिंह शेखावत के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि इन चारों बच्चों को न केवल सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा, बल्कि उनके सुरक्षित भविष्य की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## प्रांत स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में पांच विद्यार्थी सम्मानित



**लोहरदगाः**विद्या विकास समिति, झारखंड प्रांत द्वारा दिनांक 12 जुलाई 2026 को आदित्य प्रकाश जालान बी.एड. कॉलेज, कुदलूम , रांची में मेधावी छात्र सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्या विकास समिति के अंतर्गत संचालित विद्यालयों के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी भैया-बहनों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा के पाँच मेधावी विद्यार्थियों को भी उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। झारखंड प्रांत स्तर पर कक्षा 12वीं कला संकाय में अमित उराँव, नुसरत जहाँ एवं अनुराधा कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं विज्ञान संकाय में कुमारी अंतरा ने प्रांत में द्वितीय तथा हेमा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया।समारोह में सभी मेधावी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावक को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्राचार्य, आचार्य एवं दीदीजी ने सभी सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएँ की है'

## महेशपुर राजबाड़ी में घर में घुसे "भड़िया सांप" का सुरक्षित रेस्क्यू, परिवार ने ली राहत की सांस



**महेशपुरः** महेशपुर के राजबाड़ी निवासी हादू बाबू के घर में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक सांप घर के भीतर घुस गया। बताया जा रहा है कि सांप शनिवार रात से ही घर में फंसा हुआ था, जिससे परिवार के सभी सदस्य दहशत में थे और पूरी रात भय के साये में गुजरी।घटना की जानकारी मिलने के बाद तत्काल रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और काफी सतर्कता एवं सूझबूझ के साथ सांप को सुरक्षित बाहर निकाला। रेस्क्यू के दौरान घर के आसपास बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी जमा हो गए।पकड़े गए सांप की पहचान "कॉमन वुल्फ स्नेक" (Common Wolf Snake) के रूप में की गई है, जिसे स्थानीय भाषा में "भड़िया सांप" कहा जाता है। रेस्क्यू अभियान के बाद हादू बाबू और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली। विशेषज्ञों के अनुसार, कॉमन वुल्फ स्नेक आमतौर पर गैर-विषैला होता है। इसके बावजूद किसी भी प्रकार के सांप के दिखाई देने पर लोगों को सतर्क रहने और खुद पकड़ने की कोशिश करने के बजाय विशेषज्ञों या रेस्क्यू टीम को सूचना देने की सलाह दी जाती है।

# विद्यालयों में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें: डीडीसी

## शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**लोहरदगाः** उप विकास आयुक्त राज महेश्वरम की अध्यक्षता में आज शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मध्याह्न भोजन योजना, विद्यार्थियों की उपस्थिति, स्वास्थ्य जांच एवं विशेष नामांकन अभियान सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई।मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कई विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति एवं मध्याह्न भोजन ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों की संख्या में अंतर है। इस पर उप विकास आयुक्त ने प्रत्येक प्रखंड से ऐसे दो-दो मामलों को अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, ताकि अंतर के कारणों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में अनामृता फाउंडेशन द्वारा इंटीग्रेटेड किचेन के माध्यम से विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे मध्याह्न भोजन की समीक्षा भी की गई। उप विकास आयुक्त ने खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी को नियमित रूप से भोजन की गुणवत्ता की जांच करने तथा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विद्यालयों में बच्चों की नियमित एवं शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि जिन विद्यालयों में बीते माह की तुलना में गत माह की उपस्थिति के आंकड़ों में असामान्य अंतर पाया गया है, उन्हें कारण बताओ नोटिस (शो-कॉज) जारी किया जाए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (RBSK) के तहत छात्र-छात्राओं की नियमित स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही स्वास्थ्य जांच के दौरान हीमोग्लोबिन जांच एवं ब्लड ग्रुप की पहचान को भी अनिवार्य रूप से शामिल करने को कहा गया। इस अवसर पर तिथि भोजन एवं एसएमएस आधारित मध्याह्न भोजन मॉनिटरिंग व्यवस्था की भी समीक्षा की गई तथा इसे और अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की गई।

**7 जुलाई से 7 सितंबर तक चलेगा विशेष नामांकन अभियान**

बैठक में 7 जुलाई से 7 सितंबर 2026 तक संचालित होने वाले विशेष नामांकन अभियान (Special Enrollment, Tracking and Engagement of Out of School Children) पर विस्तृत चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने जिला शिक्षा अधीक्षक को अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने एवं आवश्यक प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि विद्यालय से बाहर रह रहे बच्चों की पहचान एवं उन्हें पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए खनन विभाग, बाल संरक्षण इकाई, पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग तथा पंचायत प्रतिनिधियों, विशेषकर मुखियाओं का सहयोग लिया जाए।बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक अभिजीत कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी जया सांखी मुर्मू, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईओ) सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी के प्रयास से सपादहा गाँव मे नया ट्रांसफार्मर लगाया गया



**पाकुड़ियाः**- प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत गणपुरा ग्राम सपादाहा कमार टोला मे केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी के अथक प्रयास, जनहित के प्रति संवेदनशील सोच एवं निरंतर पहल से गांव में 25 केवीए का नया बिजली ट्रांसफार्मर लगाया गया।नए ट्रांसफार्मर के लगने से गांव में लंबे समय से बनी बिजली की समस्या से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी तथा अब क्षेत्र में सुचारू एवं बेहतर विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित हो सकेगी। इससे आमजन के दैनिक जीवन के साथ-साथ बच्चों की पढ़ाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों में भी सुविधा होगी।उपासना मरांडी जी क्षेत्र की जनता को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु लगातार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे हैं। वे जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देते हुए निरंतर प्रयासरत हैं।ग्रामीणों ने इस कार्य के लिए उपासना मरांडी जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हर्ष एवं खुशी जाहिर की।

# विभागों के बीच बेहतर समन्वय से जनहित एवं विकास कार्यों में तेजी लाने पर जोर, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

**उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त श्रीमती मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाने, विकास योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को आपसी तालमेल एवं समन्वित कार्यसंस्कृति के साथ जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान आधारभूत संरचना विकास, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, ग्रामीण विकास कार्यक्रमों तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन की सफलता विभागों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित संवाद और सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा समस्याओं का आपसी समन्वय से शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। बैठक में पथ विभाग एवं ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत निमार्णाधीन एवं लंबित सड़क परियोजनाओं, भू-अर्जन एवं भूमि संबंधी मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित कार्यपालक अभियंताओं एवं अंचल अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर भूमि विवादों एवं लंबित प्रकरणों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

समीक्षा के दौरान जिला परिषद, स्वास्थ्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, नगर परिषद, विशेष प्रमंडल, विद्युत विभाग, खेल विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग तथा कल्याण विभाग से संबंधित विभिन्न लंबित मामलों पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए सभी लंबित मामलों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने तथा योजनाओं की प्रगति में आ रही बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करने का निर्देश दिया।

बैठक में मनरेगा के अंतर्गत जिले में लाइनर प्लांटेशन के कार्यों का दायरा बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। उपायुक्त ने पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सतत रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए अधिकाधिक पौधरोपण कार्य कराने एवं उसकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने अंत में कहा कि सभी विभाग समन्वित एवं परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाते हुए शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करें, ताकि विकास योजनाओं का लाभ समय पर आम नागरिकों तक पहुँचे और जिले में सुशासन एवं सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता और अधिक सुदृढ़ हो।बैठक में उप विकास आयुक्त अरविन्द कुमार लाल, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, सिविल सर्जन डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी मो० मोजाहिद अंसारी सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ, सीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रधानखांटा ओवर ब्रिज का निरीक्षण, निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश

**झारखंड जागरण संवाददाता**



**बलियापुर/ धनबाद।** बलियापुर थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने सोमवार को प्रधानखांटा ओवरब्रिज का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रेलवे अधिकारियों से बातचीत कर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का आग्रह किया ताकि बलियापुर से गोविंदपुर तक वाहनों का आवागमन फिर से सुचारू रूप से शुरू हो सके। गौरतलब है कि प्रधानखांटा ओवर ब्रिज में दरार आने और दुर्घटना की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर 21 मार्च 2025 से बलियापुर - प्रधानखांटा- गोविंदपुर मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई थी। सुरक्षा के मद्देनजर ओवरब्रिज पर बैरिकेडिंग भी कर दी गई थी ,जिसके बाद इस मार्ग पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद है। थाना प्रभारी ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य में तेजी लाने को कहा ताकि क्षेत्र के लोगों और वाहन चालकों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान पूर्व मुखिया कन्हाई बनर्जी उपस्थित रहे।

## फर्जी दस्तावेज मामले में भाजपा नेता श्री निवास सिंह गिरफ्तार, रांची से दबोचकर लाई हंटरगंज पुलिस

**चतरा,** हंटरगंज थाना पुलिस ने कथित फर्जी दस्तावेज तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के मामले में भाजपा नेता श्री निवास सिंह को रांची के कांके क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी हंटरगंज थाना कांड संख्या 117/26 के तहत चर्चित पुलिस इंस्पेक्टर विपिन कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, मामला हंटरगंज अंचल निरीक्षक की लिखित शिकायत पर दर्ज किया गया है, जिसमें सरकारी अभिलेखों से छेड़छाड़ कर कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का आरोप लगाया गया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।हाईकोर्ट में दाखिल दस्तावेजों की जांच में मिली विसंगति, मूल अभिलेखों से नहीं मिला रिकॉर्ड शिकायत के अनुसार, जयशंकर स्टोन इंडस्ट्रीज बनाम झारखंड सरकार मामले में झारखंड हाईकोर्ट में प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। अंचल कार्यालय के मूल अभिलेखों एवं निर्गत पंजी के मिलान में पाया गया कि पत्र संख्या 491, दिनांक 4 जून 2025 की मूल प्रविष्टि और न्यायालय में प्रस्तुत दस्तावेजों में अंतर है। आरोप है कि अंचल अधिकारी हंटरगंज के नाम से जारी पत्र में छेड़छाड़ कर कूटरचित दस्तावेज तैयार किया गया। इसी आधार पर अंचल निरीक्षक ने प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की थी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया।भाजपा नेता बोले 'साजिश के तहत फंसाया गया', पुलिस ने कहा– अन्य मामलों की भी हो रही जांच गिरफ्तारी के बाद भाजपा नेता श्री निवास सिंह ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वे लंबे समय से झारखंड सरकार और जिले के कुछ अधिकारियों के खिलाफ आवाज उठा रहे थे, इसलिए उन्हें राजनीतिक एवं प्रशासनिक साजिश के तहत झूठे मामले में फंसाया गया है। वहीं स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी है कि हाल ही में सिमरिया में आयोजित एक धरना-प्रदर्शन के दौरान उन्होंने प्रशासन के खिलाफ तीखी बयानबाजी की थी। जिसमें बोला था देख लिया है, देखेंगे तुम्हारी जेल में कितना जगह देखेंगे हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी थाना कांड संख्या 117/26 में दर्ज मामले के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एकपक्षीय प्रशासनिक कार्रवाई पर गुस्से में आए सांसद, सदर अंचल कार्यालय पंहुचकर सीओ से कहा निष्पक्ष करें कार्रवाई, अन्यथा मामला उच्च स्तर तक जाएगा

**झारखंड जागरण संवाददाता**

**हजारीबाग** सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सदर प्रखंड स्थित सीतागढ़ा के गुड़वा मौजा में भूमि विवाद और कथित प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। इस प्रकरण में ग्रामीणों के आग्रह पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल सोमवार को घटनास्थल पहुंचे। यहां उन्होंने पीड़ित ग्रामीणों से मुलाकात कर पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली तथा घायल कुदुस अंसारी का कुशलक्षेम जाना।

पीड़ित कुदुस अंसारी ने सांसद मनीष जायसवाल को बताया कि प्रशासनिक द्वारा एक पक्ष के सूचना पर कार्रवाई के दौरान उनके साथ मारपीट की गई और हाथ मरोड़ने से उनका हाथ टूट गया। उन्होंने आरोप लगाया कि वे स्वयं के पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने की जानकारी देने के बावजूद उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। ग्रामीणों ने सांसद मनीष जायसवाल को बताया कि गुड़वा मौजा स्थित खाता संख्या-2, प्लॉट संख्या-632 की कुल 294.6 एकड़ भूमि में से 24.52 एकड़ जमीन पर वर्ष 1938 से उनका दखल-कब्जा है और वे वर्षों से खेती-बारी करते आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस भूमि को लेकर पूर्व में टाइटल सूट दायर हुआ था, जिसमें वर्ष 1982 में नूर मोहम्मद, जीवनलाल महतो सहित अन्य ग्रामीणों के पक्ष में डिक्री पारित हुई थी। इसके बावजूद अब उस जमीन पर कब्जे का प्रयास किया जा रहा है।ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि ईसाई मिशनरी द्वारा संचालित टीचर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (टीटीआई) की ओर से सीतागढ़ा जाने वाले सार्वजनिक मार्ग के दोनों ओर गेट लगाकर रास्ता बंद करके इसे भी कब्जा किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। इस मार्ग से 8-10 गांवों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। ग्रामीणों ने इसे सार्वजनिक रास्ते पर अतिक्रमण बताते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।घटनास्थल का निरीक्षण करने और पीड़ितों से मिलकर बातचीत करने के बाद सांसद मनीष जायसवाल सीधे सदर अंचल कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सदर अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों के पक्ष से संबंधित भूमि के दस्तावेज सीओ को सौंपे और कथित एकपक्षीय प्रशासनिक कार्रवाई पर गहरा रोष व्यक्त किया।सांसद मनीष जायसवाल ने अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार से कहा कि प्रशासन का दायित्व निष्पक्ष होकर न्याय करना है, किसी एक पक्ष का समर्थन करना नहीं। सांसद मनीष जायसवाल ने स्पष्ट कहा कि वे पीड़ित ग्रामीणों के साथ वे मजबूती से खड़े हैं और न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने प्रशासन से भूमि विवाद में सभी उपलब्ध अभिलेखों और न्यायालय के आदेशों के आधार पर निष्पक्ष निर्णय लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि पक्षपातपूर्ण कार्रवाई जारी रही तो मामले को उच्च स्तर तक उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कानून का शासन सर्वोपरि है और किसी भी गरीब, किसान या ग्रामीण के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर आवाज उठाते रहेंगे ।

## टासरा परियोजना क्षेत्र के 3000 से अधिक स्कूली बच्चों को मिली कॉपियां ,पावर मेक फाउंडेशन की पहल

**झारखंड जागरण संवाददाता**



**सिंदरी/ धनबाद।** शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक दायित्व निभाने की दिशा में पावर मेक फाउंडेशन ने टासरा परियोजना क्षेत्र के स्कूली बच्चों के बीच 3000 से अधिक कॉपियों का वितरण किया। फाउंडेशन द्वारा इस वर्ष विभिन्न परियोजना क्षेत्र में कुल 1.5 लाख नोट बुक का वितरण किया गया है। इसी अभियान के तहत कल्याणेश्वरी माइनिंग प्रोजेक्ट लिमिटेड केटीएमपीएल की ओर से टासरा परियोजना क्षेत्र के आसानबनी स्कूल, सरिसाकुंडी स्कूलऔर डीएवी टासरा स्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों के बीच करीब 3000 कॉपियों का वितरण किया गया। डीएवी टासरा स्कूल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में केटीएमपीएल के परियोजना निदेशक टी. रमेश ,महाप्रबंधक विजय शर्मा और सेल के उपहाप्रबंधक पंकज कुमार ने बच्चों को कॉपियां वितरित की। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष अंजू उरांव, उपाध्यक्ष सरिता कुमारी, प्रभारी उमेश जी, शिक्षक -शिक्षिकाओं तथा समिति सदस्य आदित्य रंजन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। परियोजना निदेशक टी. रमेश ने कहा कि परियोजना क्षेत्र के बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के सामाजिक कार्य आगे भी लगातार जारी रहेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर विभाग के अभिषेक सिंह और वीरेंद्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ बलियापुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाकपा माले का अनिश्चितकालीन धरना शुरू, पूर्व विधायक आनंद महतो ने भरी हुंकार

**झारखंड जागरण संवाददाता**



**बलियापुर।** भ्रष्टाचार, घूसखोरी और सरकारी योजनाओं में हो रही धांधली के खिलाफ सोमवार से भाकपा माले (बलियापुर अंचल एवं प्रखंड कमेटी) की ओर से प्रखंड कार्यालय के समक्ष जोरदार तरीके से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की शुरूआत की गई। इस आंदोलन का शंखनाद मुख्य अतिथि सह सिंदरी के पूर्व विधायक कॉमरेड आनंद महतो की उपस्थिति में हुआ।धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक कॉमरेड आनंद महतो ने कहा कि देश और समाज में अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा:₹आम जनता की लड़ाई और संघर्ष में सिर्फ लाल झंडा और भाकपा माले ही हमेशा साथ खड़ा रहा है और रहेगा। जब तक लाल झंडा मजबूत नहीं होगा, तब तक निचले वर्ग, दबे-कुचले, पीड़ित लाभुक और आम जनता मजबूत नहीं हो पाएंगे। भ्रष्टाचार और घूसखोरी में लिप्त अधिकारियों को अब मनमानी करने की छूट नहीं दी जाएगी।₹दलाली और झूठे मुकदमों के खिलाफ चेतावनी

धरना के दौरान वक्ताओं ने सरकारी दफ्तरों में व्याप्त बिचौलिया संस्कृति पर कड़ा प्रहार किया। नेताओं ने कहा कि जब भी कोई सीधा-साधा गरीब किसी सरकारी अधिकारी के पास जाता है, तो उसे योजनाओं का लाभ देने के बजाय दिगभ्रमित और विचलित कर भटका दिया जाता है। यदि कोई जानकार व्यक्ति या पार्टी प्रतिनिधि पीड़ित की मदद के लिए जाता है, तो भ्रष्ट अधिकारी उन्हें डराने के लिए झूठे केस-मुकदमों की धमकी देते हैं। भाकपा माले न तो केस से डरती है, और न ही सत्ता और पावर से। पार्टी का जन्म ही संघर्ष से हुआ है और इसका एक-एक कार्यकर्ता जनता के अधिकारों के लिए शहीद होने को तैयार है।

**मंच पर पहुंचा पीड़ित, खोली घूसखोरी की पोल**

आंदोलन के पहले ही दिन सिंदूरपुर पंचायत के खैरवानी गांव से पहुंचे एक पीड़ित लाभुक श्रीकांत सोरेन ने मंच से अपनी आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि वह एक सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए ?11,000 की घूस देकर भी परेशान हो चुके हैं। पीड़ित ने कहा कि आज इस आंदोलन को देखकर उन्हें हौसला मिला है और वह भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ भाकपा माले के इस संघर्ष में पूरी तरह साथ हैं।सैकड़ों कार्यकताओं और नेताओं की गरिमामई उपस्थिति इस धरने में बलियापुर प्रखंड के हर एक पंचायत से सैकड़ों की संख्या में कॉमरेड साथियों और ग्रामीणों ने भाग लिया और बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड सचिव गणेश चंद्र महतो ने की तथा संचालन देवाशीष पांडेय द्वारा किया गया।इस ऐतिहासिक धरने में मुख्य रूप से निम्नलिखित नेता, पंचायत प्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित होकर आंदोलन को मजबूती प्रदान की:आनंद महतो (पूर्व विधायक, मुख्य अतिथि), बिंदा पासवान (जिला सचिव),गणेश महतो (सचिव), आनंद महिपाल,देवाशीष पांडेय, उप प्रमुख आशा देवी,शीतल दत्ता ,विजय रजक हीरालाल मोदक,संतोष रवानी, सीमा देवी,मंगल महतो,सुनील महतो, आसित चटर्जी देवरंजन दास आलोक माझी हारु बाउरी,सुरजीत चंद्रा,रामप्रसाद रजवार, कृष्णा दा,गोपाल बाउरी,सुरेश प्रसाद,अभिजीत दत्ता,आनंद राज,राजा राम रजक,मजीद खान, भारत महतो बबलू बावड़ी, अरुण महतो बबलू महतो दीपक महतो विसु बाउरी दिलीप महतो अमित बनर्जी, संजीत महतो अर्जुन महतो सागर मंडल रामप्रसाद रजवाड़ गोपाल बावड़ी नारद कालिंदी राजा राम रवानी मिहिर महतो गंगाधर कर्मकार, आदर सहित रजत महतो बहादुर गोप, प्रेम महतो आकाश महतो सोनू महतो शुभम सिंह रोहित कुमार अप्पू मिश्रा महेंद्र निषाद प्रकाश महतो सूरज कर्मकार सहित तमाम सक्रिय कामरेड एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रमण्डलीय आयुक्त पहुंचे धनबाद



**धनबाद**।प्रमण्डलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग, श्री विजय कुमार गुप्ता सोमवार सुबह धनबाद सर्किट हाउस पहुंचे। इस अवसर पर अनुमंडल दंडाधिकारी श्री लोकेश बारंगे ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।तत्पश्चात जिला प्रशासन की ओर से प्रमण्डलीय आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।प्रमण्डलीय आयुक्त आज समाहरणालय में राजस्व संग्रहण, राजस्व न्यायालय, आंतरिक संसाधन एवं एसआइआर 2026 के संबंध में बैठक करेंगे।

## विधायक मीडिया प्रतिनिधि जागेशवर कुमार को सुपारी देकर जान से मारने के मामला पकड़ा तूल !



बड़कागांव विधायक रौशन लाल चौधरी ने लिया संज्ञान,पुलिस से उचित कार्रवाई का किया मांग?

बारियातु मुखिया नीतू देवी के पति विकास साव ने गांव के दो युवकों को 50000 रुपया और हथियार क्यों दी,और देने का क्या था मकशद!

दोनों युवक टैक्टर वाहन के है मजदूर एक युवक संदीप कुमार के द्वारा जागेशवर को फोन करके क्यों बताया! आपको जान की है खतरा! हमको मारने की पैसा और हथियार मिला था,जो पैसा और हथियार हमने विकास साव को किया वापस,दोनो युवकों ने क्यों किया वापस बड़ा सवाल?

क्या आज के युग में सच्चाई और धर्म के साथ चलना पाप है, बारियातु मुखिया पति द्वारा नशे के आड़ में बनाए गुर्गों की टीम, मजदूर युवकों को नशेड़ी और चोर बताकर बचने का किया जा रहा उपाय,युवकों के जिंदगी से खेल रहा मुखिया पति !विधायक रोशनलाल चौधरी के बेहतरीन कार्य प्रणाली से हारी हुई पूर्व विधायक के कार्यकताओं को योजनाओं से लूट के द्वार हो गए बंद तो भाजपा आजसू कार्यकताओं को बनाया जा रहा निशाना !विधायक मीडिया प्रभारी जागेश्वर कुमार द्वारा बारियातू पंचायत में विकास योजनाओं के कार्यों पर ईमानदारी से रखते है नजर शायद इसलिए प्रतिनिधियों ने रास्ते से हटाने का बनाया था योजना?

इस मामले में भुक्तभोगी पत्रकार जागेशवर कुमार द्वारा न्याय के लिए एस एच ओ केरेडारी से लगाया गुहार !एसएचओ वेद प्रकाश पांडेय ने लिया संज्ञान मामले को लेकर बताया, गहनता से किया जा रहा जांच,जल्द उठेगी पर्दा आखिर इसके पीछे कौन है असली मास्टर माइंड ?

दूसरी तरफ बारियातु पंचायत समिति जागेशवर साव ने दो युवकों के खिलाफ थाना में आवेदन देकर बताया चोर, कार्रवाई की किया मांग और कहा कि हो रही है मान हानि !सुपारी देने की बात छुपाने के लिए बना रहे नए नए बहाने,दोनों युवको को बनाया गया आरोपी, नशे के लिए करते रहते है चोरी, चोरी करते युवकों को सीसीटीवी में चेहरा है सुरक्षित,यह सवाल की पुष्टि पुलिस ने नहीं की,पुलिस सत्यापन के लिए सीसीटीवी फुटेज की कर रही है जांच?पंचायत में नशे की चपेट में अधिकांश है लोग,आरोपों से बचने के लिए प्रतिनिधि कर रहे व्यंग,मुखिया पति और सरपंच की गिलास टकराते हुए फुटेज पत्रकारों के पास है सुरक्षित !प्रतिनिधियों की कारनामे को दोनों युवकों ने किया उजागर या स्वय को बचने का क्या है उपाय? यह है जांच विषय !लेकिन सस्ती लोकप्रियता बचाने की लगा दिए है एड़ी चोटी,यदि मामला सच निकला और कार्रवाई हुई तो हो जाएंगे बेनकाब!

## उपायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक



**हजारीबाग:**उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूर्व में दिए गए निदेशों के अनुपालन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बिजली व्यवस्था, साफ-सफाई, पार्किंग, सोलर पैनल की मरम्मत एवं संचालन सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों ने अवगत कराया कि निदेशानुसार सभी कार्य नियमित रूप से किए जा रहे हैं तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैंउपायुक्त ने सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने दायित्वों के प्रति संवेदनशील रहने तथा प्रतिदिन अपने कार्यस्थल की फोटो निर्धारित ग्रुप में साझा करने का निर्देश दिया। उन्होंने केरेडारी के एमओआईसी द्वारा दायित्वों के निर्वहन में उदासीन रहने तथा प्रशिक्षु आईएएस के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए सिविल सर्जन को एक सप्ताह के भीतर जवाब प्राप्त करने को कहा। साथ ही केरेडारी में फार्मेसिस्ट को प्रतिस्थापित करने के लिए आउटसोर्स एजेंसी से पत्राचार करने का निर्देश भी सिविल सर्जन को दिया।उपायुक्त ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नियमित रूप से सामान्य जांच सेवाएं संचालित करने तथा लैब टेक्नीशियन की आवश्यकता के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने पर चर्चा की। उन्होंने सभी एमओआईसी को ओपीडी सेवाएं नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाइयों एवं एम्बुलेंस की प्रतिदिन उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस उपलब्ध कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को अगले माह तक उप विकास आयुक्त से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त सभी सहियाओं का मानदेय समय पर भुगतान तथा आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय का भुगतान 20 जुलाई तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रशिक्षु आईएएस को बरही अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया।बैठक में शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग की भी समीक्षा की गई। इस दौरान मेडिकल कॉलेज से संबंधित पूर्व में दिए गए निदेशों के अनुपालन की जानकारी ली गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने एमडी, एनएचएम से पत्राचार करते हुए श्री नारायण राम को सेवामुक्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु सिविल सर्जन को निर्देशित किया। उन्होंने एसबीएमसीएच में लिफ्ट का नियमित संचालन सुनिश्चित कराने के लिए मेडिकल सुपरिटेंडेंट को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एमजीपीएस पाइपलाइन एवं ब्लड सेपरेटर मशीन के अधिष्ठापन पर भी विचार-विमर्श किया गया।बैठक के दौरान जिला यक्ष्मा पदाधिकारी ने जानकारी दी कि विभिन्न क्षेत्रों में कफ सिरप की अवैध बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अस्पताल परिसरों की साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ अस्पताल परिसर मरीजों के बेहतर उपचार, संक्रमण नियंत्रण एवं शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अत्यंत आवश्यक है।बैठक में आयुष्मान भारत योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई तथा पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाने के निर्देश दिए गए। साथ ही संस्थागत प्रसव के प्रतिशत में वृद्धि लाने के लिए आवश्यक प्रयास तेज करने को कहा गया।बैठक में उपायुक्त श्री हेमन्त सती, उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, प्रशिक्षु आईएएस सुश्री पूर्वा अग्रवाल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट, सिविल सर्जन, सभी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# शांति का मुखौटा, सत्ता की रणनीति: ट्रंप का वैश्विक विरोधाभास



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

भारत को गाजा में शांति प्रयासों में शामिल करने का प्रस्ताव भी इसी जटिलता को उजागर करता है। भारत का कूटनीतिक इतिहास बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका और द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थन से जुड़ा रहा है। भारत के इस्राइल से अच्छे संबंध हैं, तो अरब देशों में भी उसकी विश्वसनीयता बनी हुई है। नोबेल शांति पुरस्कार की उत्कट अभिलाषा में डूबे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का व्यक्तित्व और कार्यशैली वैश्विक राजनीति के लिए एक गहरी विडंबना एवं विरोधाभास बनकर उभरी है। शांति का मसीहा बनने का उनका दावा जितना आकर्षक दिखता है, उतना ही विरोधाभासी उनके कदमों का यथार्थ है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में वे जहां शांति स्थापित करने का श्रेय लेना चाहते हैं, वहीं उनके निर्णय, वक्तव्य और नीतियां अक्सर युद्ध, अशांति, भय और अस्थिरता को जन्म देती दिखाई देती हैं। यह कैसी शांति है, जो बमों की गूंज, प्रतिबंधों की मार और नफरत की भाषा के साथ चलती है? यह कैसा शांति-दूत होने का नाटक है, जिसमें मानवता का रक्त बहता रहे और सत्ता अपने हित साधती रहे? गाजा में शांति स्थापना के लिए ट्रंप की प्रस्तावित योजना इसी विरोधाभास का नवीन उदाहरण है। इसे शांति से अधिक व्यापारिक सौदे की तरह प्रस्तुत किया गया, मानो दशकों से हिंसा, विस्थापन और अस्मिता के संकट से जूझ रहे लोगों का भविष्य किसी रियल एस्टेट या आर्थिक पैकेज से तय किया जा सकता हो। अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका, स्थानीय जनता की सहमति और जवाबदेही-इन सबको दरकिनार कर शांति थोपने की यह कोशिश बताती है कि ट्रंप की दृष्टि में शांति कोई नैतिक या मानवीय मूल्य नहीं, बल्कि शक्ति-प्रदर्शन और राजनीतिक लाभ का औजार है। इस तरह बमों के साये में शांति का दावा ढकोसला ही है, जिसमें शांति का सौदा एवं सत्ता की भूख ही दिखती है। ट्रंप की कथित शांति योजना, शांति के नाम पर वर्चस्व की राजनीति ही है। ऐसा लगता है शब्द अहिंसा के और कर्म हिंसा के है। ट्रंप संयुक्त राष्ट्र को अक्षम, पक्षपाती और नौकरशाही से ग्रस्त बताकर उसकी अवहेलना करते रहे हैं, जबकि सच यह है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के



लिए बहुपक्षीय संस्थाओं का ढांचा अनिवार्य है। शक्तिशाली देशों को जब यह ढांचा अपने अनुकूल नहीं लगता, तो वे उसे कमजोर करने लगते हैं-ट्रंप इसी प्रवृत्ति का मुखर चेहरा हैं।

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नए वैश्विक शांति संस्थान का विचार अपने आप में जितना आकर्षक शब्दों से सुसज्जित है, उतना ही अपने अंतर्विरोधों में उलझा हुआ भी है। शांति स्थापना के नाम पर एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था खड़ी करने की कोशिश, जो संयुक्त राष्ट्र जैसे स्वीकृत बहुपक्षीय ढांचे को दरकिनार करती हो, वस्तुतः शांति से अधिक सत्ता-केंद्रित वर्चस्व की आकांक्षा को उजागर करती है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जिस नेतृत्व की नीतियों का आधार हथियारों के निर्माण और बिक्री, सैन्य गठबंधनों के विस्तार, युद्ध की धमकियों और आर्थिक दंड के जरिये दुनिया पर दबाव बनाना रहा हो, वह अचानक शांति का नया ठेकेदार कैसे बन सकता है? ट्रंप की राजनीतिक सोच में शांति किसी मानवीय प्रतिबद्धता का नहीं, बल्कि सौदेबाजी, नियंत्रण और लाभ का साधन प्रतीत होती है। इसलिए उनके प्रस्तावित शांति संस्थान की उपयोगिता पर गंभीर संदेह खड़ा होता है। बिना वैधता, जवाबदेही और वैश्विक सहमति के खड़ी की गई कोई भी संस्था शांति का वाहक नहीं बन सकती; वह केवल शक्तिशाली देशों की इच्छाओं को थोपने का उपकरण या जरिया ही बनती है। इस संदर्भ में ट्रंप का यह प्रयास शांति की दिशा में एक ठोस पहल नहीं, बल्कि हिंसा-प्रधान नीतियों पर पर्दा डालने और वैश्विक शासन व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत करने का एक और षडयंत्र एवं कुचेष्टा ही दिखाई देता है।

ट्रंप की सोच में शांति का अर्थ संघर्षों का समाधान नहीं, बल्कि उन्हें अपने पक्ष में मोड़ना है। कभी वे संयुक्त राष्ट्र के समानांतर इस तरह की एक कथित शांति-व्यवस्था खड़ी करने की बात करते हैं, तो कभी ईरान पर युद्ध की धमकी देते हैं। एक ओर वे यूरोपीय देशों की तारीफ कर अपना प्रभाव जमाने का प्रयास करते हैं, दूसरी ओर उन्हीं देशों पर व्यापारिक प्रतिबंधों और सैन्य खर्च का दबाव डालते हैं। यह दोहरा आचरण और कथनी और करनी का भेद वैश्विक अस्थिरता को बढ़ाता है। शांति की भाषा बोलते हुए हथियारों की बिक्री, सैन्य गठबंधनों का विस्तार और आर्थिक दंड-ये सब उनकी नीतियों के अभिन्न अंग रहे हैं। परिणामस्वरूप दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की आहटें तेज हैं और मानवता अस्तित्व के मुहाने पर पहुंचती प्रतीत होती है। गाजा संकट के संदर्भ में यह और भी स्पष्ट हो जाता है कि बिना वैधता, सहमति और जवाबदेही के थोपी गई शांति कभी स्थायी नहीं होती। यदि नागरिकों की सुरक्षा, जीवन की गरिमा और राजनीतिक अधिकारों को नजरअंदाज किया जाए, तो कोई भी समझौता खोखला साबित होगा। ट्रंप का दृष्टिकोण इन मूलभूत सच्चाइयों को अक्सर अनदेखा करता है। आर्थिक वादों को राजनीतिक अधिकारों के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना एक खतरनाक भ्रम है, जो जमीनी वास्तविकताओं के बोझ से ढह जाता है। शांति तभी टिकाऊ हो सकती है जब उसमें स्थानीय लोगों की वास्तविक आवाज शामिल हो, उनके दुख-दर्द को समझा जाए और न्यायपूर्ण समाधान की दिशा में ईमानदार पहल हो।

भारत को गाजा में शांति प्रयासों में शामिल करने का प्रस्ताव भी इसी जटिलता को उजागर करता है। भारत का कूटनीतिक इतिहास बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका और द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थन से जुड़ा रहा है। भारत के इस्राइल से अच्छे संबंध हैं, तो अरब देशों में भी उसकी विश्वसनीयता बनी हुई है। लेकिन यदि शांति प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र को दरकिनार करती है, तो यह भारत की स्थापित कूटनीतिक परंपरा के अनुकूल नहीं होगा। भारत ने हमेशा प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के बजाय स्थिरता और संवाद को प्राथमिकता दी है। ऐसे में ट्रंप-प्रेरित पहल में शामिल होना भारत के लिए भी एक नैतिक और रणनीतिक चुनौती बन सकता है। वास्तव में ट्रंप की नीतियां एक ऐसे विश्व-दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं, जहां शक्ति ही सत्य है और नैतिकता केवल भाषणों तक सीमित है। उनकी बयानबाजी में नफरत और विभाजन की छाया साफ दिखती है। आप्रवासन, नस्ल, धर्म और राष्ट्रवाद के मुद्दों पर उनकी भाषा ने वैश्विक स्तर पर असहिष्णुता को बढ़ावा दिया। जब विश्व का सबसे शक्तिशाली देश इस तरह का संदेश देता है, तो उसका असर सीमाओं से परे जाता है। युद्ध केवल गोलियों और मिसाइलों से नहीं लड़ा जाता, वह विचारों और शब्दों से भी लड़ा जाता हैकृऔर ट्रंप के शब्द अक्सर आग में घी डालने का काम करते रहे हैं।




**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्रम से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

## असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597



डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं। बंधन बैंक के 56,120 करोड़ रुपये के लोन में से 7.3 प्रतिशत एनपीए हो चुके हैं। एनपीए वो कर्ज है जिसकी कोई भी किश्त 180 दिनों तक चुकाने में लेनदार असफल हो जाता है। इसके बाद बैंकों को इस तरह के लोन को एनपीए में डालना होता है। हालांकि इस लोन की वसूली की कोशिश जारी रहती है और कई बार ये पूरा या आंशिक तौर पर वापस मिल जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक 91 से 180 दिन का बकाया लोन कुल आउटस्टैंडिंग का 3.3 फीसदी है, जबकि 180 दिन से ज्यादा बकाया लोन 9.7 प्रतिशत है। माइक्रोफाइनेंस को लेकर अब संस्थान भी सतर्कता बरत रहे हैं। क्योंकि उन्हें एनपीए अभी और बढ? की आशंका है। भारतीय रिजर्व बैंक ने लोन पर रिस्क वेट घटाया इसी बीच बिजनेस लोन पर जोखिम वेट 125 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया है, जिससे बैंकों को राहत मिलेगी। छोटे बैंकों को हो रहे नुकसान को देखते हुए इस नियम में बदलाव से इन्हें फायदा मिल सकता है। देश में बढ़ती आर्थिक असमानता की तरफ पूर्व में चेतावनी मिल चुकी है। 12 अप्रैल 2024 को पेरिस स्थित शोध संगठन वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की ओर जारी एक शोधपत्र में बताया गया था कि देश के शीर्ष एक फीसद तबके की आमदनी और संपत्ति में हिस्सेदारी अपनी ऐतिहासिक ऊंचाई पर पहुंच गई है और यह दुनिया में सबसे ज्यादा है। शोधपत्र के निष्कर्षों में कहा गया है कि साल 2023 तक सबसे अमीर एक फीसद भारतीयों के पास देश की आय का 22.6 फीसद और संपत्ति का 40 फीसद हिस्सा था।

## न्याय पर बोझ

त्वरित न्याय ही वास्तविक न्याय होता है और त्वरित न्याय के लिए पूरे संसाधन और पर्याप्त न्यायाधीश भी होने चाहिए। अतः अपने देश के प्रधान न्यायाधीश का यह इशारा स्वाभाविक और स्वागतयोग्य है कि न्यायपालिका पर बहुत बोझ है और पर्याप्त संख्या में अदालतें होंगी, तो ही न्याय संभव है। बीते वर्ष से ही देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाइयों के दौरान ट्रिब्यूनल में रिक्त पदों का मुद्दा उठता रहा है। शीर्ष अदालत की नाराजगी भी सामने आती रही है। यह अपने आप में गंभीर बात है कि देश के प्रधान न्यायाधीश न्यायपालिका में कमी को लेकर एकाधिक बार अपनी राय रख चुके हैं। प्रधान न्यायाधीश ने शुक्रवार को तेलंगाना स्टेट ज्युडिशियल कॉन्फ्रेंस 2022 को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यन्यायपालिका का बुनियादी ढांचा और रिक्त पदों पर भर्तियां चिंता का मुख्य विषय हैं। न्याय तक पहुंच तभी संभव है, जब हमें पर्याप्त संख्या में अदालतें मिलेंगी।

यह अपने आप में बेहद संवेदनशील विषय है कि न्यायपालिका में नियुक्तियों में देरी हो रही है। सरकार को देखना चाहिए कि बाधा कहां है? अदालतों ने पहले भी न्यायपालिका के विस्तार का पक्ष लिया है, लेकिन प्रशासन बहुत सजग नहीं दिखता। भारतीय न्यायपालिका पर जो बोझ है, वैसा दुनिया की किसी न्यायपालिका पर नहीं है। अभी भी मामलों को न्याय तक पहुंचने में तीस-चालीस साल भी लग जा रहे हैं। पुराने मुकदमों का निपटारा जल्दी नहीं हो रहा है और नए मुकदमे बढ़ते जा रहे हैं। यह बात अलग है कि कई मुकदमे प्रशासन की कमियों की वजह से हैं। खासकर गैर-फौजदारी मामलों में बहुत कमी आ सकती है, लेकिन प्रशासन का काम करने का तरीका निचले स्तर पर अपेक्षित गति से सुधर नहीं रहा। अदालतों के कागजी कामकाज का विस्तार भी लगातार हो रहा है, अतः न्याय में देरी ज्यादातर मामलों में एक सच्चाई है। न्याय में देरी से कुछ लोगों को फायदा होता है, लेकिन कुल मिलाकर शासन-प्रशासन की छवि खराब होती है। आम लोगों की नजर में न्याय या अन्याय अंततः सरकार की जिम्मेदारी है। फिर भी कोई भी राजनीतिक दल त्वरित न्याय को लेकर चिंतित नहीं दिखता। किसी के भी घोषणापत्र में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की कोई रूपरेखा नहीं होती है। ऐसे में, हमारे न्यायाधीशों की शिकायत जायज है। क्या हमारी राजनीतिक पार्टियां लोगों को त्वरित न्याय का वादा नहीं कर सकती हैं? क्या यह लोकहित का मामला नहीं है?

आज न्यायपालिका का विस्तार जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसमें समय के साथ आंतरिक सुधार। एक अनुमान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय में साल भर में 200 दिन भी सुनवाई नहीं होती है। उच्च न्यायालयों में करीब 210 दिन और निचली अदालतों में करीब 245 दिन ही काम होता है। सर्वोच्च न्यायालय में करीब 73,000 मामले और भारत की सभी अदालतों में लगभग 4.40 करोड़ मामले लंबित हैं। मुकदमों की संख्या में हर साल बढ़ोतरी हो रही है। नीति आयोग के एक रणनीति पत्र के मुताबिक, अदालतों को तमाम दर्ज मामले सुलझाने में अभी के हिसाब से करीब 324 साल से अधिक समय लग जाएगा। हजारों मामले तीस-तीस साल से लंबित हैं। अतः न्यायपालिका के बोझ को हल्का करने और उसे त्वरित न्याय की दिशा में प्रेरित करने के भगीरथ प्रयासों की जरूरत है। त्वरित न्याय समाज में सुख-शांति और कानून के राज के लिए भी जरूरी है।

## जातिवाद, वैचारिक विरोधी और संघ

संघ के जातिवादी होने के सवाल पर विज्ञान भवन के कार्यक्रम में भागवत जी ने कहा था कि अगर भारत में अंतररजातीय विवाहों की गणना किया जाए तो अंतरजातीय विवाह करने वालों में सबसे ज्यादा संख्या संघ के स्वयंसेवकों की होगी। यह संयोग ही है कि ठीक सौ साल पहले राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई, ठीक उसके कुछ ही महीने बाद छब्बीस दिसंबर 1925 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई। सौ साल की यात्रा को जब पीछे मुड़कर देखते हैं तो पता चलता है कि जोर-शोर से शुरू हुआ भारतीय कम्युनिस्ट आंदोलन भारत भूमि पर दम तोड़ता नजर आ रहा है, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा लगातार आगे बढ़ रही है। सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक और राजनीतिक मोर्चे पर संघ की वैचारिकी की प्रगति यात्रा जारी है।

एक ही वक्त पर शुरू दोनों वैचारिकी में एक विशेष अंतर रहा। वाम आंदोलन के निशाने पर सदा संघ की विचारधारा और संगठन रहा। संघ के खिलाफ कभी सत्ता के सहयोग से तो कभी किसी और तरीके दुष्प्रचार खूब फैलाया गया। उसी में एक विचार ऐसा है कि संघ मुसलमानों के खिलाफ है। वैचारिक और सामाजिक मोर्चे पर यह भी स्थापित करने की कोशिश की गई कि संघ भारतभूमि से मुस्लिम धर्म का समूल खात्मा चाहता है। लेकिन हकीकत कुछ और है। संघ की प्रतिनिधि सभा के सदस्य और वरिष्ठ कार्यकर्ता इंद्रेश कुमार जी के संयोजन में साल 2002 से राष्ट्रीय मुस्लिम मंच नाम का संगठन काम कर रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य इस्लाम मानने वाले भारतीय लोगों के बीच राष्ट्र प्रथम की भावना के संदर्भ में भारतीय राष्ट्रीयता के विचार को बढ़ावा देना है। संघ का कोई घोषित या अघोषित उद्देश्य नहीं है कि भारत भूमि मुस्लिम लोगों से मुक्त हो। संघ का प्रयास है कि भारत के मुसलमानों को लेकर स्थापित छवि बदले और राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका हो।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर गुरू जी रचित किताब ह्यबंच ऑफ थॉटह्ण का हवाला देकर अक्सर संघ को मुस्लिम विरोधी और सांप्रदायिक होने का प्रयास किया जाता है। वामपंथी विचारधारा के बुद्धिजीवियों को जब भी संघ पर हमला करना होता है, 1966 में प्रकाशित इसी किताब का वे हवाला देते हैं। संघ के मौजूदा सरसंघचालक मोहन राव भागवत जी इस बारे में अपनी राय खुलकर जाहिर कर चुके हैं। सात साल पहले सितंबर 2018 में दिल्ली के विज्ञान भवन में हुई तीन दिनों की विशेष व्याख्यान माला के आखिरी दिन 20 सितंबर को संघ प्रमुख ने श्रोताओं से आमंत्रित प्रश्नों का जवाब दिया था। उसमें ह्यबंच ऑफ थॉटह्ण को लेकर भी एक प्रश्न पूछा गया था। उस प्रश्न के जवाब में मोहन राव भागवत ने कहा था, ह्यरही बात, 'बंच ऑफ थॉट्स' की, तो बातें जो बोली जाती हैं वे परिस्थिति विशेष, प्रसंग विशेष के संदर्भ में बोली जाती हैं। वे शाश्वत नहीं रहतींह्ण इसी सवाल के जवाब में भागवत जी ने आगे कहा था, आरएसएस कोई संकीर्ण संगठन नहीं है. समय के साथ हमारे विचार और इनका प्रकटीकरण भी बदलता है।



# मांझर कुंड जलप्रपात 7 दिनों के लिए बंद, प्रशासन ने जारी किए आदेश

**एजेंसी**

**कैमूर:** बिहार में पर्यटन स्थल के लिए मशहूर रोहतास स्थिति मांझर कुंड जलप्रपात आगामी 20 जुलाई तक बंद कर दिया गया है. रोहतास जिला प्रशासन ने इसको लेकर निर्देश जारी किए हैं. बता दें कि बारिश शुरू होते ही वॉटरफॉल में पानी आ जाने के बाद यहां बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचने लगे थे. पर्यटन स्थल पर अनियंत्रित भीड़, चारों तरफ फैली गंदगी, प्लास्टिक कचरे का अंबार तथा पिकनिक के नाम पर गैस सिलेंडर और चूल्हा जलाकर खाना बनाना प्रशासन की चिंता बढ़ा दी. इसी को देखते हुए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है.



**अधिकारियों ने किया क्षेत्र का औचक निरीक्षण:** रविवार को रोहतास डीएम दीपक कुमार मिश्रा, एसपी रोशन कुमार तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी स्टालिन फीडल कुमार भारी संख्या में पुलिस बल और वन विभाग की टीम के साथ मांझर कुंड पहुंचे. अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया और अनाधिकृत रूप से पिकनिक मना रहे लोगों को तत्काल वहां से हटाया.

पर्यटकों के नशे में होने की आशंका: इस दौरान कई लोगों पर नशे की हालत में होने का संदेह भी हुआ जिसके बाद पुलिस ने उनकी जांच की. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पर्यटन स्थल पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या प्राकृतिक वातावरण को नुकसान पहुंचाने वाली हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

**प्रदूषण से वन्य जीव अभ्यारण्य को खतरा:** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि बड़ी संख्या में पर्यटक अपने साथ गैस सिलेंडर, चूल्हा और अन्य सामान लेकर पहुंचे थे. खाना बनाने के बाद प्लास्टिक की बोतल, थमोकॉल प्लेट, पॉलीथिन और अन्य कचरा खुले में छोड़ दिया गया था. इससे न केवल कुंड की प्राकृतिक सुंदरता प्रभावित हो रही थी बल्कि कैमूर वन्यजीव अभ्यारण्य सेंचुरी का पर्यावरण भी प्रदूषित हो रहा था. इस प्रकार की गतिविधियां वन क्षेत्र और वहां रहने वाले वन्यजीवों के लिए भी नुकसानदायक है.

**सफाई कराई जाएगी:** जिला प्रशासन ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए निर्देश दिया कि 20 जुलाई तक मांझर कुंड आम पर्यटकों के लिए पूरी तरह बंद रहेगा. इस अवधि में पूरे क्षेत्र की विशेष सफाई कराई जाएगी. साथ ही पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी ताकि भविष्य में आने वाले पर्यटक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकें.

**धरोहर बचाने के लिए सख्त कदम:** हर वर्ष मानसून की शुरूआत के साथ मांझर कुंड जलप्रपात में पानी का प्रवाह तेज हो जाता है. रोहतास कैमूर की हरियाली और ऊंची पहाड़ियों के बीच गिरता यह वॉटरफॉल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है. बिहार ही नहीं आसपास के राज्यों से भी बड़ी संख्या में लोग यहां घूमने पहुंचते हैं. भीड़ के साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की चुनौती भी सामने आती रही है. प्रशासन ने समय रहते सख्त कदम उठाते हुए एक सप्ताह के लिए पर्यटन स्थल को बंद करने का निर्णय लिया है.

# खान सर को मिली अग्रिम जमानत, जेल में बंद दोनों बॉडीगाड्र्स को भी सिविल कोर्ट से राहत

**एजेंसी**

**पटना:** पटना के चर्चित खान सर को अग्रिम जमानत मिल गई है. सोमवार को पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई और खान सर को अग्रिम जमानत देने का फैसला लिया गया. इसके साथ ही उनके दोनों बॉडीगाड्र्स को भी जमानत देते हुए राहत मिल गई है.

**इन धाराओं के तहत मामला था दर्ज**

खान सर के वकील की तरफ से कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की गई थी. इस पर सोमवार को फैसला सुनाया गया. आर्म्स एक्ट और हत्या की कोशिश की धाराओं में खान सर पर मामला दर्ज किया गया था. लेकिन आज सुनवाई के बाद उन्हें रात मिल गई है. साथ ही उनके बॉडीगाड्र्स को भी जमानत मिल गई.



**मामले में सुनवाई पहले ही हुई थी पूरी**

मिली जानकारी के अनुसार, मामले में सुनवाई पहले ही पूरी कर ली गई थी और कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था. उस दौरान खान सर उर्फ फैजल खान की क्रिमिनल हिस्ट्री मांगी गई थी. मामले में बचाव पक्ष ने कहा था, पुलिस की तरफ से केस फाइल फाइनल कर दिया गया है. इस वजह से केस का जिक्र नहीं किया गया था. पिछली बार 10 जुलाई को सुनवाई होने वाली थी. लेकिन डिस्ट्रिक्ट जज की अनुपस्थिति के कारण फैसला नहीं सुनाया जा सका था.

**क्या है पूरा मामला?**

खान ग्लोबल स्टडीज संस्थान के पास हुई गोलीबारी के वायरल वीडियो के आधार पर कदमकुआं थाना पुलिस ने 4 जून 2026 को कांड संख्या 418/2026 दर्ज किया था. इस मामले में खान सर, उनके दो सुरक्षा कर्मियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी. पुलिस ने दोनों सुरक्षा कर्मियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था.

# 4000 में राजगीर और 5000 में वाल्मीकिनगर की हवाई सैर, बिहार में हेली टूरिज्म की उड़ान शुरू

**एजेंसी**

**पटना:** बिहार में पर्यटन को नई ऊंचाई देने की दिशा में सोमवार को एक बड़ी पहल हुई. सीएम सम्राट चौधरी ने 'मुख्यमंत्री बिहार हेली-टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा योजना-2026' का औपचारिक शुभारंभ कर दिया. इसके साथ ही बिहार पर्यटन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर हेली टूरिज्म की बुकिंग भी शुरू हो गई है.इस योजना के तहत पर्यटक अब हेलीकॉप्टर और राजकीय विमान के जरिए राज्य के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों की यात्रा कर सकेंगे. पर्यटन विभाग के अनुसार नियमित हेली टूरिज्म सेवा 18 जुलाई से शुरू होगी.



**पहले चरण में तीन प्रमुख पर्यटन स्थल शामिल:** योजना के पहले चरण में पश्चिम चंपारण का वाल्मीकिनगर, कैमूर जिले का मां मुंडेश्वरी मंदिर और नालंदा का राजगीर शामिल किया गया है. वाल्मीकिनगर के लिए राजकीय विमान की सेवा उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि राजगीर और कैमूर के लिए 6+2 सीटर हेलीकॉप्टर संचालित किए जाएंगे. प्रत्येक उड़ान में अधिकतम पांच सीटें पर्यटकों के लिए आरक्षित रहेंगी.

**सप्ताहांत पर मिलेगी हवाई यात्रा की सुविधा:** पर्यटन विभाग ने हेली टूरिज्म सेवा को फिलहाल प्रत्येक शनिवार और रविवार संचालित करने का निर्णय लिया है. पटना से वाल्मीकिनगर के लिए सुबह 10 बजे और दोपहर 3 बजे उड़ान भरेगी, जबकि वापसी क्रमशः सुबह 11 बजे और शाम 4:30 बजे होगी. इस रूट पर प्रति सप्ताह 20-20 सीटें उपलब्ध रहेंगी.पटना से राजगीर के लिए हेलीकॉप्टर सुबह 9:30 बजे उड़ान भरेगा और 10:30 बजे वापस लौटेगा. वहीं पटना से कैमूर के करमचट डैम हेलिपैड के लिए सुबह 11 बजे उड़ान होगी और दोपहर 12:45 बजे वापसी होगी. दोनों रूटों पर प्रति सप्ताह 10-10 सीटें निर्धारित की गई हैं.

**जानिये कितना होगा किराया?:** राज्य सरकार ने आम लोगों और पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए रियायती किराया तय किया है. पटना से राजगीर का किराया 4000 रुपये प्रति यात्री रखा गया है. पटना से वाल्मीकिनगर जाने के लिए 5000 रुपये और पटना से कैमूर के लिए 6000 रुपये प्रति यात्री देने होंगे. वहीं पटना शहर की 10 मिनट की हेलीकॉप्टर जॉय राइड का किराया 2100 रुपये प्रति सीट निर्धारित किया गया है.

**बढ़ेगी रोप-वे की संख्या:** सम्राट चौधरी ने कहा कि कल्पना करें कि पटना मरीन ड्राइव से बाबा हरिहरनाथ तक आप रोप-वे से गंगा के ऊपर से जा रहे हैं. विभाग को इस पर भी काम करने की जरूरत है. बिहार में टूरिज्म को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक सुविधाएं विकसित करने के लिए सरकार काम कर रही है. पर्यटन विभाग को इस पर और काम करने की जरूरत है कि हम अधिक से अधिक क्या कर सकते हैं.सीएम ने कहा कि भगवान बुद्ध को भी ज्ञान इसी धरती पर हुआ और बिहार के लोग ही बिहार को अभी अच्छे से नहीं जानते हैं. बिहार के लोग बिहार के विभिन्न पर्यटन स्थल पर आसानी से जा सके और उन्हें विभिन्न पर्यटन स्थल की जानकारी हो इसके लिए काम किया जा रहा है. अधिक से अधिक रोप-वे बनाने, प्राइवेट इन्वेस्टर को लाकर टूरिज्म को प्रमोट कर दें की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है.

**पर्यटन को मिलेगा नया आयाम:** पर्यटन विभाग का मानना है कि हेली टूरिज्म एवं एयर टूरिज्म सेवा शुरू होने से बिहार के धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक पर्यटन स्थलों तक पर्यटकों की पहुंच आसान होगी. इससे राज्य में घरेलू और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने के साथ स्थानीय रोजगार, होटल उद्योग और पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलने की उम्मीद है.

## संक्षिप्त खबर

### जमानत पर बाहर आए युवक की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**भोजपुर :** भोजपुर जिले '२ बिहिया थाना क्षेत्र के टिपुरा गांव के पास रविवार को दिनदहाड़े हुई गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रूपबांध गांव निवासी 35 वर्षीय राजेश यादव के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक, राजेश यादव कुछ समय पहले ही एक आपराधिक मामले में जमानत पर जेल से बाहर आया था. उसके खिलाफ फायरिंग, हत्या के प्रयास, रंगदारी समेत करीब एक दर्जन मामले दर्ज थे. रविवार को वह अपनी मां का इलाज कराने बिहिया गया था और वापस लौटते समय उस पर हमला कर दिया गया.जगदीशपुर के एसडीपीओ पंकज मिश्रा ने बताया कि शुरूआती जांच में टिपुरा गांव के रहने वाले योगेंद्र यादव पर गोली चलाने का आरोप सामने आया है. घायल राजेश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस ने आरोपित के घर से एक पिस्तौल और मैगजीन भी बरामद की है.पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में पुरानी दुश्मनी की बात सामने आई है. हालांकि मामले के हर पहलू की जांच की जा रही है. मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है.मृतक के चाचा ने बताया कि राजेश अपनी मां को दवा दिलाकर बाइक से घर लौट रहा था. इसी दौरान रास्ते में कुछ लोगों ने उसे घेर लिया और गोली मार दी. उनका आरोप है कि इस हमले में नामजद आरोपी के अलावा कुछ अन्य लोग भी शामिल थे.घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया. घटनास्थल पर एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं. पुलिस का कहना है कि मामले की जांच तेजी से चल रही है और दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा.

### बिहार के हिलसा रेलवे स्टेशन पर पटरी से उतरीं ट्रेन की बोगियां, हादसा टला



**नालंदा:** नालंदा जिले के हिलसा रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह एक मालगाड़ी की चार बोगियां पटरी से उतर गईं. घटना के बाद रेलवे क्रॉसिंग बंद करनी पड़ी और रेल व सड़क यातायात प्रभावित हुआ. रेलवे ने राहत एवं मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है.

**हिलसा रेलवे स्टेशन पर डिरेल हुई मालगाड़ी:** सोमवार सुबह करीब 9:20 बजे हिलसा रेलवे स्टेशन पर फतुहा से इस्लामपुर की ओर जा रही एक मालगाड़ी की चार खाली बोगियां पटरी से उतर गईं. हादसे में चारों बोगियां क्षतिग्रस्त हो गईं. राहत की बात यह रही कि घटना के समय स्टेशन पर कोई पैसेंजर या एक्सप्रेस ट्रेन मौजूद नहीं थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया.

**रेलवे क्रॉसिंग बंद होने से यातायात प्रभावित:** मालगाड़ी के डिरेल होने के बाद चिकसौरा रोड स्थित रेलवे क्रॉसिंग को सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया. इसके चलते सड़क यातायात कुछ समय के लिए प्रभावित रहा और लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा.

**राहत और मरम्मत कार्य में जुटा रेलवे:** घटना की सूचना मिलते ही दानापुर रेल मंडल के अधिकारी और तकनीकी टीम मौके पर पहुंच गई. रेलवे ने ट्रैक को जल्द से जल्द दुरुस्त करने और परिचालन सामान्य करने के लिए राहत एवं मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है.

**स्पेशल इंजन की मदद से हटाई जाएंगी बोगियां:** रेल अधिकारियों ने बताया कि फतुहा की ओर से एक स्पेशल इंजन मंगाया जा रहा है. इसकी मदद से डिरेल हुई बोगियों को अलग कर हटाया जाएगा, ताकि दूसरे ट्रैक से ट्रेनों का परिचालन सामान्य रूप से शुरू कराया जा सके.

**हादसे के कारणों की होगी जांच:** रेलवे अधिकारियों के अनुसार घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है. साथ ही ट्रैक की मरम्मत और परिचालन बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है.

### बिहार में एनकाउंटर, डबल मर्डर मामले में 24 घंटे के अंदर पुलिस का एक्शन




**वैशाली:** बिहार के वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस और आर्मी जवान व उनके पिता की हत्या के मुख्य आरोपी जगदीश राय के बीच एनकाउंटर हुआ. आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर जगदीश राय ने फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई. गोली लगने से आरोपी घायल हो गया.

**सुनसान जगह पर छुपा था आरोपी:** दरअसल डबल मर्डर के बाद से ही पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी. इसी बीच बिदुपुर थाना से तीन-चार किलोमीटर दूर सुनसान जगह पर जगदीश राय के छुपे होने की सूचना पुलिस को मिली. जिसके बाद पुलिस टीम उसे गिरफ्तार करने के लिए जैसे ही मौके पर पहुंची, आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी.

**आरोपी को पैर में लगी गोली:** वैशाली एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी फायरिंग की जिससे मुख्य आरोपी के दोनों पैर में घुटने के नीचे गोली लगी है. उसका सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है और उसकी हालत सामान्य बनी हुई है.

**छुट्टी पर आए आर्मी जवान की हत्या:** बीते कल मुनारिक राय और उनके आर्मी जवान पुत्र जितेंद्र कुमार की गोली मरकर हत्या कर दी गई थी. जितेंद्र कुमार आर्मी के जवान थे और जोधपुर में तैनात थे. जितेंद्र हाल ही में छुट्टी लेकर अपने घर आए थे. इसी दौरान गोलीबारी कर पिता-पुत्र की हत्या कर दी गई. मामला पारिवारिक विवाद जुड़ा है.

**पहले हुई बहस, फिर मार दी गोली:** आर्मी जवान जितेंद्र कुमार के पिता मुनारिक राय का अपने पटीदार से विवाद चल रहा था. इसी कड़ी में बीते रविवार को सुबह रास्ते के विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर बहस हुई, जिसने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया. इसी बीच मुनारिक राय के भतीजे ने ताबड़तोड़ गोलीबारी कर दी, जिससे दोनों पिता-पुत्र की मौत हो गई.

# .बांकीपुर सीट के लिए प्रशांत किशोर ने भरा पर्चा, नॉमिनेशन से पहले जन सुराज ने निकाली बाइक रैली, किया शक्ति प्रदर्शन

**एजेंसी**

**बांकीपुर:** बांकीपुर विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव होना है और इसके लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है. अंतिम दिन जन सुराज के प्रत्याशी प्रशांत किशोर ने नॉमिनेशन किया. इस दौरान पार्टी के कार्यकताओं का हुजूम उमड़ पड़ा. नॉमिनेशन से पहले जन सुराज ने जमकर शक्ति प्रदर्शन किया. कार्यकर्ता हाथों में पार्टी का झंडा लिए हुए दिखे. इससे पहले पीके ने कहा, आज सिर्फ मेरा नहीं बल्कि बिहार में बदलते हुए राजनीतिक तस्वीर का नामांकन है.

**पटना में जन सुराज का शक्ति प्रदर्शन**

पटना के स्काउट एंड गाइड मैदान में जनसभा का भी आयोजन किया गया था. आज पर्चा भरने से पहले कुछ देर के लिए प्रशांत किशोर मैदान में पहुंचे थे. वे लोगों के बीच भी गए. यहां से उनका रोड शो शुरू हुआ. जन सुराज के कार्यकताओं ने बाइक रैली निकाली. उन्होंने प्रशांत किशोर के जमकर नारे लगाए. पीके थोड़ी देर के लिए इस दौरान पैदल भी कार्यकताओं के साथ चले. बड़ी संख्या में कार्यकताओं के पहुंचने से कुछ देर के लिए रोड पर जाम की समस्या भी लोगों को झेलनी पड़ी.



**हरिहरनाथ मंदिर में पूजा भी की थी**

आज नॉमिनेशन से पहले प्रशांत किशोर ने सोनपुर में हरिहरनाथ मंदिर में पूजा भी की थी. इस दौरान उनकी पत्नी डॉ. जाह्नवी दास भी मौजूद थीं. प्रशांत किशोर ने सोनपुर स्थित प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर भगवान का आशीर्वाद लिया था. इस दौरान उन्होंने विधि-विधान से भगवान हरिहरनाथ का दर्शन कर आशीर्वाद लिया था और राज्य में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की थी.

**नीरज सिन्हा भी करेंगे नामांकन**

दूसरी तरफ, बीजेपी के प्रत्याशी नीरज सिन्हा भी नॉमिनेशन करने वाले हैं. सोमवार को रोड शो के दौरान जन सुराज और बीजेपी के कार्यकताओं का आमना-सामना भी हुआ. बीजेपी के प्रत्याशी भी रोड शो कर रहे थे. नॉमिनेशन से पहले नीरज सिन्हा ने पंचरूपी हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ किया और नवीन सिन्हा स्मृति पार्क जाकर नितिन नवीन के पिता को श्रद्धांजलि भी दी.

# शर्मनाक.. बुलेट नहीं मिली तो ले ली जान, फिर ससुराल वालों ने शव छूने से किया इनकार, बाइक पर बहन की लाश ले जाने को मजबूर हुआ भाई

**एजेंसी**

**पटना:** रिश्तों की संवेदनहीनता और अमानवीयता की एक ऐसी रूह कंपा देने वाली तस्वीर सामने आई है, जिसने पूरे समाज को कटघरे में खड़ा कर दिया है. सुप्पी थाना क्षेत्र के घरवारा गांव में एक बेबस भाई को अपनी लाडली बहन के शव को मोटरसाइकिल पर लादकर ले जाना पड़ा. मृतका के भाई गोपाल झा का आरोप है कि महज 7 महीने पहले ब्याही गई उसकी बहन मधु कुमारी की संदिग्ध मौत के बाद निष्ठुर ससुराल वालों ने उसका अंतिम संस्कार करने तक से साफ इनकार कर दिया. मौत के बाद भी उस अभागन बेटी को ससुराल में दो गज जमीन और अपनों का कंधा तक नसीब नहीं हुआ. काफी मिन्नतें करने के बाद भी जब कोई आगे नहीं आया, तो कलेजे पर पत्थर रखकर भाई खुद बाइक से अपनी बहन का शव मायके ले गया.



**फंदे से लटका मिला था शव, बुलेट की चाहत ने उजाड़ा सिंदूर**

यह दर्दनाक दास्तां महज सात महीने पहले शुरू हुई थी. गाढ़ा थाना क्षेत्र के मानिक चौक निवासी मधु कुमारी की शादी 5 दिसंबर 2025 को अवधेश कुमार झा के पुत्र चंदन कुमार झा के साथ बड़े अरमानों से हुई थी. लेकिन शादी के बाद से ही दहेज में 'बुलेट मोटरसाइकिल' की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाने लगा. रविवार की सुबह मधु का शव उसके ससुराल के कमरे में फंदे से लटकता हुआ बरामद हुआ. मायके वालों का सीधा आरोप है कि बुलेट नहीं मिलने के कारण उनकी बेटी की गला दबाकर हत्या की गई और उसे आत्महत्या का रूप दे दिया गया. इस अमानवीय घटना के बाद सदर अस्पताल में आक्रोशित परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने मृतका के ससुर की पिटाई भी कर दी.

**वीडियो वायरल, रिश्तों की संवेदनहीनता पर उठे सवाल**

इस मर्मस्पर्शी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें लाचार भाई अपनी मृत बहन के शव को बाइक के बीच में रखकर ले जाता दिख रहा है. वह रोते-बिलखते हुए ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगा रहा है. रिश्तों की इस कड़वाहट और संवेदनहीनता को देखकर हर कोई स्तब्ध है. सूचना मिलते ही सुप्पी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है. थानाध्यक्ष आशीष कुमार ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है और लिखित शिकायत के आधार पर आगे की कड़ी विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है. इस घटना ने समाज में गिरते मानवीय मूल्यों पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

# बिहार में फिर बदला मौसम का मिजाज, 19 जिलों में बारिश और ठनका का अलर्ट

**एजेंसी**

**बिहार :** बिहार में मॉनसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है. मौसम विभाग ने राज्य के 19 जिलों में आज हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है. वहीं कटिहार और किशनगंज में तेज बारिश होने का अलर्ट जारी किया है. सके अलावा अररिया, भागलपुर, बांका, मधेपुरा, पूर्णिया और सुपौल में ठनका गिरने का खतरा भी बताया है.मौसम विभाग के अनुसार, मुजफ्फरपुर से मॉनसून ट्रफ गुजर रही है, जिसका असर उत्तर और पूर्वी बिहार में देखने को मिलेगा. मुजफ्फरपुर, वैशाली, सीतामढ़ी, शिवहर, दरभंगा, समस्तीपुर, मधुबनी, सुपौल, किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, जमुई, मुंगेर, बांका, खगड़िया और भागलपुर समेत आसपास के इलाकों में बारिश हो सकती है.वहीं उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-मध्य बिहार के कुछ हिस्सों में भी कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना है. आईएमडी ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास नहीं जाने और घर या सुरक्षित जगह पर रहने की सलाह दी है.




**सीवान के मैरवा में सबसे ज्यादा बारिश**

बीते 24 घंटे के दौरान राज्य के कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई. सीवान के मैरवा में सबसे ज्यादा 75.6 मिमी बारिश हुई. इसके बाद अररिया के कुसाकांटा में 62.6 मिमी, सीवान के दरौली में 61 मिमी, अररिया के सिकटी में 60 मिमी और गोपालगंज के भोरे में 52.2 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई. किशनगंज के पोठिया में 44.8 मिमी, पश्चिम चंपारण के त्रिवेणी में 43 मिमी, सुपौल के बीरपुर में 36 मिमी, मधुबनी के बाबूबरही और शिवहर में 32.6-32.6 मिमी और गोपालगंज में 26.2 मिमी बारिश दर्ज की गई.

**पटना में भी बदला मौसम**

राजधानी पटना की बात करें तो यहां रविवार को दिनभर गर्मी और उमस रही. लेकिन शाम के समय कंकड़बाग सहित कुछ इलाकों में हल्की बारिश हुई. मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर-पूर्व बिहार के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के असर से पटना और आसपास के इलाकों में भी हल्की बारिश हो सकती है.

**अच्छी बारिश के इंतजार में किसान**

राज्य के लगभग सभी जिलों में मॉनसून पहुंच चुका है. लेकिन अब तक सामान्य से कम बारिश होने के कारण खेती का काम प्रभावित हुआ है. धान की रोपाई धीमी चल रही है और कई खेतों में पानी की कमी है. नदियों और तालाबों का जलस्तर भी उम्मीद के मुताबिक नहीं बढ़ा है. ऐसे में किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं.

# नॉमिनेशन से पहले आमने-सामने हुए जन सुराज और बीजेपी के कार्यकर्ता, फिर क्या हुआ

**एजेंसी**

**बिहार:** बांकीपुर उपचुनाव के लिए 30 जुलाई को वोट डाले जायेंगे. ऐसे में आज नॉमिनेशन का आखिरी दिन है. इखढ कैंडिडेट नीरज सिन्हा और जन सुराज के प्रत्याशी प्रशांत किशोर दोनों पर्चा भरेंगे. इससे पहले दोनों पार्टियों की ओर से रोड शो किया जा रहा है, शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है. इस दौरान पटना की सड़क पर अलग ही नजारा देखने के लिए मिला.

**आमने-सामने हुए बीजेपी कार्यकर्ता**

रोड शो के दौरान एक समय ऐसा आया कि जन सुराज और इखढ के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए. दोनों पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जमकर नारे लगाए. एक ओर से बीजेपी कैंडिडेट जबकि दूसरी ओर से जन सुराज के कैंडिडेट की जीत को लेकर नारे लगाए जा रहे थे. कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटने की वजह से ट्रैफिक जाम की भी स्थिति हो गई.

**बीजेपी प्रत्याशी के साथ सीनियर लीडर मौजूद**

BJP कैंडिडेट नीरज सिन्हा की बात करें तो, उनके साथ रोड शो में कई सीनियर लीडर भी मौजूद हैं. बीजेपी ऑफिस से नीरज सिन्हा फूलों से सजी रथ पर सवार होकर निकले थे. इससे पहले उन्होंने पंचरूपी हनुमान मंदिर में पूजा-पाठ किया था. साथ ही नवीन सिन्हा स्मृति पार्क जाकर नितिन नवीन के पिता को श्रद्धांजलि भी दी.



**कार्यकताओं के साथ निकले प्रशांत किशोर**

जन सुराज के प्रत्याशी प्रशांत किशोर के नॉमिनेशन में कार्यकताओं का हुजूम उमड़ पड़ा. पटना के स्काउट एंड गाइड मैदान में जनसभा को लेकर खास तैयारी की गई थी, जहां प्रशांत किशोर पहुंचे थे. इसके बाद वे यहां से नामांकन के लिए कार्यकताओं की भीड़ के साथ निकले. बीच रोड शो में वह कुछ देर के लिए कार्यकताओं के साथ पैदल भी चले.

## खबर संक्षेप



### एल्युमिनियम स्क्रैप पर लगा आयात शुल्क हटाने की मांग

**नई दिल्ली।** पुनर्चक्रण उद्योग ने सरकार से एल्युमिनियम कबाड़ यानी स्क्रैप पर लगने वाले 2.5 प्रतिशत शुल्क को समाप्त करने की मांग की है। मटेरियल रीसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमआरएआई) ने कहा कि शुल्क हटाने से पुनर्चक्रण और एल्युमिनियम आधारित विनिर्माण उद्योग की लागत कम करने में मदद मिलेगी तथा वे वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। एमआरएआई ने कहा है कि औद्योगिक मांग को पूरा करने के लिए देश आयातित एल्युमिनियम स्क्रैप पर निर्भर बना हुआ है।

### सेल इंडोनेशिया में स्टील के लिए संभावना तलाशेगी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और इंडोनेशिया की पीटी क्राकाटाउ स्टील प्रस्तावित संयुक्त उद्यम के तहत पांच लाख से 10 लाख टन क्षमता की स्टेनलेस स्टील परियोजना स्थापित करने की संभावना तलाश रही हैं। दोनों कंपनियों ने संयुक्त उद्यम की स्थापना के लिए सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा कि सेल और इंडोनेशिया की कंपनी पांच लाख टन क्षमता की स्टेनलेस स्टील परियोजना स्थापित करने की संभावना तलाशेंगी।

### डीएलएफ के चेयरमैन का वेतन 20 प्रतिशत बढ़ा



**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ लिमिटेड के चेयरमैन राजीव सिंह का पारिश्रमिक वित्त वर्ष 2025-26 में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 44.06 करोड़ रुपये हो गया है। वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान निदेशक/केएमपी (मुख्य प्रबंधकीय कर्मियों) को दिए गए वेतन की सूची के अनुसार, डीएलएफ के चेयरमैन एवं पूर्णकालिक निदेशक को वित्त वर्ष में 44.06 करोड़ रुपये वेतन मिला है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह राशि 36.65 करोड़ रुपये थी।

### भारत-कनाडा मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता हुई पूरी



**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच प्रस्तावित वृहद आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर तीसरे दौर की वार्ता 10 जुलाई को ओटावा में पूरी हो गई है। दोनों देशों ने इस समझौते पर 2026 के भीतर बातचीत पूरी करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। माल एवं सेवाओं का व्यापार, बौद्धिक संपदा, मूल स्थान के नियम, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता संबंधी उपाय तथा व्यापार में तकनीकी बाधाएं आदि मुद्दों पर पांच दिन तक बातचीत हुई।

### गोयल इस सप्ताह स्पेन और बेल्जियम जाएंगे



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की पांच दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रत्न एवं आभूषण, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा और डिजाइन जैसे क्षेत्रों की प्रमुख भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बयान के अनुसार, गोयल 13 जुलाई को स्पेन में भारत-स्पेन व्यापार गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

# अब नहीं बनेंगी आपकी एआई तस्वीरें! मेटा ने विवादित 'म्यूज इमेज' फीचर हटाया

नई दिल्ली

मेटा ने आठ जुलाई 2026 को इंस्टाग्राम के लिए म्यूज इमेज नाम का एक एआई फीचर लांच किया था। जिसका उद्देश्य क्रिएटिविटी को बढ़ावा देना था। इसकी मदद से कोई भी यूजर किसी पब्लिक इंस्टाग्राम अकाउंट का नाम लिखकर उसकी तस्वीरों से नई एआई इमेज तैयार कर सकता था।

इसके लिए यूजर को केवल प्रॉम्प्ट में उस अकाउंट का नाम यानी यूजरनेम लिखना होता था, और एआई उस प्रोफाइल की तस्वीरों के आधार पर एक बिल्कुल नया डिजिटल रूप तैयार कर देता। दुनियाभर में इस फीचर का विरोध किया गया, क्योंकि लोगों की प्राइवेसी के लिए खतरा था। मेटा ने फीचर का बचाव करने की कोशिश की। मेटा ने क्या कहा जब विवाद बढ़ने लगा, तो मेटा ने अपने आधिकारिक ब्लॉग पोस्ट में बताया कि म्यूज इमेज फीचर को बंद कर दिया गया है। कंपनी के मुताबिक, इस टूल का उद्देश्य यूजर्स को एक नया क्रिएटिव एआई अनुभव देना था, लेकिन संभावित गलत इस्तेमाल और मिले फीडबैक को देखते हुए इसे हटाने का फैसला लिया गया।

अब अगर कोई यूजर मेटा एआई में किसी इंस्टाग्राम अकाउंट को टैग करके एआई इमेज बनाने की कोशिश करेगा, तो चैटबॉट ऐसा करने से इंकार कर देगा।

## मेटा ने आठ जुलाई को इंस्टाग्राम पर एक एआई फीचर लांच किया था

### कैसे शुरू हुआ विवाद?

फीचर लांच होते ही सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना शुरू हो गई। यूजर्स का कहना था कि उनकी परमिशन के बिना तस्वीरों को एआई मॉडल में इस्तेमाल करना प्राइवेसी के खिलाफ है। कई लोगों ने आशंका जताई कि इस फीचर का इस्तेमाल करके किसी की फर्जी एआई इमेज बनाई जा सकती है, जिससे पहचान के दुरुपयोग और डिजिटल धोखाधड़ी का खतरा बढ़ सकता है। यानी की इससे डीपफेक जैसे मामले भी बढ़ सकते हैं।




### हॉलीवुड से भी उठा विरोध

इस फीचर से केवल आम यूजर्स को ही नहीं, बल्कि हॉलीवुड के दिग्गजों को भी समस्या थी। मशहूर टैलेंट एजेंसी सीएए, जो टॉम क्रूज और जेंडाया जैसे कलाकारों का प्रतिनिधित्व करती है, ने भी इस फीचर पर आपत्ति जताई। उनका कहना था कि किसी व्यक्ति की तस्वीरों का एआई के लिए उपयोग उसकी स्पष्ट सहमति के बिना नहीं होना चाहिए।

## सीआरईए ने कहा, पिछले माह से 34 फीसदी अधिक आयात

# भारत ने जून में रूस से रिकॉर्ड 4.5 अरब यूरो का कच्चा तेल खरीदा : रिपोर्ट

नई दिल्ली

भारत ने इस साल जून में रूस से रिकॉर्ड मात्रा में कच्चे तेल का आयात किया है और यह इससे पिछले महीने की तुलना में 34 प्रतिशत अधिक रहा है। हालांकि, इस दौरान अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में नरमी के कारण रूस की तेल निर्यात से होने वाली आय में कमी दर्ज की गई।

- कीमतों में नरमी के कारण तेल निर्यात से आय में कमी दर्ज

सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जून में भारत ने रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा, जो रूस से उसके कुल 5.5 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन आयात का 83 प्रतिशत बैठता।

**खास बातें**

- जून में भारत ने रूस से 4.5 अरब यूरो मूल्य का कच्चा तेल खरीदा



### ब्रिटिश सरकार के विशेष प्रावधान से आयात हुआ संभव

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि यूरोपीय संघ द्वारा रूसी कच्चे तेल से बने उत्पादों के आयात पर प्रतिबंध के बावजूद जून में भारतीय रिफाइनरियों से भेजी गई ऐसी दो खेप यूरोपीय बंदरगाहों पर उतारी गईं। इसके अलावा, ब्रिटेन ने भी जून में जामनगर रिफाइनरी से रूसी कच्चे तेल से तैयार जेट ईंधन की पहली खेप प्राप्त की। ब्रिटिश सरकार द्वारा दिए गए विशेष प्रावधान के तहत यह आयात संभव हुआ।

### रूसी तेल की आपूर्ति भारतीय रिफाइनरियों में बढ़ी

इस तरह भारत चीन के बाद रूस से हाइड्रोकार्बन खरीदने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा। भारत के कुल कच्चे तेल आयात में जून के दौरान मासिक आधार पर 5.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान रूसी तेल की आपूर्ति भारतीय रिफाइनरियों में उल्लेखनीय रूप से बढ़ी।

### रिलायंस की रिफाइनरी से तेल की आपूर्ति

रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी में रूस से तेल की आपूर्ति मई की तुलना में 150 प्रतिशत, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की पारादीप रिफाइनरी में 126 प्रतिशत, भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) की कोच्चि रिफाइनरी में 83 प्रतिशत और नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी में 45 प्रतिशत बढ़ी।

### भारत की निर्यात मात्रा 14 प्रतिशत बढ़ी

सीआरईए के अनुसार, भारत की बढ़ी हुई खरीदारी से जून में रूस के कच्चे तेल के निर्यात की मात्रा 14 प्रतिशत बढ़ गई। इसके बावजूद कम कीमतों के कारण रूस की कच्चे तेल से दैनिक निर्यात आय आठ प्रतिशत घटकर 34.8 करोड़ यूरो प्रतिदिन रह गई। कुल मिलाकर रूस के जीवाश्म ईंधन निर्यात की दैनिक आय एक प्रतिशत घटकर 73.4 करोड़ यूरो रह गई, जबकि निर्यात मात्रा सात प्रतिशत बढ़ी।

### भारत वैश्विक व्यापार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा

रिपोर्ट कहती है जून में भारत द्वारा रूस से आयात किए गए 5.5 अरब यूरो के जीवाश्म ईंधन में 4.5 अरब यूरो का कच्चा तेल, 48.8 करोड़ यूरो के पेट्रोलियम उत्पाद और 44.4 करोड़ यूरो का कोयला शामिल था। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत, रूस के कच्चे तेल से तैयार किए गए परिष्कृत ईंधन के वैश्विक व्यापार में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

### 81.4 करोड़ यूरो मूल्य का उत्पाद निर्यात

जून में भारत, तुर्किये, ब्रुनेई और जॉर्जिया की रिफाइनरियों ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों— यूरोपीय संघ, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया-को 81.4 करोड़ यूरो मूल्य के पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात किया। इनमें से लगभग 36.9 करोड़ यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे।

# खाड़ी में तनाव से सोने-चांदी पर दबाव बने रहने की संभावना

नई दिल्ली

अमेरिका-ईरान संघर्ष में ताजा तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई के आंकड़ों पर निवेशकों की नजर के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में फिलहाल गिरावट का रुख कायम रह सकता है। विश्लेषकों ने कहा कि महंगाई के आंकड़े वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बाजार की उम्मीदों को प्रभावित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में ताजा तनाव से एक बार फिर वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ गई है। ईरान ने हाल में कहा था कि उसने एक ऐसे जहाज को निशाना बनाया जो

- कच्चे तेल की कीमतों पर निवेशकों की नजर



उसकी मंजूरी के बिना मार्ग से गुजर रहा था। इसके बाद उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की। इसके बाद अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात , कुवैत और बहरीन में अमेरिका से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (जिंस एवं मुद्रा शोध) प्रणव मेर ने कहा, "सोने और चांदी में फिलहाल गिरावट और 'करेक्शन' का दौर जारी है। अब बाजार का ध्यान फिर से अमेरिका-ईरान संघर्ष पर रहेगा।

### हर उछाल पर निवेशकों की मुनाफावसूली

*मेर ने कहा कि बीच-बीच में सुधार की कोशिशों के बावजूद सर्राफा कीमतें तेजी को बनाए रखने में विफल रहीं और हर उछाल पर निवेशकों ने मुनाफावसूली की। त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय रुपये में मामूली गिरावट से एमसीएक्स सोने को सीमित समर्थन मिला, लेकिन वैश्विक बाजार में कमजोर रुख ने इसके प्रभाव को काफी हद तक संतुलित कर दिया।*

# एयरटेल 10 साल में 3.3 लाख करोड़ रुपए का करेगी निवेश

नई दिल्ली

भारती एयरटेल के चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कहा है कि कंपनी ने पिछले एक दशक में डिजिटल बुनियादी ढांचे के निर्माण में 3.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और अब वृद्धि के अगले चरण के लिए वित्तीय सेवाओं, डेटा केंद्रों और क्लाउड सेवाओं पर बड़ा दांव लगा रही है।

- वित्तीय सेवाओं डेटा सेंटर और क्लाउड पर लगाएगी दांव

कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में मित्तल ने कहा कि एयरटेल ने नए विकास क्षेत्रों को तैयार करने के लिए सोच-समझकर कदम उठाए हैं। इन प्रयासों से कंपनी को मजबूत परिणाम मिले हैं और अब उसे वित्तीय सेवाएं, डेटा केंद्र और एयरटेल क्लाउड क्षेत्र में आगे बढ़ने की अच्छी संभावनाएं दिख रही हैं। चेयरमैन ने कहा कि भारती एयरटेल ने अपनी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) एयरटेल मनी में 20,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। वहीं, कंपनी की डेटा सेंटर इकाई नेक्स्ट्रा ने एक गीगावाट (जीडब्ल्यू) क्षमता विकसित करने की योजना के तहत हाल में एक अरब डॉलर (करीब 9,500 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। मित्तल ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एयरटेल मनी को गैर-जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में काम करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, "यह कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और भारत में वित्तीय समावेशन का दायरा बढ़ाने के व्यापक लक्ष्य की दिशा में भी अहम कदम है।"




### एक गीगावाट क्षमता तैयार की जाएगी

मित्तल ने कहा कि एयरटेल मनी को आने वाले वर्षों में पर्याप्त पूंजी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण, क्लाउड सेवाओं के बढ़ते उपयोग और डेटा को देश में ही रखने की जरूरतों के कारण नेक्स्ट्रा अगले कुछ वर्षों में एक गीगावाट क्षमता तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

# ग्राहकों की जरूरत के अनुरूप नए मॉडल लाएगी होंडा मोटर

नई दिल्ली

जापान की प्रमुख वाहन कंपनी होंडा मोटर भारत के दोपहिया वाहन बाजार की दीर्घकालिक वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशान्वित है। कंपनी का मानना है कि व्यक्तिगत परिवहन की बढ़ती जरूरत, कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और प्रीमियम वाहनों की बढ़ती मांग आने वाले वर्षों में उद्योग की वृद्धि को गति देती रहेगी। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) त्सुत्सुमु ओतानी ने कहा कि कंपनी ग्राहकों की बदलती जरूरतों के अनुरूप नए उत्पाद बाजार में उतारने की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की दूसरी छमाही में त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए कई नए मॉडल पेश किए जाएंगे। ओतानी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय दोपहिया उद्योग ने ग्रामीण मांग में सुधार, प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती बिक्री, निर्यात में मजबूती और सरकार की अनुकूल नीतियों के कारण शानदार प्रदर्शन किया।

- भारत के दोपहिया वाहन बाजार को लेकर आशान्वित है कंपनी



# तिमाही नतीजों से तय होगी घरेलू शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव, कंपनियों के तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और महंगाई के आंकड़ों से तय होगी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर भी निवेशकों की करीबी नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि घरेलू स्तर पर निवेशक जून के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भंडार के ताजा आंकड़ों पर ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का सीजन अब रफ्तार पकड़ेगा। इस दौरान कंपनियों के प्रबंधन की टिप्पणियां विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं और आमदनी के अनुमानों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। मिश्रा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर पर भी बाजार की नजर बनी रहेगी। चार महीनों तक लगातार बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) जुलाई में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। उन्होंने इस महीने अबतक 15,157 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे हैं। इसके पीछे घरेलू आर्थिक संकेतकों में सुधार, रुपये की स्थिरता और वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार को प्रमुख वजह माना जा रहा है।

- भू-राजनीतिक स्थिति, कच्चे तेल की कीमतें डालेगी प्रभाव



### मुद्रास्फीति का आंकड़ा होगा आज जारी

मीणा ने कहा कि भारत का सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा सोमवार को और डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा मंगलवार को जारी होगा। इसके अलावा ग्रामीण मांग और महंगाई पर प्रभाव को देखते हुए मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी।

# पूंजीकरण में सबसे अधिक लाभ में एचडीएफसी बैंक रही

**नई दिल्ली।** पिछले सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 92,995.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 194.52 अंक यानी 0.25 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 63.95 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई।





# चार माह की बिकवाली के बाद विदेशी निवेशक लौटे

नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार चार महीने तक बिकवाली करने के बाद जुलाई में अबतक भारतीय शेयरों में 15,157 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश किया है। बेहतर होते घरेलू व्यापक आर्थिक संकेतकों, रुपये की स्थिरता और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती धारणा से यह रुझान देखने को मिला है। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले जून में एफपीआई ने 49,340 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मार्च में 1.17 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इस बिकवाली के दौर से पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। हालांकि, जुलाई में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध निवेश किया है, लेकिन वर्ष 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयरों से कुल 2.60 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से काफी अधिक है।

- जुलाई में अबतक एफपीआई ने डाले 15,157 करोड़ रुपए



### घरेलू अर्थव्यवस्था में दिखा सुधार

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि घरेलू अर्थव्यवस्था में सुधार और रुपये की स्थिरता ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर कारोबार में कमजोरी तथा दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में एफपीआई की बिकवाली के कारण निवेश का एक हिस्सा भारत की ओर आया है।

## हिन्दुस्तान लीवर और डाबर में कर्मचारियों की संख्या घटी

# बीते वित्त वर्ष एफएमसीजी में कर्मियों की संख्या घटी

नई दिल्ली

देश की प्रमुख रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों के कर्मचारियों की संख्या में बीते वित्त वर्ष 2025-26 में मिला-जुला रुख देखने को मिलता है। इन कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है। बीते वित्त वर्ष में जहां हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) और डाबर इंडिया ने अपने स्थायी कर्मचारियों की संख्या घटाई, वहीं नेस्ले इंडिया, मैरिको और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (टीसीपीएल) ने अपने कार्यबल का विस्तार किया। वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में इन कंपनियों में कर्मचारियों के वेतन में औसतन 6.08 प्रतिशत से 12.1 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।

- टीसीपीएल में वेतनवृद्धि सबसे अधिक रही



### एचयूएल में स्थायी कर्मचारियों की संख्या घटी

सबसे अधिक 12.1 प्रतिशत की वृद्धि टीसीपीएल ने की, जबकि एचयूएल में यह वृद्धि सबसे कम 6.08 प्रतिशत रही। एचयूएल के स्थायी कर्मचारियों की संख्या 31 मार्च, 2026 तक घटकर 5,898 रह गई, जो एक वर्ष पहले 6,604 थी। यानी कंपनी के स्थायी कर्मचारियों की संख्या में 700 से अधिक की कमी आई।

### डाबर ने कर्मचारियों के औसत वेतन में वृद्धि की

घरेलू एफएमसीजी कंपनी डाबर इंडिया के स्थायी कर्मचारियों की संख्या भी घटकर 4,770 रह गई, जो पिछले वर्ष 5,343 थी। इसके बावजूद कंपनी ने कर्मचारियों के औसत वेतन में 7.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की, जबकि 2024-25 में यह वृद्धि छह प्रतिशत थी।

### एफएमसीजी स्वचालन पर अधिक निवेश कर रही

विशेषज्ञों का कहना है कि एफएमसीजी कंपनियां अब विनिर्माण, गोदाम, आपूर्ति श्रृंखला और बैक-ऑफिस संचालन में स्वचालन (ऑटोमेशन) पर अधिक निवेश कर रही हैं। डिजिटल उपकरण, कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित विश्लेषण, स्वचालित पैकेजिंग लाइन और एकीकृत ईआरपी प्रणालियों के इस्तेमाल से कंपनियां कम कर्मचारियों के साथ अधिक उत्पादन और वितरण करने में सक्षम हो रही हैं।

### नेस्ले में मामूली कर्मचारी बढ़े

नेस्ले इंडिया में कुल कर्मचारियों की संख्या मामूली बढ़कर 8,680 हो गई, जबकि स्थायी कर्मचारियों की संख्या 8,419 से घटकर 8,382 रह गई। कंपनी ने कर्मचारियों के वेतन में औसतन 7.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। दूसरी ओर, मैरिको और टीसीपीएल ने अपने स्थायी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई।

# अल्वारेज के जादू से सेमीफाइनल पहुंची अर्जेंटीना, स्विट्जरलैंड लौटी घर

**अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल की मदद से मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा हालांकि यह मुकाबला उतना आसान नहीं था, जिनका सोचा जा रहा था।**



जूलियन अल्वारेज

कंसास सिटी

विश्व कप में लगातार गोल करने का लियोनेल मेस्सी का 9 मैचों का सिलसिला टूट गया लेकिन लगातार दूसरे खिताब से अब वह सिर्फ दो जीत दूर हैं। सेमीफाइनल में उसे इंग्लैंड से खेलना है। दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना स्पेन से होगा और पहली बार फीफा रैंकिंग की शीर्ष चारों टीमें विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

दूसरा हाफ काफी नाटकीय रहा और एक बार फिर रैफरी के फैसले के बाद आलोचक मुखर हो जाएंगे कि टूर्नामेंट में अर्जेंटीना का पक्ष लिया जा रहा है। स्विटरजलैंड ने 67वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बराबरी की थी जब ब्रील एम्बोलो से टकराने के कारण लिएंड्रो पेरेदेस को येलो कार्ड दिखाया गया। वीडियो से हालांकि जाहिर था कि स्विस खिलाड़ी एम्बोलो अर्जेंटीना के मिडफील्डर से टकराने से पहले ही गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले ही येलो कार्ड मिल चुका था, जो उसे रेडकार्ड में बदल दिया गया। स्विटजरलैंड को आखिर में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इस विश्व कप में दूसरी बार येलो कार्ड का फैसला बदला गया है।

दूसरे हाफ में स्विस टीम ने लगातार हमले बोले और रिकार्डो रौड्रिगेज के पास पर एनडोये ने बराबरी का गोल दाग दिया। इसके कुछ देर बाद ही हालांकि एम्बोलो को रेडकार्ड मिला। निर्धारित समय तक स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद मुकाबला अतिरिक्त समय तक गया।

## एम्बोलो को रेडकार्ड से आगबबूला स्विटजरलैंड टीम



स्विजटरलैंड के फॉरवर्ड ब्रील एम्बोलो को अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वार्टर फाइनल मैच के दूसरे हाफ में वीडियो रिव्यू के बाद रेडकार्ड दिखाए जाने के फैसले पर विवाद हो गया है और यह तो तय है कि इससे पूरे टूर्नामेंट में रैफरियों की ओर से अर्जेंटीना का पक्ष लिए जाने की आलोचना करने वाले और मुखर हो जाएंगे।स्विटजरलैंड के लिए डैन एनडोये ने 67वें मिनट में बराबरी का गोल दागा। इसके बाद अर्जेंटीना के मिडफील्डर लिएंड्रो पेरेडेस को एम्बोलो से टकराने के कारण येलो कार्ड दिखाया गया लेकिन वीडियो रिव्यू में नजर आया कि पेरेडेस से टकराने से पहले ही एम्बोलो गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले येलो कार्ड मिल चुका था, जिसकी वजह से उन्हें रेडकार्ड दिया गया। मैच 1-1 से बराबर होने के बाद स्विटजरलैंड को दस खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा।

## लगातार गोल का मेस्सी का सिलसिला टूटा

विश्व कप में लगातार गोल का लियोनेल मेस्सी का 9 मैचों का सिलसिला आखिरकार स्विटजरलैंड के खिलाफ टूट गया लेकिन अर्जेंटीना को स्विटजरलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में उन्होंने अहम योगदान दिया। इस विश्व कप में फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे के साथ सर्वाधिक आठ गोल कर चुके मेस्सी ने दसवें मिनट में कॉर्नर किक हासिल की और अपने कलात्मक खेल से बॉक्स के भीतर एलेक्सिस मैक एलिस्टर को गेंद सौंपी, जिन्होंने अर्जेंटीना को बढत दिलाई। दूसरे हाफ में दाहिने घुटने के पास ठोकर लगने से मेस्सी को ट्रेनर की मदद लेनी पड़ी थी। स्विटजरलैंड ने 67वें मिनट में बराबरी का गोल किया लेकिन अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल के दम पर अर्जेंटीना ने 3-1 से जीत दर्ज की। मैच से पहले स्विटजरलैंड के कोच मुरात याकिन से पूछा गया था कि मेस्सी को कैसे रोकेंगे, जो विश्व कप के कैरियर में अब तक 21 गोल कर चुके हैं और पिछले नौ मैचों में गोल किया है। इस पर उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा,' यह काफी हैरान करने वाला सवाल है।




## 2018 के बाद पहली बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड, नहीं चला हालैंड का जादू

- अब सेमीफाइनल में अर्जेंटीना से महामुकाबला
- इंग्लैंड ने नॉर्वे को 2-1 से हराया, बेलिंगहम ने दागे 2 गोल

**मियामी गार्डंस।** जूड बेलिंगहम के दो गोल की मदद से इंग्लैंड ने एर्लिंग हालैंड की नॉर्वे को 2-1 से हराकर 2018 के बाद पहली बार विश्व कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। बेलिंगहम ने अतिरिक्त समय के तीसरे मिनट में विजयी गोल से पहले शुरुआती हाफ में बराबरी का गोल भी किया था। बेलिंगहम के अब हैरी केन के बराबर छह गोल हो गए हैं और वह आठ गोल करने वाले फ्रांस के कीलियन एमबाप्पे और अर्जेंटीना के लियोनेल मेस्सी और नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड (सात गोल) से ही पीछे हैं। इस विश्व कप के हर मैच में गोल करने वाले छह फुट पांच इंच लंबे हालैंड का जादू इस मैच में नहीं चल सका। उन्होंने अंतिम 16 के मुकाबले में सह मेजबान मैक्सिको के खिलाफ भी दो गोल किए थे। पिछले 60 साल में खिताब नहीं जीत सकी विश्व कप 1966 विजेता इंग्लैंड का सामना अब अर्जेंटीना से होगा।

### क्वार्टर फाइनल में चमक नहीं बिखेर सके हालैंड



**मियामी।** इस विश्व कप के सबसे चर्चित खिलाड़ियों में से एक और 'वाइकिंग रो' (नॉर्वे का जश्न मनाने का अनूठा अंदाज) के सबसे बड़े स्टार एर्लिंग हालैंड इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टर फाइनल चमक नहीं बिखेर सके और नॉर्वे की टूर्नामेंट से निराशाजनक विदाई हुई। मैच में छह फुट पांच इंच लंबे स्ट्राइकर हालैंड कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके। अतिरिक्त समय के अंतिम 15 मिनट में नॉर्वे बराबरी का गोल नहीं दाग सकी। इंग्लैंड ने उसे 2-1 से हराया और इस विश्व कप में पहली बार हालैंड के नाम कोई गोल नहीं चढा। टूर्नामेंट में सात गोल कर चुके हालैंड को दूसरे अतिरिक्त समय में बेंच पर बैठना पड़ा।

### नहीं रहे दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर एडम्स



**जोहानिसबर्ग।** विश्व कप खेल चुके दक्षिण अफ्रीका के मिडफील्डर जेडेन एडम्स का 25 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दक्षिण अफ्रीका के खेल, कला और संस्कृति मंत्री गेटोन मैकेंजी ने उनके निधन की पुष्टि की। मैकेंजी ने एक्स पर लिखा,' बहुत दुख और भारी मन से यह बता रहा हूं कि मुझे जेडन एडम्स के निधन के बारे में पता चला है, जो टीम के मिडफील्डर थे। वह 25 वर्ष के थे।' उन्होंने लिखा,' दक्षिण अफ्रीका फुटबॉल ने अपने सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक को खो दिया। उनके परिवार, टीम और लाखों प्रशंसकों के साथ पूरा देश शोक में है।'

# विश्व नंबर-1 सिनर का दबदबा कायम लगातार दूसरी बार बने विंबलडन चैंपियन



लंदन

विश्व नंबर एक यानिक सिनर ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पेरिस की निराशा के बाद वह विंबलडन में दमदार वापसी करना बखूबी जानते हैं।
इटली के स्टार खिलाड़ी ने रविवार को पुरुष एकल फाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-7 , 7-6), 6-3, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार विंबलडन का खिताब अपने नाम कर लिया। मुकाबले का निर्णायक मोड़ तीसरे सेट में आया, जब ज्वेरेव एक महत्वपूर्ण अंक के दौरान घास पर फिसल गए। इसके बाद वह घुटने की परेशानी से जूझते नजर आए, जिसका असर उनके खेल पर भी पड़ा।

### ज्वेरेव के खिलाफ सिनर की लगातार 10वीं जीत

सिनर ने अपने करियर का पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब ऐसे समय जीता है, जब उन्होंने फ्रेंच ओपन में दूसरे दौर में मिली अप्रत्याशित हार की निराशा को पीछे छोड़ते हुए शानदार वापसी की। पिछले वर्ष भी सिनर ने फ्रेंच ओपन में कार्लोस अल्कारेज के खिलाफ फाइनल में तीन मैच प्वाइंट गंवाने के बाद विम्बलडन में जोरदार वापसी की थी और ऑल इंग्लैंड क्लब के फाइनल में अल्कारेज को हराकर खिताब जीता था। यह ज्वेरेव के खिलाफ सिनर की लगातार 10वीं जीत भी रही।

### गुओ हान्यू और क्रिस्टीना म्लादेनोविक ने जीता महिला युगल का खिताब



चीन की गुओ हान्यू और फ्रांस की क्रिस्टीना म्लादेनोविक की जोड़ी ने विंबलडन महिला युगल का खिताब जीत लिया। फाइनल में दसवीं वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने दूसरी वरीयता प्राप्त कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और ब्राजील की लुइसा स्टेफनी को सीधे सेटों में 6-3, 7-5 से हराया। हान्यू और क्रिस्टीना का साथ खेलते हुए यह पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है। फाइनल में गुओ और म्लादेनोविक ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया। उन्होंने पहले सेट में तेज खेल दिखाते हुए 5-0 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे सेट में मुकाबला काफी रोमांचक रहा। दूसरी वरीय जोड़ी ने कई मौकों पर बढ़त बनाने की कोशिश की, लेकिन म्लादेनोविक के मजबूत फोरहैंड और दोनों खिलाड़ियों की शानदार तालमेल ने उन्हें बराबरी पर बनाए रखा। 5-5 की स्थिति पर गुओ हान्यू ने बेहतरीन क्रॉस-कोर्ट बैकहैंड विनर लगाकर महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल किया। इसके बाद म्लादेनोविक ने सर्विस गेम में संयम दिखाते हुए फोरहैंड विनर के साथ मैच और खिताब अपने नाम कर लिया।




## टीम इंडिया में करारी हार के बाद दो बदलाव, प्रिंस और बिश्नोई को मौका

**बर्मिंघम।** युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत की आगामी एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में क्रमशः प्रिंस यादव और रवि बिश्नोई को शामिल किया गया है। प्रिंस, राणा की जगह इंग्लैंड में भारतीय एकदिवसीय टीम से जुड़ेंगे। ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के 17वें ओवर में 29 रन खर्च कर भारत की हार के कारण बने लेग स्पिनर बिश्नोई को जिम्बाब्वे में इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चक्रवर्ती की जगह एक और मौका मिला है। बीसीसीआई ने कहा, 'राणा ने ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान अपने दाहिने पैर में अचानक तकलीफ महसूस की। बाद में हुए स्कैन में 'ग्रेड-एक हैमस्ट्रिंग' चोट की पुष्टि हुई। बयान के अनुसार, ''उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है।

## महिला टेस्ट : इंग्लैंड पर बड़ी जीत से 4 विकेट दूर टीम इंडिया



- इंग्लैंड के सामने 457 रन का मुश्किल लक्ष्य

**लंदन।** विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया के शानदार शतक के बाद भारतीय गेंदबाजों ने रविवार को तीसरे दिन परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाते हुए लाइर्स पर पहले महिला टेस्ट में मेहमान टीम को इंग्लैंड पर बड़ी जीत के करीब पहुंचा दिया। यास्तिका (158 गेंद में 14 चौके से 158 रन) इस मशहूर मैदान पर पर टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं, जिससे भारत ने तीसरे दिन चाय के विश्राम से पहले दूसरी पारी 7 विकेट पर 341 रन पर घोषित कर इंग्लैंड के सामने जीत के लिए 457 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। ते ज गेंदबाज क्रांति गौड़ के 'सीम मूवमेंट' का सामना करने में नाकाम रही घरेलू टीम की बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराशाजनक प्रदर्शन किया और स्टंप के समय इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 130 रन था। टीम अब भी 327 रन से पीछे है जबकि भारत को बस चार विकेट की दरकार है।

### 'लॉइर्स' में टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला बनीं यास्तिका

भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया लॉइर्स के ऐतिहासिक मैदान पर टेस्ट शतक लगाने वाली पहली महिला बल्लेबाज बन गई हैं। यास्तिका ने रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स के मैदान पर जारी टेस्ट मैच में भारत की दूसरी पारी के दौरान 113 रन बनाए। इस पारी में उन्होंने 158 गेंदों का सामना करते हुए 14 चौके लगाए। यह लॉर्ड्स के मैदान पर खेला जा रहा पहला महिला टेस्ट मैच है। यास्तिका टेस्ट की तीसरी या चौथी पारी में सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली भारतीय महिला बल्लेबाज भी बन गई हैं। वह इस मामले में पहली शतकवीर भी हैं। इस लिस्ट में दूसरे पायदान पर संध्या अग्रवाल हैं, जिन्होंने साल 1985 में न्यूजीलैंड के विरुद्ध लखनऊ के मैदान पर 98 रनों की पारी खेली थी।

# मेस्सी का जादू, एमबाप्पे की रफ्तार या केन की कप्तानी, अंतिम चार में किसे चुनेंगे?

न्यूयॉर्क

लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना या कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस या फिर हैरी केन की इंग्लैंड ? फुटबॉल के महासमर से अगर आपकी पसंदीदा टीम बाहर हो गई है और आपको समझ में नहीं आ रहा कि सेमीफाइनल में किस टीम का समर्थन करें तो यह आपके लिए है। इसके लिए सेमीफाइनल में पहुंची चारों टीमों के बारे में हम संक्षिप्त जानकारी दे रहे हैं ताकि आप खुद चयन कर सकें।



### अर्जेंटीना

#### स्टार खिलाड़ी : मेस्सी

अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली टीम बनना चाहती है। मेस्सी विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक 21 गोल कर चुके हैं और इस बार टूर्नामेंट में आठ गोल करके शीर्ष पर हैं। क्वार्टर फाइनल में अतिरिक्त समय में दो गोल करके अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3- से हराया।
**नारा :** ''वामोस, वामोस अर्जेंटीना ''।
**अर्जेंटीना को क्यों चुने :** शर्तिया अच्छा प्रदर्शन, दस नंबर की जर्सी वाले (मेस्सी) का जादुई खेल।



### फ्रांस

#### स्टार खिलाड़ी : एमबाप्पे, माइकल ओलिसे

2018 में चैंपियन 2022 में उपविजेता और इस साल की प्रबल दावेदार। विश्व कप के दिग्गज फ्रांस के कोच दिदियेर डेसचैम्प्स बतौर कप्तान 1998 में खिताब जीत चुके हैं जब जिनेदीन जिदान टीम में हुआ करते थे। वहीं 20 साल बाद बतौर कोच टीम को खिताब दिलाया।
**नारा :** 'एलेज लेस ब्लूज '।
**फ्रांस को क्यों चुने :** अगर आपको गगनचुंबी इमारतें, शैंपेन, फैशन, फ्रेंच ब्रेड पसंद है। फुटबॉल में जबर्दस्त आक्रमण पंक्ति।



### इंग्लैंड

#### स्टार खिलाड़ी : हैरी केन, जूड बेलिंगहम

इंग्लैंड फुटबॉल टीम ने 1966 विश्व कप के बाद कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता है। इंग्लैंड ने फुटबॉल का अविष्कार किया लेकिन सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। 'वाइकिंग रो' स्टार एर्लिंग हालैंड की नॉर्वे को हराकर अंतिम चार में पहुंची इंग्लैंड।
**नारा :** 'इट्स कमिंग होम'।
**इंग्लैंड को क्यों चुने :** बरसों की नाकामी का दर्द। इसके अलावा ब्रिटिश रॉकबैंड ओएसिस, शेर, मछली और चिप्स के दीवाने हैं।



### स्पेन

#### स्टार खिलाड़ी : लमाइन यमल, रोड्री

स्पेन ने टूर्नामेंट में बेल्जियम के खिलाफ क्वार्टर फाइनल तक एक भी गोल नहीं गंवाया। यमल जैसा विंगर टीम में है, जिसके कमाल के प्रदर्शन से टीम ने 2024 में यूरोपीय चैंपियनशिप जीती थी। सोमवार को यमल 19 साल का हो जाएगा।
**नारा :** 'लोलोलोलो' ।
**स्पेन को क्यों चुने :** गेंद पर कमाल का नियंत्रण, जबर्दस्त विंगर और अगर आप स्पेनिश व्यंजनों के दीवाने हैं।

# ईरान की नई 'हिट लिस्ट': ट्रंप, नेतन्याहू और मेलोनी समेत 13 विश्व नेताओं को दी जान से मारने की धमकी

एजेंसी



**तेहरान।** ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई ने अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में यह हिट लिस्ट जारी की. ईरानी मीडिया 'हमशहरी' के अनुसार सूची में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और इतालवी पीएम जियोर्जिया मेलोनी सहित दुनिया के 13 प्रमुख नेताओं को सीधे तौर पर निशाना बनाने की घोषणा की गई है. ईरानी मीडिया द्वारा जारी किए गए ग्राफिक लेआउट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के माथे पर स्नाइपर-शैली के क्रॉसहेयर (निशाना लगाने वाले चिह्न) अंकित किए गए हैं. इसके ठीक नीचे दुनिया के 11 अन्य प्रभावशाली नेताओं को नारंगी रंग की जेल की वर्दी पहने हुए दिखाया गया है.

**इस सूची में शामिल प्रमुख नेता**

कीर स्टारमर (ब्रिटिश प्रधानमंत्री) इमैनुएल मैक्रॉन (फ्रांसीसी राष्ट्रपति) जियोर्जिया मेलोनी (इतालवी प्रधानमंत्री) फ्रेडरिक मर्ज (जर्मन चांसलर) मार्को रुबियो (अमेरिकी विदेश मंत्री) पीट हेगसेथ (अमेरिकी रक्षा मंत्री) ब्रैड कूपर (अमेरिकी केंद्रीय कमान के कमांडर) माइक हकाबी (इजरायल में अमेरिकी राजदूत) एयाल जमीर (इजरायल रक्षा बलों के चीफ ऑफ स्टाफ) गिदोन सार (इजरायली विदेश मंत्री)

**प्रतिशोध हमारे राष्ट्र की सामूहिक इच्छा : मोजतबा**

मोजतबा खामेनेई ने अपने बयान में बेहद सख्त रुख अपनाते हुए कहा, प्रतिशोध हमारे राष्ट्र की सामूहिक इच्छा है और इसे हर हाल में अनिवार्य रूप से पूरा किया जाएगा. इस सूची में शामिल अपराधी अपने साथ इस कामना को कब्र में ले जाएंगे कि उन्हें अपने बिस्तर पर कभी शांतिपूर्ण मौत मिले. यह सनसनीखेज सूची ऐसे समय में सामने आई है जब अमेरिकी खुफिया एजेंसियों को डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की ईरानी साजिश से जुड़ी पुख्ता जानकारियां मिली हैं. इजरायल द्वारा वाशिंगटन के साथ साझा किए गए इनपुट्स के अनुसार, ट्रंप को निशाना बनाकर एक हमला करने की योजना बनाई गई थी. यही कारण था कि हाल ही में तुर्की में नाटो शिखर सम्मेलन से लौटते समय सुरक्षा कारणों से ट्रंप ने अपना आधिकारिक विमान (एयर फोर्स वन) बदल दिया था.

# अमेरिका ने ईरान पर फिर की भीषण बमबारी, ड्रोन लॉन्च साइट्स सहित ईरान के 140 सैन्य ठिकानों पर किए हमले

एजेंसी



**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में चल रहा तनाव अब एक बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने रविवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर ईरान के खिलाफ एक और बड़ा और आक्रामक सैन्य अभियान शुरू कर दिया है। अमेरिकी सेना ने जमीन, समुद्र और हवा से एक साथ कार्रवाई करते हुए ईरान के भीतर करीब 140 सैन्य ठिकानों पर बेहद सटीक हमले किए हैं। सेंटकॉम के अनुसार, इस बड़े हमले का मुख्य उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों और नागरिक नाविकों को निशाना बनाने की ईरानी क्षमता को पूरी तरह से कमजोर और ध्वस्त करना है। इस भारी बमबारी के बाद ईरान के कई प्रांतों में जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में युद्ध की आशंका और गहरी हो गई है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस ताजा और तीसरे दौर के हमले में अमेरिकी सेना ने अपने आधुनिक लड़ाकू विमानों, ड्रोन्स और नौसैनिक युद्धपोतों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। अमेरिकी मिसाइलों ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन लॉन्च साइट्स, नौसैनिक ठिकानों, गुप्त हथियार भंडारों, संचार नेटवर्क और तटीय निगरानी केंद्रों को पूरी तरह नेस्तनाबूद कर दिया। ईरान के सरकारी चैनल प्रेस टीवी ने भी इस हमले की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी हमलों के बाद दक्षिणी ईरान के रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण शहरों जास्क, बंदर अब्बास और सीरिक में तीन भीषण विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं, जिससे तटीय इलाकों में रहने वाले नागरिकों के बीच भारी दहशत फैल गई। इस भीषण अमेरिकी सैन्य कार्रवाई पर ईरान के विदेश मंत्रालय ने बेहद तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

# थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के पब में भीषण आग, 27 की मौत, 63 झुलसे; याद आया 2009 का सांतिका नाइटक्लब का हादसा

एजेंसी



**बैंकॉक।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक के उत्तरी हिस्से में स्थित एक एंटरटेनमेंट वेन्यू में सोमवार तड़के भीषण आग लगने से भारी तबाही हुई है। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 63 अन्य लोग झुलस गए हैं। बैंकॉक के गवर्नर और स्थानीय प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक, घायलों में से 22 लोगों की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के अनुसार, आग आधी रात के करीब लगी और देखते ही देखते इसने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। पब के भीतर मौजूद लोगों में अचानक आग भड़कने से चीख-पुकार मच गई और जान बचाने के लिए भाग रहे लोगों के कारण मौके पर भारी अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया।

**जान बचाने के लिए टॉयलेट में छिपना पड़ा भारी, वाशरूम से हुए बरामद शव**

स्थानीय मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह भयानक हादसा चतुचक जिले में स्थित 'रोंग बीर ना लाट फ्राओ' नाम के पब में हुआ। आग इतनी तेजी से फैली कि पब के भीतर मौजूद लोगों को बाहर निकलने का रास्ता तक नहीं मिल सका। रिपोर्ट के मुताबिक, आग की लपटों और भयंकर धुएं से बचने के लिए कई लोग पब के टॉयलेट्स के अंदर जाकर छिप गए। लेकिन सुरक्षा की तलाश में उठाया गया यही कदम उनकी मौत का सबसे बड़ा कारण बन गया। दमकल कर्मियों को पब के अंदरूनी हिस्से में छानबीन के दौरान सबसे ज्यादा शव टॉयलेट के अंदर से ही मिले, जहां दम घुटने और झुलसने के कारण इन लोगों की तड़प-तड़प कर मौत हो गई थी।

**सोशल मीडिया पर सामने आया रोंगटे खड़े करने वाला वीडियो, प्रधानमंत्री ने की मौतों की पुष्टि**

इस दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही फायर डिपार्टमेंट की कई टीमें मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने पानी की बौछार कर करीब 30 मिनट की भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद सोशल मीडिया पर कई वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें पब के मुख्य एंट्री गेट पर भयानक लपटें उठती दिख रही हैं और अंदर मौजूद लोग बदहवास होकर बाहर भागने की कोशिश कर रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चर्नविराकुल ने मृतकों की संख्या की पुष्टि करते हुए दुख जताया है। उन्होंने कहा कि अब तक 27 लोगों की जान जा चुकी है और सभी घायलों को तत्काल हर संभव चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।

**फॉरेंसिक टीम कर रही है मामले की जांच, थाईलैंड में फायर सेफ्टी को लेकर पहले भी हो चुके हैं बड़े हादसे**

हादसे के बाद सामने आई तस्वीरों में पब का अंदरूनी हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक दिखाई दे रहा है। चारों तरफ जली हुई मेज-कुर्सियां और राख की मोटी परत जमी हुई है, जिसके बीच राहत एवं बचाव दल देर तक तलाशी अभियान चलाते रहे। फिलहाल पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स की टीमें आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाने में जुटी हैं। अधिकारी इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि क्या पब में अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं। इस हादसे ने थाईलैंड में एंटरटेनमेंट साइट्स की फायर सेफ्टी पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे पहले साल 2022 में भी पूर्वी थाईलैंड के एक म्यूजिक पब में आग लगने से 14 लोगों की मौत हुई थी। वहीं, साल 2009 में बैंकॉक के सांतिका नाइटक्लब में नए साल के जश्न के दौरान इनडोर फायरवर्क्स से लगी आग में 60 लोगों की जान गई थी और 200 से अधिक लोग घायल हुए थे।

## संक्षिप्त खबर

### देश की शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार व्याप्त है, यह बेईमान वसूली तंत्र में तब्दील हो गयी है : राहुल गांधी



**नयी दिल्ली।** देश की शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार व्याप्त है. यह वसूली तंत्र में तब्दील हो गयी है. पक्षपाती हो गयी है. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी यह कहते हुए मोदी सरकार पर हमलावर हुए. राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है. इसलिए छात्रों को अब संगठित होकर लड़ना होगा, ताकि छात्रों का गूंज अभियान शिक्षा व्यवस्था में बदलाव के लिए क्रांति का माध्यम बने. राहुल गांधी ने आज सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पोस्ट कर कहा, 'भ्रष्ट, अन्यायी, पक्षपाती और बेईमान जैसे शब्द उनके नहीं, बल्कि देश के छात्रों के हैं, जो आज की शिक्षा व्यवस्था का वर्णन कर रहे हैं. आरोप लगाया कि बच्चों का भविष्य संवारने के लिए बनाई गयी शिक्षा व्यवस्था अब बेईमान वसूली तंत्र में बदल चुकी है. यह छात्रों और उनके परिवारों को कर्ज, तनाव और निराशा की ओर धकेल रही है. उन्होंने केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वे इस स्थिति से अवगत होने के बावजूद जवाबदेही तय करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं. राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि इस मुद्दे पर मीडिया में भी सन्नाटा है.

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, नाम की स्पेलिंग में गलती से किसी को विदेशी घोषित नहीं कर सकते, 27 लोगों को राहत



**नयी दिल्ली।** किसी शख्स के नाम की स्पेलिंग में मामूली गलती या सरकारी रिकॉर्ड में टाइपिंग की त्रुटि की वजह से किसी को विदेशी घोषित नहीं किया जा सकता. सुप्रीम कोर्ट ने आज सोमवार को यह टिप्पणी की. नागरिकता के मुद्दे को संवेदनशील मुद्दा करार देते हुए कहा कि इसका फैसला महज तकनीकी खामियों के आधार पर नहीं किया जा सकता. जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की दो सदस्यीय बेंच कहा कि किसी व्यक्ति को विदेशी घोषित करने की पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायसंगत होनी चाहिए. बता दें कि बेंच असम राज्य के 27 लोगों से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही थी. इन लोगों को अलग-अलग फॉरेनर्स ट्रिब्यूनलों ने विदेशी घोषित कर दिया था. सुप्रीम कोर्ट ने गुवाहाटी हाईकोर्ट और ट्रिब्यूनलों के आदेशों पर फिलहाल रोक लगा दी. साथ ही निर्देश दिया कि अगली सुनवाई तक इन 27 लोगों के खिलाफ कोई भी जबरिया कार्रवाई नहीं की जा सकती.हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने माना कि सरकार का दायित्व है कि जो लोग कानूनन भारतीय नागरिक नहीं हैं, वे गलत तरीके या फर्जी दस्तावेजों के सहारे नागरिकता हासिल न कर पायें. सुप्रीम कोर्ट ने चेताया कि इस मकसद की आड़ में किसी के साथ अन्याय नहीं किया जाना चाहिए .दरअसल याचिकाकर्ता साबित्री डे, अजबहार अली, मोहम्मद अकबर अली, आबेदा खातून और अनोवारा खातून समेत कई लोगों ने दावा किया है कि उन लोगों को मतदाता सूची सहित अन्य सरकारी रिकॉर्ड में नाम की स्पेलिंग में मामूली अंतर, टाइपिंग की गलती या दस्तावेजों में अन्य मामूली गलतियों क आधार पर विदेशी करार दे दिया गया. हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह बात भी स्पष्ट कर दी कि उसने अभी यह तय नहीं किया है कि याचिकाकर्ता भारतीय नागरिक हैं या नहीं. सिर्फ इस बात पर जोर दिया कि फॉरेनर्स ट्रिब्यूनल इनके सभी दस्तावेजों और सबूतों का निष्पक्ष तरीके से दोबारा परीक्षण करें. उसके बाद ही किसी फैसले पर आयें. मामले की तह में जायें तो इन याचिकाकताओं ने अपनी नागरिकता साबित करने के लिए 1971 से पहले के रिकॉर्ड, पुरानी वोटर लिस्ट, जमीन के कागज सहित पारिवारिक वंशावली से जुड़े प्रमाण प्रस्तुत किये थे,लेकिन फिर भी ये सभी विदेशी घोषित कर दिये गये.

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला : सुप्रीम कोर्ट का केंद्र, यूपी सरकार मंदिर ट्रस्ट को नोटिस, एसआईटी से जांच रिपोर्ट मांगी

**नयी दिल्ली।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में बड़ी खबर आयी है. खबर यह है कि विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करने के क्रम में आज सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और यूपी सरकार को नोटिस भेज कर जवाब तलब किया है. इतना ही नहीं सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की बेंच ने राम मंदिर ट्रस्ट को नोटिस भेजा है. साथ ही रक्ळ से जांच रिपोर्ट मांगी है. सीसीटीवी फुटेज को संरक्षित रखने के लिए भी कहा है. इस मामले की अगली सुनवाई अब अगले सोमवार, 20 जुलाई को होगी. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने आज जनहित याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई की. इन याचिकाओं में अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को मिले दान और चढ़ावे के मैनेजमेंट में कथित वित्तीय गड़बड़ियों की कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की गुहार लगाई गयी है. इन याचिकाओं में वकील नरेंद्र कुमार गोस्वामी, अजय कुमार राय और अन्य की याचिका शामिल हैं राजद सांसद सुधाकर सिंह की एक अलग याचिका भी इसमें शामिल है. याचिकाओं में कहा गया है कि सार्वजनिक मंदिर में किसी देवता को चढ़ाया गया चढ़ावा पवित्र न्यास संपत्ति है. यह एक कानूनी इकाई के रूप में देवता में निहित होती है. ऐसे चढ़ावे का प्रबंधन करने वाले व्यक्ति पारदर्शिता, जवाबदेही और संरक्षण के कर्तव्यों से बंधे न्यासी होते हैं. द करें कि इससे पूर्व जस्टिस एमएम सुंदरेश और शील नागू की बेंच ने गोस्वामी की याचिका पर तुरंत सुनवाई करने से इंकार कर दिया था.

### उमर अब्दुल्ला का बीजेपी पर तंज, कहा- कानूनी नोटिस नहीं, मिला है प्रेम पत्र

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर बीजेपी ने सोमवार को सीएम अब्दुल्ला को एक कानूनी नोटिस भेजा। यह नोटिस मुख्यमंत्री के उस दावे के बाद भेजा गया, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि बीजेपी ने उनकी सरकार गिराने के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों को नकद और मंत्री पद का लालच देकर खरीदने की कोशिश की थी. सीएम अब्दुल्ला ने बीजेपी के इस नोटिस पर बातचीत करते हुए पत्रकारों से कहा, मुझे एक वकील से पत्र मिला है, जो एक इलेक्ट्रॉनिक प्रति है. मैं इसे बहुत सम्मान की बात मानता हूं, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में मैं अकेला ऐसा राजनेता हूं, जिसे बीजेपी ने इस तरह का प्रेम पत्र भेजा है. मैं इसे सम्मान के प्रतीक के रूप में देखता हूं. जाहिर है मैं जम्मू-कश्मीर में एक ऐसी राजनीतिक ताकत हूं, जिसे वे नजरअंदाज नहीं कर सकते. अब्दुल्ला ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में जम्मू-कश्मीर के कई बीजेपी नेताओं ने नेशनल कॉन्फ्रेंस और उसके नेतृत्व पर अपमानजनक और मानहानिकारक आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा, ह्यह्यविशेष रूप से, एक नेता ने बार-बार हमारे खिलाफ बेबुनियाद और मानहानिकारक आरोप लगाए हैं, लेकिन हम उनका राजनीतिक रूप से मुकाबला करते रहे हैं.

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर पीयूष गोयल का बड़ा बयान : अटकलों को बताया 'आधारहीन', कहा- बातचीत जारी

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को उन मीडिया रिपोर्ट्स को पूरी तरह खारिज कर दिया, जिनमें भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में गतिरोध होने का दावा किया गया था। पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म '' पर एक अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी की रिपोर्ट को 'पूरी तरह झूठी, आधारहीन और भ्रामक' करार दिया है।

**क्या है सरकार का पक्ष?**

पीयूष गोयल ने स्पष्ट किया कि दोनों देश एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने बताया कि जून महीने में दिल्ली आए अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर के साथ उनकी 'शानदार बैठकें' हुई थीं। गोयल ने कहा कि दोनों पक्ष एक ऐसे समझौते के लिए काम कर रहे हैं, जो व्यवसायों, किसानों, श्रमिकों और उपभोक्ताओं के लिए ठोस लाभ लेकर आए। मंत्री ने पुष्टि की कि दोनों देशों की टीमें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार जुटी हुई हैं।

**वाणिज्य सचिव ने दी विस्तृत जानकारी**

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने भी इस विषय पर स्थिति स्पष्ट की है। जून 2026 के व्यापार डेटा पर मीडिया को ब्रीफिंग देते हुए उन्होंने कहा कि समझौते को अंतिम रूप देने में कोई बाधा नहीं है। उन्होंने जानकारी दी कि मई में भारतीय टीम ने अमेरिका का दौरा किया था और जून में अमेरिकी टीम दिल्ली आई थी। सचिव के अनुसार, बातचीत एक उचित ढांचे के भीतर चल रही है और सब कुछ सही दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**व्यावसायिक और कॉपोरेट ला 'डील का फ्रेमवर्क तैयार, सही समय का इंतजार'**

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने ट्रेड डील की वर्तमान स्थिति पर कहा कि समझौते का फ्रेमवर्क पूरी तरह तैयार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत इस डील पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है और बस सही समय की प्रतीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा, चीजें व्यवस्थित हो रही हैं और हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। वैश्विक व्यापारिक माहौल पर चर्चा करते हुए सचिव ने कहा कि अमेरिका की टैरिफ कार्रवाइयों ने कई साझेदारों के लिए अनिश्चितता पैदा की है, लेकिन भारत उन चचाओं का हिस्सा है।

# दुनियाभर में भारत का बढ़ रहा है दबदबा : पोलैंड ने की मोदी सरकार की खुलकर तारीफ, रक्षा से लेकर व्यापार तक बड़े सहयोग का ऐलान

एजेंसी



**पोलैंड।** भारत दौरे पर आए पोलैंड के विदेश मंत्रालय के सचिव व्लादिस्लाव तेओफिल बातोर्शेव्स्की ने भारत-पोलैंड भारत-पोलैंड संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बात कही है. एएनआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, उन्होंने बताया कि अक्टूबर में पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क भारत दौरे पर आएंगे. उनकी इस यात्रा की तैयारियों को लेकर दोनों देशों के बीच लगातार बातचीत चल रही है. उन्होंने कहा कि भारत और पोलैंड के बीच रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी सहयोग तेजी से बढ़ रहा है.

**रक्षा क्षेत्र में बढ़ेगी साझेदारी, 'मेक इन इंडिया' को मिला समर्थन**

विदेश मंत्रालय के सचिव बातोर्शेव्स्की ने कहा कि भारत और पोलैंड रक्षा क्षेत्र में मजबूत साझेदारी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि पोलैंड पहले ही भारत में ड्रोन का उत्पादन शुरू कर चुका है और अब दोनों देशों के बीच संयुक्त रक्षा उत्पादन, तकनीक साझा करने और सैन्य उपकरणों की आपूर्ति पर चर्चा हो रही है. उन्होंने कहा कि पोलैंड 'मेक इन इंडिया' की सोच को समझता है और भारतीय कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित करने के लिए तैयार है.

**भारत-ईयू-एफटीए से व्यापार को मिलेगा बड़ा फायदा**

पोलैंड के विदेश मंत्रालय के सचिव बातोर्शेव्स्की ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के व्यापार को नई गति मिलेगी. उन्होंने बताया कि फिलहाल भारत और पोलैंड के बीच लगभग 6 अरब यूरो का व्यापार है, लेकिन इसकी संभावनाएं इससे कहीं अधिक हैं. पोलैंड को उम्मीद है कि सभी 27 यूरोपीय देशों से इस समझौते को मंजूरी मिल जाएगी.

**पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत की तरक्की की जमकर तारीफ**

पोलैंड के सचिव बातोर्शेव्स्की ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने जिस तरह विकास किया है, वह बेहद प्रभावशाली है. उन्होंने कहा कि भारत का 2047 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य महत्वाकांक्षी जरूर है, लेकिन देश सही दिशा में आगे बढ़ रहा है. उन्होंने भारत के खाद्यान्न उत्पादन, नई तकनीक और आर्थिक प्रगति की भी सराहना की.

# ट्रेनों के एसी कोच से 1.27 करोड़ बेडशीट, कंबल, तकिये के कवर चोरी, इलजाम यात्रियों पर, रांची भी बदनाम

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारतीय रेलवे में सफर करने वाले एसी कोच के यात्रियों को लेकर एक अहम खबर सामने आयी है. यह खबर अच्छी नहीं है. बता दें कि एसी-3, एसी-2 और एसी-1 कोच में हर दिन लाखों की संख्या में यात्री सफर करते हैं. देशभर के विभिन्न जोन में हर रात लगभग 8 लाख पैसेंजर्स को बेडरोल मुहैया कराये जाते हैं. इस संबंध में शर्मनाक रिपोर्ट सामने आयी है. रिपोर्ट के अनुसार 2022 से मई 2026 तक अउ कोचेज से 1.27 करोड़ बेडशीट, तकिये के कवर, कंबल और तौलिये गायब हो गये. यानी चोरी कर लिये गये. रिपोर्ट के अनुसार बेडशीट चोरी के मामले में बीकानेर, तौलिया चोरी के मामले में दिल्ली. तकिये के कवर चुराने के मामले में सोनपुर और कंबल चोरी मामले में जोधपुर क्षेत्र सबसे आगे है. इस चोरी के कारण रेलवे को बेडरोल मुहैया कराने वाले ठेकेदार को 100 करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान झेलना पड़ा है. जानकारी के अनुसार ठेकेदार इस नुकसान की भरपाई खुद नहीं करता. वह अपने कर्मचारियों के वेतन से पैसे काट लेता है. इतने बड़े पैमाने पर बेडरोल गायब होने की घटनाओं से रेलवे के अधिकारी सकते में हैं.

सूत्रों के अनुसार भारतीय रेलवे अब एसी कोच के चोरों के खिलाफ सख्ती बरतेगा. पकड़े जाने पर यात्रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाने की योजना बनाई जा रही है. इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार अउ बोगी से सफर करने वाले हर 1000 यात्रियों में से एक यात्री चोरी की घटना में लिप्त रहता है. जान लें कि रेलवे के 18 जोन के सभी 69 डिवीजनों से बेडरोल चोरी के बारे में सूचना का अधिकार कानून के तहत जानकारी मांगी गयी थी. 16 रेलवे जोन के 54 मंडलों ने जवाब दिये. यह जानकारी सामने आयी कि जनवरी 2022 से मई 2026 के बीच कम से कम 1.27 करोड़ बेडरोल के सामान गायब हो गये. 2022 से 2025 तक ऐसी घटनाओं में 56 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है. कोरोना संक्रमण काल के बाद जनवरी 2022 से बेडरोल देने की प्रक्रिया फिर से शुरू हुई थी. सूचना केअधिकार के तहत जो आंकड़े सामने आये. उसके अनुसार 2022 से मई 2026 अवधि में बेडरोल की चोरी के कारण ठेकेदारों को लगभग 104.51 करोड़ रुपये का चूना लगा. बेडरोल चोरी के सर्वाधिक मामले देश के सात रेलवे जोनों के 10 रेल मंडलों में सामने आये हैं.

### नोएडा डीएम ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी, ई-मेल मिलते ही मचा हड़कंप, मौके पर पहुंचा बम निरोधक दस्ता

**नयी दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा डीएम ऑफिस को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली; पुलिस ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया ग्रेटर नोएडा में डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के ऑफि स को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली, जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने तुरंत सुरक्षा के इंतजाम किए। धमकी की जानकारी मिलते ही सूरजपुर पुलिस हरकत में आ गई और अधिकारियों व आने-जाने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उट ऑफि स परिसर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। अलर्ट मिलने के बाद, कई सुरक्षा एजेंसियों - जिनमें बम डिस्पोजल स्क्वाड, डॉग स्क्वाड, फायर ब्रिगेड और एंटी-सबोटेज टीम शामिल थीं - ने डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के ऑफि स की गहन तलाशी ली। पुलिस के अनुसार, सुरक्षा के तय नियमों के तहत पूरे परिसर की अच्छी तरह से जाँच-पड़ताल की गई। अधिकारियों ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान अब तक कोई संदिग्ध या आपत्तिजनक चीज नहीं मिली है। पुलिस पूरी तरह सतर्क है और एहतियात के तौर पर हालात पर नजर बनाए हुए है। अधिकारियों ने धमकी भरे ईमेल की तकनीकी जांच शुरू कर दी है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह ईमेल कहाँ से आया और इसके पीछे कौन है। साइबर टीम ईमेल और दूसरे डिजिटल सबूतों की जांच कर रही है ताकि यह तय किया जा सके कि धमकी असली थी या सिर्फ.दहशत फैलाने के लिए दी गई थी।

# कोलकाता एयरपोर्ट मस्जिद में प्रवेश पर रोक का शुभेंदु अधिकारी ने किया समर्थन, बोले- राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि

एजेंसी



**कोलकाता।** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएससीबीआईए) परिसर में स्थित ऐतिहासिक मस्जिद में सामूहिक नमाज के लिए प्रवेश पास रोकने पर छिड़े राजनीतिक विवाद पर पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का बयान आया है. मुख्यमंत्री ने पूर्व मेदिनीपुर जिले के तमलूक में आयोजित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विशेष संगठनात्मक बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि जिस स्थान का भू-राजनीतिक और सुरक्षात्मक महत्व बहुत अधिक हो, वहां बाहरी लोगों को सीधे प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा सकती. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने एयरपोर्ट का पक्ष लेते हुए कहा- राष्ट्रीय सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा को हर चीज पर प्राथमिकता दी जायेगी. हवाई अड्डे की भौगोलिक स्थिति बेहद संवेदनशील है, क्योंकि चीन और बांग्लादेश दोनों इसके काफी करीब हैं. ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से हवाई अड्डे के गेट बाहरी लोगों के लिए खुले नहीं छोड़े जा सकते. मुख्यमंत्री ने कहा- हमारी सरकार ने कभी किसी को धार्मिक स्वतंत्रता से नहीं रोका है. पशु वध नियमों का पालन करते हुए बकरीद मनायी गयी और बिना हथियारों के मुहर्रम का जुलूस निकला. जब लोग कानून का पालन करते हुए व्यक्तिगत रूप से अपने धर्म का आचरण करते हैं, तो सब कुछ शांतिपूर्ण ढंग से चलता है. एयरपोर्ट के अधिकारियों के अनुसार, हवाई अड्डा परिसर के भीतर रन-वे के पास करीब 136 वर्ष पुरानी गौरीपुर जामा मस्जिद (जिसे बांकड़ा मस्जिद भी कहा जाता है) में जीर्णोद्धार और नवीनीकरण कार्य के कारण शनिवार से 3 दिनों के लिए नमाज पर अस्थायी रोक लगायी गयी है. एयरपोर्ट क्षेत्र के स्थानीय (दमदम उत्तर) भाजपा विधायक सौरभ सिकदर ने सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है.



# हनुमान अंश के टीजर में नीम करोली बाबा की कहानी

**नई दिल्ली।** श्री नीम करोली बाबा की कहानी पर आधारित फिल्म 'हनुमान अंश' 31 जुलाई को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। इस फिल्म का मकसद आस्था, विनम्रता और सेवा की भावना के सफर को पर्दे पर उतारना है। विशाल चतुर्वेदी की लिखित और निर्देशित इस फिल्म में शोभिना डब्ल्यू. सत्या, विहान एस. हेगड़े, चंदन आनंद, पूर्णिमा तिवारी, अनिल के. रस्तोगी और गुलशन पांडे लीड रोल्स में हैं। इसे रागिनी एस., नम्रता जी. सिंह, अनुप्रिया ए. नागर और विशाल चतुर्वेदी ने प्रोड्यूस किया है। रिलीज से पहले, मेकर्स ने फिल्म का टीजर भी जारी कर दिया है। फिल्म 'हनुमान अंश' आस्था, विनम्रता और असीम प्रेम की यात्रा पर आधारित है। इस फिल्म का मकसद उस संत की कहानी को सामने लाना है।



लाइफ Style

# दिशा

## ऑस्कर विजेता निर्देशक की फिल्म का बनीं हिस्सा

प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण और तब्बू जैसी अदाकाराओं के बाद अब दिशा पाटनी ने भी हॉलीवुड में कदम बढ़ा दिए हैं। वे ऑस्कर विजेता निर्देशक केविन स्पेसी की सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म 'हॉलीगार्ड्स सागा- द पोर्टल ऑफ फोर्स' में नजर आएंगी।

इस फिल्म के जरिए वे इंटरनेशनल स्तर पर अपनी पहचान बनाने को तैयार हैं। हाल ही में दिशा ने स्पेसी के साथ शूटिंग के अनुभव साझा किए। फिल्म 'हॉलीगार्ड्स सागा' में दिशा के साथ डॉल्फ लुंडग्रेन, टायरेस गिब्सन, ब्रायना हिल्डेब्रांड और एरिक रॉबर्ट्स जैसे बड़े ग्लोबल स्टार्स अहम भूमिकाओं में हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में दिशा ने हॉलीवुड में सफल होने के लिए जरूरी चीजों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक्टर्स सिर्फ भारत में बैठकर इंटरनेशनल ऑडिशन, टैलेंट रिप्रेजेंटेशन और वीजा से जुड़ी मुश्किल प्रक्रियाओं को समझे बिना ग्लोबल रोल पाने की उम्मीद नहीं कर सकते। दिशा पाटनी ने कहा, 'वे (केविन स्पेसी) कमाल के हैं। एक एक्टर होने के नाते, वे अपने एक्टर्स को समझते हैं। एक्सपेरिमेंट करने के लिए काफी आजादी देते हैं। वे हमसे कहते थे कि हम अपने अनुभवों का इस्तेमाल करें। वह हमें ऐसे सवाल सोचने के लिए प्रोत्साहित करते थे, जैसे- 'आप ऐसी स्थिति में कैसा रिएक्ट करेंगे?' 'क्या आप रोएंगे?' 'आप कैसा महसूस करेंगे?' 'आप अपनी भावनाएं कैसे जाहिर करेंगे?' हर सुबह, वे हमारे साथ बैठते थे और हमें सीन समझाते थे। मुझे यह बात बहुत खास लगी।

हॉलीवुड मसाला



## द ओडिसी के प्रीमियर से पहले लिया ब्रेक

**मुंबई।** हॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेता टॉम हॉलैंड की फिल्म 'द ओडिसी' जल्द ही भारत में रिलीज होने वाली है। इसके प्रीमियर के लिए अभिनेता टॉम हॉलैंड, मैट डेमन और निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन भारत आए हैं। ये सभी लोग फिल्म के प्रीमियर के लिए जा रहे थे। इससे पहले एक होटल में चाय के लिए रुके। सोशल मीडिया पर उनका यह वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि टॉम हॉलैंड, मैट डेमन और क्रिस्टोफर नोलन अपनी गाड़ी से उतरे और एक कॉफी हाउस में पहुंचे। होटल के कर्मचारियों ने उन्हें चाय परोसी और इसके साथ बन भी दिया।



## फिर साथ रहने लगे विल और पत्नी जेडा?

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ और पत्नी जेडा पिंकेट की शादी को लगभग 29 साल हो चुके हैं। 57 वर्षीय विल स्मिथ और 54 वर्षीय जेडा की शादी 1997 में हुई थी। 2023 में जेडा स्मिथ ने खुलासा किया कि वह और विल स्मिथ 2016 से अलग रह रहे थे। हालांकि उन्होंने कभी तलाक के लिए अर्जी नहीं दी। विल स्मिथ और उनकी पत्नी जेडा पिंकेट पिछले दो साल से फिर से एक ही घर में रह रहे हैं। जबकि पहले वे अलग-अलग घरों में रहते थे। एक सूत्र ने पीपल्स मैगजीन को बताया कि जेडा पिंकेट और विल स्मिथ साथ रहकर खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं। वह खुश हैं, एक-दूसरे से प्यार करते हैं।'बीते दिनों भी इस कपल को पेरिस फैशन वीक के दौरान साथ देखा गया। वह अपने बेटे जेडन स्मिथ को सपोर्ट करने पहुंचे थे।



## बेटी को ट्रोल करने वालों पर आगबबूला


**मुंबई।** अभिनेत्री और पॉलिटिशियन खुशबू सुंदर ने अपनी बेटियों, अवंतिका और आनंदिता का बचाव करते हुए ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। हाल ही में, बेटी की शादी के बाद लुक को लेकर खुशबू की बेटी को ऑनलाइन ट्रोल किया गया था। खुशबू सुंदर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करके इसकी आलोचना की है और साफ कहा है कि परिवार पर निशाना साधने पर वे चुप नहीं रहेंगी। खुशबू सुंदर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी चुप्पी को कभी भी सहमति नहीं समझा जाना चाहिए। ट्रोल करने वालों को जवाब देते हुए उन्होंने अपने परिवार के सफर का जिक्र किया और कहा कि यह वर्षों की कड़ी मेहनत, त्याग और लगन से बना है।



## आंख पर बैठी मक्खी भी नहीं हटाई...

**नई दिल्ली।** सनी देओल और अक्षय खन्ना अभिनीत फिल्म 'इक्का' में तिलोत्तमा शोम ने पहली बार वकील की भूमिका निभाई है। एक बातचीत में उन्होंने शूटिंग के दौरान का एक ऐसा किस्सा साझा किया। तिलोत्तमा कहती हैं, 'यह घटना शायद मैं कभी नहीं भूल पाऊंगी। हम एक सीन की शूटिंग कर रहे थे। पहले सनी सर का हिस्सा शूट हुआ। फिर कैमरा मेरी तरफ आ गया। सनी सर बिल्कुल मेरे सामने खड़े थे और मैं अपना लंबा संवाद बोल रही थी। इसी दौरान कई मक्खियां उनके चेहरे के आसपास मंडराने लगीं। फिर एक मक्खी उनकी आंख के बिल्कुल किनारे जाकर बैठ गई। मैं मन ही मन सोच रही थी कि अब तो शूटिंग जरूर रोक दी जाएगी, क्योंकि ऐसी स्थिति किसी के लिए भी असहज हो सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

टीवी मसाला



## जोक्स जिन्हें सुनाने के बाद स्टेज के पीछे जाकर रोते हैं कॉमेडियन

**नई दिल्ली।** लंबे वक्त से कॉमेडी किंग कपिल शर्मा के शो से जुड़े आर्टिस्ट राजीव ठाकुर का शुरुआती दौर काफी मुश्किल रहा है। राजीव खुद एक इंटरव्यू में यह बता चुके हैं कि उनका बचपन बहुत गरीबी में बीता था और उन दिनों ने उनके जीवन पर बहुत प्रभाव डाला। राजीव ने बताया कि वह कई बार अपने उन दिनों के अनुभवों को अपने जोक्स में डालने की कोशिश करते हैं, लेकिन फिर वह खुद ही भावुक हो जाते हैं।

## किशोर कुमार ने मांगी थी मोटी फीस तो बेटे से गंवाया 'पर्दा है पर्दा' गाना...

**नई दिल्ली।** 1977 में मनमोहन देसाई की चार बड़ी फिल्में रिलीज हुई थीं। उनमें से एक थी 'अमर अकबर एंथनी'। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, विनोद खन्ना और ऋषि कपूर लीड रोल में थे। फिल्म की कहानी तीन ऐसे भाइयों की होती है जिन्हें उनका पिता एक पार्क में छोड़ आता है। बाद में तीनों भाइयों का अलग धर्मों में पालन पोषण होता है। इस फिल्म की कहानी को ऑडियंस ने खूब पसंद किया था। लेकिन, इसके गानों की अपनी एक अलग जगह रही। इस फिल्म ने उस साल के सबसे बेहतरीन गाने दिए। भक्ति गीत हो या कव्वाली, इस फिल्म का अहम हिस्सा रहे।

### अमर अकबर एंथनी का म्यूजिक

फिल्म अमर अकबर एंथनी का म्यूजिक उस समय की सबसे हिट जोड़ी लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी ने तैयार किया था। फिल्म में कुल कुल 7 गाने थे। शिरड़ी वाले साई बाबा, तैय्यब अली प्यार के दुश्मन हाय हाय, टाइटल सॉन्ग अमर अकबर एंथनी, हमको तुमसे हो गया है प्यार क्या करें जैसे गाने शामिल थे। लेकिन, जिस गाने को सबसे ज्यादा पॉपुलैरिटी मिली वो था ऋषि कपूर पर फिल्माया 'पर्दा है पर्दा' था। फिल्म के इस कव्वाली गाने को मोहम्मद रफी ने अपनी आवाज से सजाया था और इसके गीत लिखे थे आनंद बक्शी ने। ये गाना उस साल का नंबर



2 पर था जिसे दुनियाभर में खूब सुना गया। गाने में ऋषि कपूर की एक्टिंग और एक्सप्रेशन आज भी हिट है। लेकिन, कम ही लोग जानते हैं कि इस गाने की एक लाइन गाने के लिए पहले किशोर कुमार से बात की गई थी। लेकिन, वो सिर्फ एक लाइन के लिए इस गाने का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे।

### आज भी पसंद किया जाता है यह गाना

किशोर कुमार ने फिल्म के गाने 'पर्दा है पर्दा'में एक लाइन गाने के लिए मोटी फीस की मांग कर दी। ऐसे में म्यूजिक डायरेक्टर की जोड़ी निराश हो गई। बाद में ये लाइन किशोर कुमार के बेटे अमित कुमार ने कम पैसों में गाकर पूरी की। ये गाना आज भी उतना ही पसंद किया जाता था जितना करीब 39 साल पहले था।

### अमिताभ ने जीता था पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड


फिल्म अमर अकबर एंथनी की कहानी डायरेक्टर मनमोहन देसाई ने एक न्यूज पेपर में पढ़ी थी। खबर में था कि एक पिता तंगहाली से परेशान हो कर अपने बच्चों को पार में छोड़ गया। इस पर उनकी पत्नी और लेखक ने फिल्म की स्क्रिप्ट लिख डाली। फिल्म 1975 में लगी इमरजेंसी की वजह से करीब दो साल बाद 1977 में रिलीज हुई। उस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। इसी फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने अपना पहला बेस्ट एक्टर फिल्मफेयर अवॉर्ड जीता था।

## सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में दिखाया जाएगा रामायण का फर्स्ट लुक...

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' का फर्स्ट लुक सैन डिएगो कॉमिक कॉन में दिखाया जाएगा। 23 जुलाई को वहां फर्स्ट लुक रिवील होगा। सैन डिएगो कॉमिक-कॉन दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक पॉप-संस्कृति और कॉमिक बुक सम्मेलन है। इसकी शुरुआत 1970 से हुई थी। 23 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक इसका आयोजन होगा। पहले दिन ही यहां 'रामायण' की पहली झलक देखने को मिलेगी। फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा, डायरेक्टर नितेश तिवारी के अलावा मुख्य सितारे रणबीर कपूर और यश फर्स्ट लुक पेश करेंगे। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब कुछ दिन पहले ही ऐसी खबरें आई थीं कि मेकर्स 18 जुलाई को नई दिल्ली में फिल्म का जबर्दस्त ट्रेलर लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म 'रामायण' मेगा बजट फिल्म है, जिसे करीब 4000 करोड़ रुपये की



लागत के साथ बनाया जा रहा है। रणबीर कपूर इसमें भगवान राम की भूमिका अदा कर रहे हैं, वहीं साई पल्लवी को माता सीता के रोल में देखा जाएगा। यश रावण का किरदार निभाते दिखेंगे। वहीं, सनी देओल प्रभु हनुमान की भूमिका में होंगे। इस फिल्म में रकुल प्रीत सिंह, कुणाल कपूर, लारा दत्ता, अरुण गोविल और शीबा चड्ढा जैसे सितारे भी हैं। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दिवाली पर आएगा और दूसरा हिस्सा अगले साल दिवाली पर दस्तक देगा।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.